3 | बस्तर संभाग
जिले में शुरू हुआ कोरोना से बचाव व रोकथाम के लिए...

6 | अभिमत
बंगाल की राजनीति में ओवैसी

10 | संस्कारधानी
शुभारंभ : पद्मश्री को लगी पहली वैक्सीन

11 | छत्तीसगढ़
रामनाथ को लगा कोविशिल्ड का पहला डोज

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 17 जनवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 148 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### नटराजन, ठाकुर और सुंदर ने ऑस्ट्रेलिया को समेटा

**ब्रिस्बेन।** भारत के लिए पदार्पण टेस्ट खेल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन, ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर और दो साल के लंबे अंतराल के बाद अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने तीन-तीन विकेट निकालकर ऑस्ट्रेलिया को चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के वर्षा बाधित दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी में 369 रन पर समेट दिया। भारत ने इसके जवाब में स्टंप्स तक दो विकेट खोकर 62 रन बना लिए हैं और वह अभी ऑस्ट्रेलिया के स्कोर से 307 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी पारी को पांच विकेट पर 274 रन से आगे बढ़ाया और उसकी पहली पारी 369 रन पर समाप्त हुई।

### पेट्रोल, डीजल के दाम में दूसरे दिन घट बढ़ नहीं

**नयी दिल्ली।** सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में लगातार दूसरे दिन शनिवार को कोई घटबढ़ नहीं की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हालांकि आज कच्चे तेल की कीमतों में नरमी का रुख था। देश के चार बड़े महानगरों में बुधवार और गुरुवार के दौरान दोनों ईंधन में 50-50 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई। गुरुवार को डीजल 24 से 26 पैसे और पेट्रोल 22 से 25 पैसे प्रति लीटर तक मंहगा हुआ था। बुधवार को पांच दिन स्थिर रहने के बाद दोनों ईंधन के दाम बढ़े थे। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में पेट्रोल का दाम रिकार्ड भाव से मात्र दो पैसे कम 91.32 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है।

### एससीबीए की चुनाव समिति के सभी सदस्यों का इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) का चुनाव कराने वाली समिति के सभी तीन सदस्यों ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एसोसिएशन के सूत्रों ने यहां बताया कि एससीबीए 2020-21 के चुनाव के लिए अधिकृत चुनाव समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता और दो अन्य सदस्य- हरिन पी राव तथा नकुल दीवान- ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इस्तीफा देने वाले सदस्यों ने कहा है कि चुनाव के लिए पैनल के सदस्यों के नाते ड्यूटी निभाना संभव नहीं।

# पहला टीका स्वास्थ्यकर्मियों को लगाकर समाज अपना ऋण चुका रहा : मोदी


वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कोरोना टीकाकरण अभियान के पहले चरण में तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों को टीका लगाकर समाज उनके ऋण को चुका रहा है। श्री मोदी ने आज दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करते हुए कोरोना के खिलाफ जंग में स्वास्थ्यकर्मियों के त्याग और समर्पण भाव को याद करते हुए कहा कि राष्ट्र सिर्फ मिट्टी, पानी, कंकड़, पत्थर से नहीं बनता। राष्ट्र का अर्थ होता है- हमारे लोग। कोरोना के खिलाफ लड़ाई को पूरे देश ने इसी भावना के साथ लड़ा है। उन्होंने कहा कि आज जब हम बीते साल को देखते हैं, तो एक व्यक्ति के रूप में, एक परिवार के रूप में और एक देश के रूप में, हमने बहुत कुछ देखा है, जाना है, समझा है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि आज भारत जब अपना टीकाकरण



अभियान शुरू कर रहा है, तो मैं उन दिनों को भी याद कर रहा हूं, कोरोना संकट का वो दौर, जब हर कोई चाहता था कि कुछ करे लेकिन उसको उतने रास्ते नहीं सूझते थे। सामान्य तौर पर बीमार व्यक्ति की देखभाल के लिए पूरा परिवार जुट जाता है लेकिन इस बीमारी ने तो बीमार को ही अकेला कर दिया। कई जगहों पर बीमार बच्चों को मां से अलग कर दिया। मां रोती थी लेकिन चाहकर भी कुछ कर नहीं पाती थी। बच्चे को गोद में नहीं ले पाती थी। कई बुजुर्ग पिता अस्पताल में अकेले बीमारी से जूझ रहे थे। उनकी संतान चाहकर भी कुछ नहीं कर पाती थी। जब वो चले जाते थे, तो उन्हें परंपरा के मुताबिक वो विदाई भी नहीं मिल पाती थी, जिसके वो हकदार थे। श्री मोदी ने कहा कि जितना हम उस समय के बारे में सोचते हैं, मन सिहर जाता है, उदास हो जाता है, लेकिन संकट के उसी समय में, निराशा के उसी वातावरण में कोई आशा का भी संचार कर रहा था। हमें बचाने के लिए अपने प्राणों को संकट में डाल रहा था। हमारे डॉक्टर , नर्स, पैरामेडिकल कर्मचारी, एंबुलेंस ड्राइवर, आशाकर्मी, पुलिसकर्मी, सफाईकर्मचारी और अग्रिम मोर्च पर डटे दूसरे कर्मी, उन्होंने मानवता के प्रति अपने दायित्व को प्राथमिकता दी। इनमें से अधिकांश अपने बच्चों और परिवार से दूर रहे। कई-कई दिन तक घर नहीं गये। सैकड़ों साथी ऐसे भी हैं, जो कभी घर वापस नहीं लौट पाये। उन्होंने एक-एक जीवन को बचाने के लिए अपना जीवन आहूत कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कारण आज कोरोना का पहला टीका स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को लगाकर , एक तरह से समाज अपना ऋण चुका रहा है।

## 'मेड इन इंडिया' वैक्सीन आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की परिचायक : शाह



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वदेशी कोरोना वैक्सीन को अभूतपूर्व उपलब्धि करार देते हुए आज कहा कि 'मेड इन इंडिया' वैक्सीन आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की परिचायक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को देश भर में कोरोना टीकाकरण अभियान की शुरूआत किये जाने के बाद श्री शाह ने ट्विट कर कहा कि देश आज एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में भारत ने एक अहम पड़ाव पार किया है। विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान, भारत के वैज्ञानिकों की अपार क्षमता और हमारे नेतृत्व की शक्ति को दर्शाता है। कोरोना महामारी पर मानवता की जीत में भारत की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है।

## कोरोना टीकाकरण की शुरुआत देश के इतिहास का अहम दिन : नड्डा



भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण अभियान की शुरुआत को देश के इतिहास का अहम दिन बताया है। श्री नड्डा ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि आज का दिन देश के इतिहास का बेहद अहम दिन है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना महामारी से युद्ध के लिए दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन अभियान की शुरुआत की है। श्री मोदी देश का नेतृत्व करते हुए सब के लिए श्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना काल में उनके द्वारा किए गए श्रेष्ठ प्रयासों के लिए सलाम करते हैं। यही लोग सबसे बड़े कोरोना टीकाकरण अभियान के सच्चे नायक हैं।

## शराब से 24 लोगों की मौत, शिवराज ने बुलाई बैठक

- **18 जनवरी तक एसआईटी सौंप देगी जांच रिपोर्ट**

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

जहरीली शराब से मौतों की घटना पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 18 जनवरी को दोपहर 3 बजे बैठक बुलाई है। वहीं, मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) इसी दिन अपनी रिपोर्ट भी सरकार को सौंप देगी। घटना के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ए. सांई मनोहर, सदस्य उप पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला की टीम तीन दिनों से पूरी घटना की जांच कर कर रही है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि, मुरैना में जहरीली शराब पीने से 24 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि प्रदेश में पिछले 9 माह में यह आंकड़ा 46 है। लगातार जहरीली शराब से हो रही घटनाओं को सी.एम. ने गंभीरता से लिया है। संभावना है कि एसआईटी शनिवार




तक जांच पूरी कर मुरैना से भोपाल वापस आ जाएगी और अपनी रिपोर्ट सोमवार को मुख्य सचिव को सौंप देगी। यही वजह है कि मुख्यमंत्री ने सोमवार बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री कलेक्टरों व पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश दे सकते हैं। इस मामले पर अधिकारियों ने कहा, चिंता की बात यह है कि मुरैना में जिस जहरीली शराब से 24 लोगों की मौत हुई है, उसमें इस्तेमाल ओवर प्रूफ एल्कोहल डिस्टलरी और वॉटलिंग प्लांट से पहुंच रहा था। आबकारी विभाग की यह बड़ी चूक एसआईटी ने जांच के दौरान पकड़ी है।

## कोरोना के खिलाफ लड़ाई में साथ देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद : हर्षवर्धन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने कोरोना टीकाकरण अभियान के शुभारंभ के मौके पर शनिवार को उन सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया, जिन्होंने एकजुट होकर कोरोना के खिलाफ लड़ाई में देश का साथ दिया। डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि टीकाकरण अभियान के शुभारंभ पर मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने कोरोना से लड़ाई में देश का साथ दिया। डॉक्टर, वैज्ञानिक, स्वास्थ्यकर्मी, पुलिस कर्मचारी, सफाई कर्मी, फ्रंटलाइन वर्कर्स सबका बहुत धन्यवाद। मैं पत्रकारों को भी कोरोना वॉरियर्स मानता हूं। उन्होंने कहा कि पत्रकार पूरे कोरोना काल में लोगों को सही जानकारी मुहैया कराने के लिए अग्रिम मोर्चे पर डटे रहे। केंद्रीय मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे कोरोना वैक्सीन से जुड़ी अफवाहों पर ध्यान न दें। भारत ने पोलियो और चेचक के खिलाफ जंग जीती है और देश अब कोरोना के खिलाफ जंग जीतने के निर्णायक मोड़ पर है।

# जल संरक्षण के स्रोतों के रूप में विकसित होंगी बंद पड़ी खदानें

- **मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी कलेक्टरों से एक माह में कार्ययोजना बनाने को कहा**
- **मछली-पालन, बोटिंग, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट जैसी आजीविका मूलक गतिविधियां प्रारंभ की जाएं**
- **मनरेगा, डीएमएफ, सीएसआर, पर्यावरण एवं अधोसंरचना मद सहित विभागीय योजनाओं की ली जाए मदद**



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी जिला कलेक्टरों को अपने जिलों में बंद हो चुकी खदानों को जल-संरक्षण स्रोतों के रूप में विकसित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इन खदानों में विभिन्न रोजगारमूलक गतिविधियों के संचालन को भी कार्ययोजना में शामिल करने को कहा है। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा कलेक्टरों को जारी निर्देश में कहा गया है कि जिलों में स्थित समस्त उपेक्षित खनन स्थलों का चिन्हांकन कर उन्हें जल सरंक्षण स्त्रोत में परिवर्तित करने तथा आवश्यकतानुसार अन्य गतिविधियां आरम्भ करने की कार्ययोजना एक माह के अन्दर तैयार करें। इस कार्य में होने वाले व्यय की व्यवस्था नरेगा, डीएमएफ., सीएसआर, पर्यावरण एवं अधोसरंचना मद एवं अन्य विभागीय योजनाओं में उपलब्ध आबंटन से की जा सकती है। बघेल ने कहा है कि राज्य में दशकों से कोयला, लौह अयस्क, बाक्साइट, डोलोमाइट, लाईम स्टोन, मुरूम, गिट्टी इत्यादी के खनन से इन खनिजों के अनेक भंडार समाप्त होने के कारण उन खनन स्थलों को उपेक्षित हालत में छोड़ दिया गया है। ऐसे उपेक्षित खनन स्थलों में आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है, जिनसे जान-माल का नुकसान हो रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल ने सूरजपुर जिले की केनापारा कोयला खदान का उल्लेख करते हुए कहा है कि वर्ष 1991से एसईएसएल द्वारा कोयले का भंडार समाप्त होने के कारण यहां कोयले का खनन बंद कर दिया गया था। जिला प्रशासन द्वारा एसईएसएल के सहयोग से इस उपेक्षित खनन स्थल का आवश्यक जीर्णोद्धार कर इसे जल संरक्षण के उत्कृष्ट स्त्रोत में परिवर्तित कर दिया गया। यहां बोंटिग, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सुविधा उपलब्ध कराने तथा मत्स्य पालन जैसी गतिविधियां आरम्भ करने से आसपास के ग्रामीणों की आय वृद्धि के नये अवसर सृजित हुये हैं। बघेल ने सभी जिला कलेक्टरों से अपेक्षा व्यक्त की है कि 01 अप्रैल 2021 के पूर्व उनके जिलों में स्थित खनन स्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य आरम्भ किया जाये तथा वर्षा ऋतु के पूर्व कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जाये ताकि वर्षा ऋतु में उन स्थलों पर जल संग्रहण आरम्भ हो सके।

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का

## श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस

नया चिकित्सा महाविद्यालय शुभारंभ 2021

राजधानी रायपुर शहर के मध्य स्थित श्री बालाजी हास्पिटल मोवा रायपुर के समीप नया मेडिकल कॉलेज का

अतिशीघ्र शुभारंभ



डिपार्टमेंट

- एनाटॉमी
- फिजियोलॉजी
- बायोकमेस्ट्री
- फार्मेकोलॉजी
- जनरल मेडिसिन
- जनरल सर्जरी
- ऑर्थोपेडिक्स
- ई.एन.टी.
- ऑप्थल्मोलॉजी
- ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी
- एनेस्थिसियोलॉजी
- रेडियोडायग्नोसिस
- डेंटिस्ट्री
- इमरजेंसी मेडिसिन
- पैथोलॉजी
- माइक्रोबायोलॉजी
- फॉरेंसिक मेडिसिन
- कम्युनिटी मेडिसिन
- पीडियाट्रिक्स
- डर्मेटोलॉजी
- सायकाइट्री
- रेस्पिरेटरी मेडिसिन

सपर्क करें

श्री बालाजी हॉस्पिटल, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़
डॉ. शुभम अवस्थी +91 7000541861, हिमांशु साहू +91 9575021000
E-mail : hr.sbims@gmail.com

## प्राकृतिक न्याय का हो सकता है उल्लंघन

# बातचीत के लिए बनी कमेटी के मेंबर कृषि कानूनों के समर्थक, इन्हें हटाएं : किसान संगठन

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट से कृषि कानूनों पर बात करने के लिए बनाई कमेटी के मेंबर्स को बदलने की मांग की। संगठन का कहना है कि इस कमेटी के लिए ऐसे लोगों को चुना जाए, जो आपसी सामंजस्य के आधार पर काम कर सकते हैं। अभी कमेटी में शामिल किए सदस्य इन कानूनों का समर्थन करते रहे हैं। उनके कमेटी में रहने से प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन हो सकता है। एडवोकेट एपी सिंह के जरिए दाखिल किए गए जवाब में संगठन ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि बहुत खेद के साथ यह जिक्र करना जरूरी



है कि इन तीन लोगों को कमेटी का मेंबर बनाकर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन किया जा रहा है। ये सदस्य कैसे किसानों की बात सुनेंगे, जब वे पहले ही इन कानूनों का समर्थन कर चुके हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने बनाई थी कमेटी-** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हुई सुनवाई में चार सदस्यों वाली कमेटी बनाई थी। इसमें किसान नेता भूपिंदर सिंह मान, अनिल घनवट, एग्रीकल्चर इकोनॉमिस्ट अशोक गुलाटी और प्रमोद जोशी शामिल किए गए थे। भूपिंदर सिंह ने गुरुवार को अपना नाम वापस ले लिया था।

**दिल्ली पुलिस की याचिका खारिज करने की मांग-** संगठन ने कोर्ट से दिल्ली पुलिस की याचिका भी खारिज करने की मांग की। याचिका में 26 जनवरी को किसानों के ट्रैक्टर मार्च या प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की गई है। पुलिस की दलील है कि इसके जरिए किसान गणतंत्र दिवस के समारोह में रुकावट डाल सकते हैं।

### किसानों ने कहा था- लाल किले से रैली निकालेंगे

केंद्र की ओर से लाए गए तीनों नए कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए किसान पिछले 52 दिन से दिल्ली बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शुक्रवार को कहा था कि 26 जनवरी को हम अपनी रैली लाल किले से इंडिया गेट तक निकालेंगे। इसके बाद सभी किसान अमर जवान ज्योति पर इकट्ठा होंगे और वहां तिरंगा फरहाएंगे।

# देश व्यापी कोरोना टीकाकरण अभियान रायपुर के पांच केन्द्रों में शुभारंभ

## रायपुर मेडिकल कॉलेज में पहला टीका स्वास्थ्य कर्मी तुलसा तांडी को लगाया गया





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

देश व्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत आज यहां रायपुर में पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में टीकाकरण शुरू हो गया है। मेडिकल कॉलेज ऑपरेशन थिएटर में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी तुलसा तांडी को कोविशील्ड वैक्सीन की पहला टीका लगाया है। पंडरी जिला चिकित्सालय में हेमन्त दुबे को पहला टीका लगाया गया। इसी तरह एम्स रायपुर के डायरेक्टर डॉ. नितिन नागरकर को वहां पहला टीका लगाया गया। टीकाकरण अभियान शुरू होने से पहले दिल्ली से भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े और उन्होंने विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान जो भारत में भी शुरू किया गया है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कोविड टीकाकरण प्रारंभ होने पर हर प्रदेशवासियों सहित मेडिकल वर्कर्स को शुभकामनाएं दी है। आज शुरू हुए टीकाकरण में मेडिकल कॉलेज रायपुर में करीब एक सौ मेडिकल वर्कर्स को टीकाकरण लगाया जा रहा है। टीकाकरण अभियान के दौरान आज इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज रायपुर में कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन, एनयूएचएम की एमडी डॉ. प्रियंका शुक्ला, मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. विष्णु दत्ता, अधीक्षक डॉ. विनीत जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल, राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अमर सिंह ठाकुर, जिला में टीकाकरण की नोडल अधिकारी सुश्री शिम्मी नाहिद सहित अन्य जिला प्रशासन के अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी तथा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

गौरतलब है कि रायपुर जिले के पांच केन्द्रों में आज टीकाकरण का शुभारंभ किया गया है, जिसमें एम्स, पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल पंडरी, एनएचएमएमआई हॉस्पिटल एवं मिशन हॉस्पिटल तिल्दा शामिल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पदाधिकारी रायपुर डॉ. मीरा बघेल ने बताया कि उपरोक्त प्रत्येक टीकाकरण केन्द्रों में 100-100 हितग्राहियों को टीकाकृत किये जाने का लक्ष्य रखा गया है , जिनका नाम पूर्व से कोविन पोर्टल में दर्ज है। उक्त टीकाकरण कार्य के लिये प्रत्येक टीकाकरण केन्द्रों में दो-दो वैक्सीनेटर, दो-दो निगरानीकर्ता, दो-दो रिकार्ड जॉच कर्मी, सुरक्षा कर्मी, मोबलाईजर एवं प्रत्येक टीकाकरण केन्द्रों के लिये नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है। कोविड-19 वैक्सीन हितग्राही को लगने के बाद उनको 30 मिनट तक आब्जरवेशन (निगरानी) कक्ष में बैठाया जावेगा, इस दौरान किसी भी प्रकार की एडवर्स ईवेन्ट होने की स्थिति में तत्काल प्राथमिक ईलाज प्रारंभ करते हुये ऐसे मरीजों को जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में रिफर करने की व्यवस्था की गई है, इसके लिए 108 एम्बुलेन्स को एलर्ट पर रखा गया है। निगरानी कक्ष में चिकित्सक, आरएमए एवं प्रशिक्षित नर्सिंग स्टॉफ की ड्यूटी लगायी गई है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचकर हेल्थ वर्कर्स का हौसला बढ़ाया

- कोरोना वैक्सीन कोविड-19 से जंग के लिए प्रभावी हथियार है : स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंह देव



स्वास्थ्य मंत्री टी.एस सिंहदेव ने पंडित जवाहर लाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर पहुंचकर यहां चल रहे कोरोना वैक्सीनेशन अभियान का निरीक्षण किया और कोरोना वैक्सीन लगवा चुके हेल्थ वर्कर्स के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोरोना से जंग के लिए हथियार अब हमारे पास आ चुका है। अब हमें पूरी सावधानी से सभी नियमों का पालन करते हुए इस महामारी को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसे वैज्ञानिकों द्वारा प्रमाणित करके मेहनत से बनाया गया है। इसे लगवाने में किसी को संकोच नहीं करना चाहिए। वैक्सीन के कुछ साइड इफेक्ट होंगे भी, तो चिकित्सकों की निगरानी एवं सलाह से उसे भी दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के लिए वे भी अपनी बारी आने का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉ. ए.टी. दाबके से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। डॉ. दाबके ने भी स्वेच्छा से कोरोना वैक्सीन लगवाई थी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्रीमती रेणु जी पिल्ले, संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. प्रियंका शुक्ला, चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. विष्णु दत्त तथा राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अमर सिंह उपस्थित थे।

### प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. दाबके को भी लगाया गया कोरोना वैक्सीन

छत्तीसगढ़ रायपुर के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ एवं पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. ए.टी. दाबके ने यहां पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचकर स्वेच्छा से कोरोना का वैक्सीन लगवाया। वैक्सीन लगाने के बाद 78 वर्षीय डॉ. दाबके ने कहा कि उन्हें टीका लगाने के बाद कोई परेशानी नहीं हुई। उन्हें आधे घंटे निगरानी कक्ष में रखा गया। उन्होंने कहा कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और पूरे प्रोटोकॉल का पालन करके लगाया जा रहा है। यहां की वैक्सीनेशन टीम पूरी तरह अलर्ट है। आम जनता को इसे लगाने में कोई शंका, डर नहीं होना चाहिए, क्योंकि इसमें इनएक्टिव वायरस का उपयोग किया गया है। टीका लगावाने के बाद भी कोरोना एप्रोप्रीएट बिहेवीयर जैसे मास्क लगाना, सुरक्षित दूरी बनाए रखना और हाथों की सफाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहला डोज लगने के 28 दिन बाद दूसरा डोज लगाना भी उतना ही आवश्यक है। तभी वैक्सीन के सही परिणाम सामने आएंगे और संबंधित व्यक्ति में दूसरा डोज लगने के दो हफ्ते बाद इम्युनिटी विकसित होगी।



## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की बजट तैयारियों की समीक्षा की



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग की बजट तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया प्रभारी मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, वित्त विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी., सचिव महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण शहला निगार, समाज कल्याण विभाग के संचालक पी.दयानंद, संयुक्त सचिव वित्त शारदा वर्मा सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री बघेल 18 को असम दौरे पर जाएंगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 18 जनवरी से दो दिवसीय असम दौरे पर रहेंगे। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री बघेल 18 जनवरी को सुबह 10.30 बजे विशेष विमान से रायपुर से गुवाहाटी आसाम के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर 1 बजे गुवाहाटी एयरपोर्ट पहुचेंगे, जहां से सड़क मार्ग से होटल ताज जाएंगे। यहां से दोपहर 2.20 बजे वे सड़क मार्ग से कामाख्या मंदिर जाएंगे, जहां दर्शन उपरांत वे कार से ही 3.40 बजे पार्टी की आयोजित मेराथॅन बैठक में शामिल होने राजीव भवन जाएंगे। राजीव भवन में आयोजित बैठक में शामिल होने के पश्चात श्री बघेल वापस ताज होटल जाएंगे। रात्रि यहीं विश्राम करने के बाद श्री बघेल 19 जनवरी को पुनः राजीव भवन जाएंगे, जहां आयोजित बैठक में शामिल होंगे। बैठक उपरांत वे शाम 6 बजे विशेष विमान से रायपुर के लिए उड़ान भरेंगे।

## फैक्ट्री जा रहे मैनेजर को 7 बाइक सवारों ने घेरकर 20 लाख लूटा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर के उरला इलाके में दिनदहाड़े 20 लाख रुपए की लूट हो गई। अलग-अलग बाइक पर सवार 7 युवकों ने सरेराह घेरा और रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गए। घटना शनिवार की दोपहर उरला इलाके में हुई। युवक चीखता रह गया और सुनसान सड़क का फायदा उठाकर लुटेरे भागने में कामयाब रहे। लूट का शिकार हुए युवक ने अपने मालिक को सारी बात बताई और अब घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस की टीम जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया। उसे देखकर लगता है कि पूरी प्लानिंग के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया है। उरला स्थित मां कूलरगड़ी प्लांट के कैशियर को लुटेरों ने अपना शिकार बनाया है। कैशियर नित्यानंद छुरा अपने सिटी ऑफिस से शनिवार को 20 लाख रुपए कैश लेकर प्लांट जा रहा था। इस बीच बाइक सवार 7 बदमाशों ने उसे घेरकर रोका। सभी बदमाशों ने अपना चेहरा ढंक रखा था। सबने मिलकर नित्यानंद के पास से रुपयों से भरा बैग छीन लिया और भाग निकले। आसपास लगे कैमरों में कुछ बाइक सवार भागते हुए कैद हुए हैं। इस फुटेज की जांच पुलिस कर रही है। चर्चा है कि लुटेरों को पहले से कैशियर के मूवमेंट की जानकारी थी। घात लगाकर वो इसका इंतजार कर रहे होंगे और फिर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल प्रमुख रास्तों पर पुलिस ने चेकिंग बढ़ा दी है।

## कांग्रेस कॉरपोरेट लीग दुर्ग रेंज पुलिस और स्पर्श हॉस्पिटल फाइनल में

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के सुभाष स्टेडियम में छत्तीसगढ़ खेल कांग्रेस के तत्वाधान में चल रहे स्व. इंदरचंद धाड़ीवाल स्मृति कांग्रेस कॉरपोरेट लीग क्रिकेट प्रतियोगिता नौवें दिन 2 सेमीफइनल मुकाबले खेले गए, खेल कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बतलाया कि पहला मैच स्पर्श हॉस्पिटल दुर्ग और इंफि निटी क्लब रायपुर के मध्य खेला गया। स्पर्श हॉस्पिटल ने टॉस जीत कर गेंदबाजी का निर्णय लिया, पहले बल्लेबाजी करते हुए इनफिनिटी क्लब ने 10 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 68 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पर्श हॉस्पिटल ने 7 ओवरों में जीत हासिल कर ली जिसमें मोहन ने 8 छक्कों की मदद से 53 रन बनाए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा सेमीफइनल रब्बर इंडस्ट्री और दुर्ग पुलिस के बीच खेला गया, पहले बल्लेबाजी करने उतरी रबर इंडस्ट्रीज ने 88 रनों के लक्ष्य निर्धारित किया जिसे दुर्ग पुलिस ने 8 ओवरों में ही प्राप्त कर लिया, इस मैच के मैन ऑफ द मैच जॉनी रहे जिन्होंने 49 रन की पारी खेली, रविवार 17 जनवरी को फाइनल मुकाबला खेला जायेगा।

## सेवा पथ पर अग्रसर, लायंस क्लब रायपुर शिखर

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




अंतरराष्ट्रीय सेवा संस्था 9 लायंस क्लब, सिद्धि विनायक डिस्ट्रिक्ट 325-बी.वी. काठमांडू नेपाल से पधारे एम.जे.एफ लायन अमरनाथ सराफ चार्टर, एम.जे. एफ लायन संतोष सराफ चार्टर प्रेसीडेंट के आतिथ्य में मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर, सेवा के पथ पर विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान कर रही लॉयन्स क्लब रायपुर शिखर ने आज भैरव नगर स्थित श्री प्रयास एजुकेशन सोसायटी के अध्यनरत विद्यार्थियों के बीच खुशियां बांटी।

जोन चेयरपर्सन एम.जे.एफ लायन मधु यादव ने बताया कि नववर्ष और त्योहारों की श्रृंखला पर अतिथि लायन दंपति ने श्री प्रयास एजुकेशन सोसायटी के 33 छात्राओं को बेली और 17 छात्रों को जूते के अतिरिक्त चॉकलेट, बिस्किट बांटे एवम् शिक्षण सामग्री के लिए 5,100/- की सहयोग राशि, संस्था प्रमुख महेश नेताम को प्रदान की।

कार्यक्रम की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में लायंस क्लब रायपुर शिखर के चार्टर प्रेसीडेंट लायन सरोज पांडेय, चार्टर सचिव ला चंद्रकांता ओसवाल ला रेणु गुप्ता ने महती भूमिका निभाई। अपने उद बोधन में उन्होंने बच्चों को यथासंभव सहयोग और मार्गदर्शन देने का संकल्प लिया। सभी बच्चों ने करतल ध्वनि के बीच देशभक्ति के नारे लगा कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## किसान रेल सेवा से लाभांवित हो रहे किसान और कारोबारी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत नागपुर रेल मण्डल द्वारा जल्दी खराब होने वाले फ्ल एवं सब्जियों जैसे उत्पादों को देश के कोने-कोने तक कम भाड़े में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नागपुर रेल मण्डल के छिंदवाड़ा से पूर्व में दो बार किसान रेल चलाई गई थी ताकि किसानों की आय दुगनी हो तथा किसानों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी इसका लाभ मिल सकें । इसी तर्ज पर नागपुर रेल मण्डल द्वारा पुनः छिंदवाड़ा से तिनसुकिया तक के लिए 50 प्रतिशत छूट के साथ एक लंबी दूरी (2769 किमी) तय करने वाली किसान रेल का परिचालन 14 जनवरी' 2021 को छिंदवाड़ा से शाम 5 बजे किया गया। यह किसान रेल छिंदवाड़ा से सौसर-इतवारी-भंडाररोड़-गोंदिया-रायपुर-खड़गपुर-मालदा मार्ग से तिनसुकिया तक चली, सड़क परिवहन की अपेक्षा रेल द्वारा सुगमता, त्वरित व कम भाड़े में लंबी दूरी तक पार्सल की ढुलाई सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध हो रहा है एवं साथ ही किसान रेल किसानों और कारोबारियों के लिए उनके उत्पादों की अच्छी कीमत दिलाने में भी मददगार साबित होगा।

### रमन सिंह राजनीति करें लेकिन किसानों को बख्श दें, भाजपा की हकीकत जानते हैं किसान

## राज्य के भाजपा नेता केंद्र की भाजपा सरकार से लगवा रहे हैं अड़ंगे : धनेन्द्र

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

धान ख़रीदी और किसानों के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के लगातार आ रहे बयानों पर कांग्रेस ने कहा है कि रमन सिंह बयान कुछ और दे रहे हैं और प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर उनकी पार्टी ठीक उल्टे काम कर रही है।

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा है कि एक ओर तो रमन सिंह और भाजपा नेतागण किसानों की चिंता के बयान जारी करते हैं और दूसरी ओर केंद्र में भाजपा के सरकार के जरिए किसानों को चिंतित करने वाले आदेश जारी होते हैं। कम से कम चार ऐसे उदाहरण हैं जिससे साफ हो जाता है कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में रमन सिंह छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ छल कर रहे हैं।

**पहला उदाहरण :** एफसीआई को गो स्लो कहते हैं। यानी चावल उठाने की गति धीमा करवाते हैं। चूंकि एफसीआई केंद्र सरकार के अधीन है इसलिए केंद्र के जरिए यह नियंत्रण आसान होता है।दूसरी ओर रमन सिंह और भाजपा के दूसरे नेता प्रदेश में धान का उठाव नहीं होने का आरोप लगाते है।

**दूसरा उदाहरण :** जूट कमिश्नर से धान खरीदी के लिये जूट बोरों की सप्लाई बाधित करते हैं। एक तो जूट कमिश्नर ने राज्य के लिए तीन लाख गठान बारदाने की जगह सिर्फ़ 1.43 लाख गठान बारदाना देने की बात कही और फिर इतना बारदाना भी नहीं दे रहे हैं।

दूसरी ओर भाजपा के नेता बोरों की कमी को लेकर आंदोलन करते हैं। अगर केंद्र की भाजपा सरकार बारदाना नहीं देगी तो राज्य की सरकार का इसमें क्या है? राज्य सरकार ने तो स्थिति संहालने के लिये हर संभव कदम उठाये है।



**तीसरा उदाहरण :** केन्द्र सरकार से आदेश जारी होता है - एक रूपया भी समर्थन मूल्य 1868 रू. के ऊपर नहीं देना है। नहीं तो छत्तीसगढ़ के किसानों के धान से बना चांवल छत्तीसगढ़ में ही बने एफसीआई के गोदामों में नहीं रखा जायेगा। केंद्र सरकार सवाल पूछती है कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना से कहीं बोनस का पैसा तो नहीं दिया जा रहा है? इसी की वजह से 60 लाख टन चावल की जगह सिर्फ़ 24 लाख टन चावल लेने के आदेश आते हैं। जबकि किसानों को धान के साथ गन्ना और मक्का के लिए भी न्याय योजना में पैसा दिया जा रहा है।

दूसरी ओर भाजपा के नेता राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए 2500 रू. नहीं देने का झूठा आरोप लगाते हैं। जबकि वे बख़ूबी जानते हैं कि न केवल धान बल्कि गन्ना और मक्का उगाने वाले किसानों के साथ भी राज्य की सरकार न्याय कर रही है।

**चौथा उदाहरण :** जीएसटी की बकाया राशि नहीं दे रहे हैं और कर्ज लेने को लेकर आरोप लगाते हैं। एक बड़ा सच यह भी है कि केंद्र सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में राज्य को हजारों करोड़ रुपए का जीएसटी का बकाया नहीं दिया है। जो कि राज्य का कानूनी हक है। अब राज्य सरकार राज्य में कल्याणकारी योजनाओं के लिए कर्ज न ले तो क्या करे? भाजपा नेता इस मामले में भी लगातार कोरी बयानबाजी कर ही रहे है। 9000 करोड़ धान खरीदी के लिये राज्य सरकार द्वारा लिये गये ऋष्टा को केन्द्र सरकार का पैसा बताते हैं जबकि यह प्रत्येक वर्ष धान खरीदी की प्रक्रिया है। भाजपा नेता इस बात का जिक्र नहीं करते कि इस साल भूपेश बघेल सरकार ने पिछले साल के मुकाबले 71 प्रतिशत अधिक किसानों से 71 प्रतिशत अधिक धान खरीदा। कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू ने कहा है कि रमन सिंह, धरम लाल कौशिक और विष्णुदेव साय किसानों को राजनीति में न घसीटें। उनके कार्यकाल में किसान पर्याप्त भुगत चुके हैं और अब जरुरत है कि किसानों की ख़ुशी को वे बर्दाश्त करें। उन्होंने कहा है कि जहां तक कांग्रेस सरकार के सवाल है तो पिछले दो साल में कांग्रेस सरकार ने किसानों से किया हर वादा पूरा किया है। भाजपा की केंद्र सरकार के अडगों के बावजूद किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने आजादी के पहले भी किसानों की लड़ाई लड़ी और आजादी किसानों के हक की लड़ाई लड़ रही।पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा है कि रमन सिंह घर से निकलकर दो चार किसानों से मिल लें तो उन्हें जमीनी हकीकत का पता चल जाएगा। वे राजनीति करें लेकिन किसानों को बख्श दें।

## गुढ़ियारी आरक्षण केन्द्र पुनः प्रारंभ

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल अंतर्गत राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी आरक्षण केन्द्र को पुनः प्रारंभ कर दिया गया। आरक्षण केन्द्र के शुरू होने के साथ अब टिकटधारी यात्री अब गुढ़ियारी साइड गेट से स्टेशन में प्रवेश और निकास भी कर सकेंगे। कोरोना काल में लॉकडाउन के समय से गुढ़ियारी साइड का प्रवेश द्वार कोरोना सं मण बचाव हेतु जनहित में बंद कर दिया गया था। अब यह सुविधा शुरू होने से यात्री गुढ़ियारी साइड से प्रवेश के साथ आरक्षण की सुविधा का भी लाभ उठा सकेंगे साथ ही रायपुर स्टेशन के मुख्य द्वार के साथ गुढ़ियारी द्वार से प्रवेश एवं निकास करने से यात्रियों को तीन गेट प्लेटफार्म नंबर 01 की और 02 गेट एवं प्लेटफार्म नंबर 05-06 स्थित गुढ़ियारी की और 01 गेट से आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। गेट सुबह 6 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। साथ ही यात्री आरक्षण केंद्र (पीआरएस) गुढ़ियारी की तरफ सुबह 08 से अपरान्ह 3 बजे तक खुला रहेगा।

### अमृतसर-कोरबा पूजा स्पेशल अंबाला-अमृतसर के बीच 17 को रद्द रहेगी

**रायपुर।** किसान आन्दोलन के फ्लस्वरूप आज त्रि-साप्ताहिक अमृतसर-कोरबा पूजा स्पेशल ट्रेन 17 जनवरी को अमृतसर-अंबाला के बीच रद्द रहेगी। यह ट्रेन अमृतसर की जगह अंबाला रेल्वे स्टेशन से ही रवाना होगी।

# जिले में शुरू हुआ कोरोना से बचाव व रोकथाम के लिए टीकाकरण

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के भारत में शुरुआत के साथ ही बस्तर जिले में भी इसका शुभारंभ शनिवार को किया गया। कोरोना से बचाव और रोकथाम के लिए शुरू किए गए इस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ स्वास्थ्यकर्मियों के टीकाकरण के साथ हुई। वहीं स्वच्छताकर्मी और सुरक्षाकर्मियों समेत सभी फ्रंटलाइनर्स को भी टीका लगाया गया। शनिवार को टीकाकरण का शुभारंभ जिले के 6 स्थानों में किया गया। बस्तर में जिले में महारानी अस्पताल के लिए शासकीय बीएससी नर्सिंग कॉलेज, मेडिकलकॉलेज डिमरापाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बास्तानार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावण्ड, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नानगुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बस्तर में टीकाकरण प्रारंभ किया गया। बस्तर जिले में सीरम इंस्टीट्यूट का ऑक्सफोर्ड/एक्सट्राजेनिका के कोविड-19 रोधी टीके कोवीशल्ड का आधा मिलीलीटर डोज सिरिंज के माध्यम से बाएं बाँह में लगाया जा रहा है।सभी केन्द्रों में एक साथ टीकाकरण प्रारंभ किया गया। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस टीकाकरण कार्यक्रम में प्रत्येक केंद्र पर 100 लाभार्थियों को कोरोना का टीका लगाने की तैयारी की गई है। इन सभी 6 टीकाकरण केंद्रों के लिए 6 कोल्ड चैन पॉइंट में 2490 डोज उपलब्ध कराई गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में 409 लाभार्थी के लिये 450 वैक्सीन डोज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावण्ड में 342 लाभार्थी के लिये 380 वैक्सीन डोज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल में 182 लाभार्थी के लिये 200 वैक्सीन डोज , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानगुर में 72 लाभार्थी के लिये 80 वैक्सीन डोज, महारानी अस्पताल जगदलपुर में 345 लाभार्थी के लिये 380 वैक्सीन डोज, मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में 934 लाभार्थी के लिये 1030 डोज उपलब्ध कराया गया है।

जिला टीकाकरण अधिकारी सी.आर.मैत्री ने बताया, कोरोना वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। बगैर किसी घबराहट के इसे लगवाना चाहिए। वैक्सीन लगने के 10 से 12 घंटे बाद एंटीबॉडी बनने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। 28 दिन बाद दूसरा टीका लगाने के बाद एंटी बॉडी तेजी से बनने लगते हैं। जिन लोगों को कैंसर, मधुमेह या अन्य गंभीर बीमारी है वह भी टीका लगवा सकते हैं। कोरोना वैक्सीन के कोई बड़े साइड इफेक्ट नहीं है। वैक्सीन लगवाने के बाद भी मास्क, सैनिटाइजर व शारीरिक दूरी का पालन करना जरूरी होगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

- टीकाकरण करवाने के बाद आधे घंटे टीकारण केंद्र पर ही रहें।
- टीका लगवाने के बाद अनावश्यक बातें ना सोचें।
- यदि कोई परेशानी होती है तो डॉक्टर से तत्काल सलाह लें।
- हेल्पलाइन नंबर 104 पर भी कल किया जा सकता है
- इन स्थितियों में नहीं लगेगा टीका
- 18 साल से कम उम्र के लोगों को।
- गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को।
- कोविड 19 वैक्सीन की पहली खुराक लेने के बाद एनफिलेक्टिक रिएक्शन या एलर्जी की शिकायत आने पर।
- इन स्थितियों में 4 से 8 हफ्तों बाद लगेगा कोविड19 का टीका
- ऐसे व्यक्ति जिनमे कोरोना वायरस के सक्रिय लक्षण पाए गये हैं या जो व्यक्ति कोविड पॉजिटिव पाया गया है।
- ऐसे कोविड पॉजिटिव मरीज जिन्हें मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दिया गया हो।
- वर्तमान में अस्वस्थ व्यक्ति व अस्पताल में भर्ती व्यक्ति यों को।

## कोरोना का पहला टीका लगने पर दीपिका ने जताया गर्व

बस्तर जिले में कोरोना का पहला टीका लगने पर दीपिका ने गर्व जताया। 35 वर्षीय दीपिका ठाकुर दवे महारानी अस्पताल में स्टॉफ नर्स के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार को कोरोना टीकाकरण की शुरुआत हुई। महारानी अस्पताल परिसर में स्थित शासकीय नर्सिंग कॉलेज भवन में बनाये गए टीकाकरण केंद्र में एएनएम हेमलता बघेल और जयमनी कश्यप ने दीपिका को टीका लगाया। टीका लगाने के बाद उन्हें चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया। निगरानी अवधि पूरी होने पर दीपिका ने बताया कि टीका लगाने के बाद उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का अनुभव नहीं हुआ और वह पूरी तरह सामान्य अनुभव कर रही थीं।



दीपिका ने सबसे पहले टीका लगाए जाने पर गर्व करते हुए कहा कि यह उनके लिए काफी राहत की बात भी है। उन्होंने बताया कि उनकी दो छोटी-छोटी बेटियां हैं और उनमें छोटी बेटी की उम्र मात्र तीन साल है। यहां ड्यूटी के दौरान संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने पर जुलाई माह में वे स्वयं कोरोना संक्रमित हो गई थीं। उस दौरान वे आइसोलेशन में रहीं और उनके छोटे बच्चों के देखभाल की पूरी जिम्मेदारी उनके पति ने उठाई। उनके पति व्यवसायी हैं। इस दौरान उनका व्यवसाय भी प्रभावित हुआ। ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए यह टीका पूरी तरह मददगार होगा।दूसरा टीका मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सफाई कर्मी 28 वर्षीय अशोक बघेल और तीसरा टीका महारानी अस्पताल की एएनएम श्रीमती हिना ठाकुर को लगाया गया।

कोरोना टीकाकरण के शुभारंभ के अवसर पर विधायक रेखचन्द जैन और महापौर सफीरा साहू ने बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, डिप्टी कलेक्टर एवं कोरोना टीकाकरण की नोडल अधिकारी गीता रायस्त, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ विवेक जोशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके चतुर्वेदी, महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मैत्री सहित चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## रेत का अवैध परिवहन करते 4 वाहन जब्त

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देशानुसार प्रभारी खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा के मार्गदर्शन में जिला खनिज जांच दल द्वारा शनिवार को बस्तर जिला के तारापुर, आड़ावाल एवं छेपरागुड़ा क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गौण खनिज एवं रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर दो टिप्पर और दो ट्रैक्टर कुल 4 वाहनों पर कार्रवाई की गई। खनिज विभाग द्वारा सभी वाहनों को खनिज के साथ जप्त कर लिया गया है। वाहनों को खनिज मय जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपते हुए वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जा रहा है।



## गायत्री परिवार के सदस्यों ने कम्बल वितरित किया



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

मकर संक्रांति के सुअवसर पर श्रीराघव मन्दिर में एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक आर गोविंदराजन, बैलाडीला देवस्थान समिति, गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा कम्बल वितरित किया गया तथा परियोजना से स्थानांतरित अधिकारियों को मंदिर समिति द्वारा सम्मानित किया गया। बैलाडीला देवस्थान समिति, गायत्री परिवार, जगन्नाथ सेवा समिति, बालाजी सेवा समिति, अयप्पा सेवा समिति, विविध समाज के प्रतिनिधियों एवं महाप्रबंधक (उत्पादन) विनय कुमार, उपमहाप्रबंधक (विद्युत) सेवाएं आर एन साहू, उपमहाप्रबंधक (सिविल) लखबीर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में स्थानांतरित होकर अन्यत्र परियोजना जा रहे उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) एस चटर्जी, मैडम चटर्जी, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) सीएसआर धर्मेंद्र आचार्य, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) जी गणपत, मैडम गणपत का शाल, श्रीफल एवं श्री रामचरितमानस देकर सम्मानित किया गया। सभी ने इस लौहनगरी के अपने अनुभवों को साझा किया और यहाँ की मधुर स्मृति को सदैव अपने साथ संजोय रखने की बातें की। इस अवसर पर ए के सिंह, डी पी डेहरिया, प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद, ओम साहू, देवराज लिंका, जी राजीव, प्रकाशचन्द्र जैन, राजेन्द्र यादव एवं श्री राघव मन्दिर परिसर स्थित समस्त सेवा समिति, समस्त समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एनएमडीसी के सहयोग से सेनिटरी नेपकिन बनाया जा रहा

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल एनएमडीसी सीएसआर के सहयोग से हितावर और पालनार में सेनिटरी नेपकिन बनाया जा रहा है। प्रोजेक्ट स्वच्छ उमंग के तहत विकासखंड कुआकोण्डा के छः ग्राम हितवार, पालनार देवापारा, कोरिरास, पेंटा, गोंगपाल एवं कोटापारा में स्व सहायता समूह सेनिटरी नेपकिन उत्पादन किया जा रहा है। भारत देश में 15 से 25 वर्ष तक की 62 फीसदी लड़कियां को महावारी के दौरान सैनिटरी नैपकिन नहीं मिल पाता है।ऐसे में लड़कियां महावारी के समय कपड़े का इस्तमाल करती हैं।

इन समस्याओं को दूर करने के लिए एनएमडीसी किरंदुल अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन करते हुए यह कार्य स्व सहायता महिला समूह द्वारा इस कार्य को पूरा किया जा रहा है।इस दौरान एनएमडीसी प्रबंधक जितेंद्र कुमार, शमितामठ कौडिनेटर स्वपन मिश्रा, मधुसुधन तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।



## दू पईडील सुपोषण बर : चित्रकोट से मिचनार तक रविवार को होगी सायकल रैली

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत दू पईडील सुपोषण बर कार्यक्रम के तहत बस्तर जिला प्रशासन द्वारा विशाल सायकल रैली का आयोजन रविवार 17 जनवरी को किया जाएगा। इस सायकल रैली का प्रारंभ कल सुबह 6 बजे से चित्रकोट से किया जाएगा। इस सायकल रैली के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप सांसद बस्तर दीपक बैज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक चित्रकोट राजमन बेजाम करेंगे।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप मे बस्तर विकाश प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर,विधायक जगदलपुर रेखचन्द जैन, अध्यक्ष जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा महेश कश्यप जनपद उपाध्यक्ष योगेश बैज ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पदमा कश्यप एवम मालती बैज, जनपद सदस्य ललिता यादव एवम सरपंच ग्राम पंचायत चित्रकोटबुतकी कश्यप उपस्थित रहेंगे।जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को सफल बंनाने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। 17 जनवरी को सायकल रैली की शुरूआत चित्रकोट जलप्रपात के समीप स्थित शिव मंदिर के पास से सुबह 06 बजे किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले वालंटियर के लिए चित्रकोट ले जाने हेतु सुबह 05 बजे कलेक्टोरेट जगदलपुर से बस भी रवाना किया जाएगा। इस दौरान तामड़ाघुमर, मिचनार और चित्रकोट में मड़ई का भी आयोजन किया जाएगा। जहां पर रॉक क्लाइम्बिंग, वाटर रैपलिंग और चित्रकोट जलप्रपात पर साहिसिक खेल का भी आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक संख्या में इस जनजागरूकता अभियान में शामिल होने की अपील की गई है।

## ग्रामीणों को बदलेम एडका अभियान की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बदलेम एड़का अभियान के तहत जिला दंतेवाड़ा ग्राम बासनपुर थाना भांसी में ग्रामीणों को समस्त विभागों की योजनाओं कर को पढ़कर सुनाया गया एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग द्वारा लोगों को योजनाओं के लिए लगने वाले आवश्यक दस्तावेज बताकर उनसे आवेदन भी लिया गया एवं उनका नाम नोट किया गया। जिसमें पशुपालन विभाग द्वारा 15 आवेदन लिए गए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 लोगों का मलेरिया टेस्ट जिसमें से एक पॉजिटिव रिपोर्ट आई एवं 32 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उनको दवाई दी गई साथ ही विभिन्न बीमारी एवं दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों एवं बुजुर्गों को जिनमें से एक महिला हूंगू



जिनके आंखों की रोशनी चली गई है एवं एक बच्ची पूजा लेकामी 12 वर्षीय जो चलने में असमर्थ है एवं एक ग्रामीण बैशु तेलाम जिसके गाल पर ट्यूमर है जिला अस्पताल ले जाने की जिम्मेदारी पुलिस द्वारा ली गई एवं उसके आगे के इलाज के लिए डॉक्टर से बात कर समन्वय हेतु पुलिस द्वारा सहयोग देना बताया गया।

### महापौर, निगम आयुक्त एवं पार्षदों ने की तालाब की सफाई

**जगदलपुर।** जगदलपुर शहर के एतिहासिक दलपत सागर के सफाई अभियान के अंतर्गत आज महापौर श्रीमती सफिरा साहू, नगर निगम आयुक्त श्री प्रेम पटेल,नगर निगम के पार्षदों ,नगर सैनिक के जवानों एवम सफाई कर्मियों सहित अधिकारी कर्मचारियों ने दलपत सागर की सफाई की।इस दौरान इन सभी ने दलपत सागर के सफाई के लिए श्रम दान किया।

### चिलकापल्ली-रायगुड़ा के जंगल से नक्सल सामग्री सहित 2 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर ।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तह थाना आवापल्ली से जिला बल एवं केरिपु 229/सी कंपनी का संयुक्त बल चिलकापल्ली, चाटलापल्ली, रायगुड़ा की ओर निकली थी। अभियान के दौरान चिलकापल्ली एवं रायगुड़ा के मध्य जंगल में पुलिस बल द्वारा धेराबंदी कर मड़कम हिंगा पिता मड़कम हुंगा उम्र 38 वर्ष निवासी चिलकापल्ली थाना आवापल्ली, कुंजाम सोमड़ी पिता कुजाम लच्छु उर्फ लच्छा उम्र 31 वर्ष साकिन चिलकापल्ली थाना आवापल्ली को गिरफ्तार कर नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

### सुकमा, कोंटा व कुकानार में स्वास्थ्य कर्मचारियों को लगाया टीका

# जन्मदिन पर लगा डॉक्टर को कोरोना टीका, जिले में तीन सेंटर में शुरू हुआ टीकाकरण

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com







आज पूरे देश-प्रदेश मे कोरोना टीकाकरण अभियान शुरू किया गया जिसमें सुकमा जिला अस्पताल समेत कोण्टा व कुकानार में स्वास्थ्य कर्मचारियों को टीका लगाना शुरू हो चुका है। अब तक किसी भी प्रकार की दिक्कत सामने नही आई है।

शनिवार सुबह से ही जिला अस्पताल में कोरोना वेक्सीन को लेकर स्वास्थ्य अमला तैयारी में जुटा हुआ था। और वेक्सीन को लेकर तमाम प्रकार की तैयारी सुबह से ही पूरी हो चुकी थी। ठीक 10 बजे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण शुरू हुआ जिसे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ने सुना। उसके बाद कोरोना वेक्सीन लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। जिन कर्मचारियों को टीका लगना था उनका आईडी कार्ड व टम्प्रेचर चेक होना शुरू हुआ उसके बाद कुछ तकनीकी समस्या के बाद आखिरकार टीकाकरण शुरू हुआ। सबसे पहले डॉक्टर दीपेश चंद्राकर को लगाना था लेकिन तकनीकी समस्या के चलते पहले डॉक्टर प्रवीण टेली को टीका लगा। और टीका लगाने वाली नर्स सरिता जांग? ने टीका लगाया। उसके बाद उन्हें निगरानी कक्ष में रखा गया। सीएमएचओ डॉक्टर सीबी प्रसाद बंसोड़ ने सभी का हालचाल जाना।

**टीका लगाने में साथ जानकारी भी दी गई :** वही टीकाकरण शुरू करते वक्त नर्स सरिता जांगड़े ने टीका को लेकर आवश्यक जानकारी दी। और वेक्सीन के बाद उन्हें स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी कि इसके बाद बुखार आ सकता है और दर्द हो सकता है। और कोई भी परेशानी हो तो डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी गई।

**जिले में कुल 285 स्वास्थ्य कमर्चारी हुए थे रजिस्टर्ड :** वैसे तो जिले में तीनों सेंटर में 100-100 कर्मचारियों को टीका लगाना है लेकिन 285 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का रजिस्ट्रेशन हुआ था। और शाम 4 बजे तक 75 फीसदी टीकाकरण सम्पन्न हुआ था। और टीकाकरण करने की प्रक्रिया जारी हैं।

**जन्मदिन के दिन लगा टीका - दीपेश :** डॉक्टर दीपेश चंद्रकार जो कि टीकाकरण के अधिकारी के साथ-साथ कोरोना जांच टीम के सदस्य भी थे और उन्हें नवम्बर में कोरोना भी हुआ था। उनका आज जन्मदिन है और उन्हें टीका लगाया गया। उसके बाद उन्होंने कहा कि में सौभाग्यशाली हु की मुझे यह टीका लगा है। भारत मे बना यह वेक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और गर्व महसूस हो रहा है।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर विनित नंदनवार ने जिला अस्पताल पहुँच कर टीकाकरण को लेकर सीएमएचओ से जानकारी ली और टीका लगने के बाद अधिकारी-कर्मचारी से बात की और उनका हालचाल जाना।

### जिले में तीन सेंटर में शुरू हुआ टीकाकरण : कलेक्टर

कलेक्टर विनित नंदनवार ने कहा कि जिले के तीन सेंटर सुकमा, कुकानार व कोण्टा में वेक्सीन लगाने का काम शुरू हो चुका है। पहले चरण में कोरोना वारियर्स को टीका लग रहा है। मेने टीका लगने के बाद उनसे बातचीत की किसी भी प्रकार की दिक्क त नही है। और यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है।

### थोड़ा सा दर्द है बाकी ठीक है : प्रवीण

पहला टीका लगाने वाले डॉक्टर प्रवीण टेली ने कहा कि टीका अन्य टीकों की तरह सामान्य है हालांकि थोड़ा दर्द जरूर कर है है लेकिन पूरी तरह सुरक्षित है।

# हंगामे और डाट फटकार के बीच जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक हुई

## जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर ने रखे कई मांगे

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक हंगामे और डाट फटकार के बीच संपन्न हुई। गत सामान्य सभा की बैठक में दिए निर्देशो पर कार्यवाही तथा मांगी गई अपेक्षित जानकारी उपलब्ध नही कराने को लेकर जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियो ने अधिकारियो को क?ी फटकार लगाई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य कुछ लापरवाह अधिकारियो के रवैये से नाराज दिखे। जिसके बाद इस सामान्य सभा की बैठक सामान्य चर्चा के साथ समाप्त कर दिया गया और आमागी एक माह में पुन बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जनप्रतिनिधियो ने कहा कि पहले अधिकारी उनके द्वारा दिए निर्देशो का पालन करे और मांगी गई जानकारी समय पर उपलब्ध कराए इसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत की अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, बिन्द्रानवागढ़ विधायक डमरूधर पुजारी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संजय नेताम, सदस्य चंन्द्रशेखर साहू, रोहित साहू, लोकेश्वरी नेताम सहित अन्य सदस्य, विधायक प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभाग के प्रमुख अधिकारी मौजुद थे। बैठक की शुरूआत में जिला पंचायत सीईओ चन्द्रकांत वर्मा द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने पंचायतीराज अधिनियम के प्रावधानों के संदर्भ में सदस्यों को अवगत कराया। वही उन्होंने जनप्रतिनिधियो की नाराजगी को देखते हुए पालन प्रतिवेदन एवं चाही गई जानकारी को नियत समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिये गये।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने मक्का फूड प्रोसेसिंग यूनिट को इंदागांव में स्थापित करने के सुझाव दिये। वहीं सदस्यों द्वारा शासकीय कार्यो के लोकार्पण और भूमिपूजन में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने और कार्यक्रम के पूर्व जानकारी देने का सुझाव रखा गया। सदस्यों द्वारा राजिम सामुदायिक अस्पताल में नये एम्बुलेंस खरीदने और मुक्तांजली वाहन प्रत्येक विकासखण्ड में उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू ने मैनपुर में 2005-07 में हुए फर्जी शिक्षाकर्मी भर्ती मामले को उठाते हुए शिक्षा विभाग को जल्द इसकी जांच पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जांच पूरा नही होने के कारण पात्र शिक्षाकर्मी प्रदोन्नति पदस्थापना से वंचित हो रहे है। इसके अलावा उन्होने ग्राम पाण्डुका में जिला सहकारी बैंक का एटीएम खोलने की मांग की। वर्ष 2018 में राजिम मेला में कार्यरत ग्राम जेंजरा के मजुदरो के लंबित भुगतान को दिए जाने, पशु चिक्तिसा विभाग में एवीएफओ के रिक्त पद को शीघ्र भरने, किसानो को फसल प्रदर्शन के साथ प्रशिक्षण देने, कृषि विभाग में फिंगेश्वर ब्लाक के ग्राम रवेली मे पदस्थ्य विवादित आरईओ हेमंत ध्रुव को तत्काल निलंबित करने तथा ग्राम पंचायत टेका के आश्रिम ग्राम कपसीडीह को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग रखी। इसके अलावा धान खरीदी केन्द्रो से धान के उठाव कार्य में तेजी लाने तथा धान खरीदी की समय सीमा में दस दिन बढ़ाने की मांग की। उन्होने वित्तीय वर्ष 2018में समितियो के ब्याज अनुदान वापस करने की भी मांग की।

बैठक में दौरान विधायक डमरूधर पुजारी द्वारा निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन समय पर देने के निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए। वनाच्छादित विद्युतविहिन ग्रामों में पुनः सर्वे कराकर शासन को प्रस्ताव देने के निर्देश दिये गये, ताकि इन ग्रामों में विद्युत उपलब्ध कराई जा सके। ग्राम पंचायत दुल्ला में हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए चर्चा कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिये गये। वर्ष 2013-14 एवं 2015 में गरियाबंद विकासखण्ड अंतर्गत हुए आहाता निर्माण का मूल्यांकन और सत्यापन करने के निर्देश दिये गये है। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रसेला में नर्स नियुक्त करने और छुरा ब्लाक भवन निर्माण हेतु चर्चा की गई। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शोभा में भवन होने के पश्चात भी कार्यालय संचालित नहीं है, जिसे संचालित करने आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में सदस्यों ने सामान्य सभा की बैठक में विभागीय अधिकारी को स्वयं शामिल होने के निर्देश दिये गये।

# पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों के हड़ताल का 21वां दिन

■ पंचायतों का कार्य पूरी तरह ठप्प

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश पंचायत सचिव संघ एवं रोजगार सहायक संघ छत्तीसगढ़ अपनी शासकीयकरण एवं नियमितीकरण माँग को लेकर 26 दिसम्बर से हड़ताल कर रहे है । पंचायत सचिव संघ के द्वारा हड़ताल में जाने से पूर्व पूरे प्रदेश में प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए उनकी मांग पर विचार करने अपील किया था एवं शासन को नींद से जगाने हेतु यज्ञ अनुष्ठान भी किया ,उसके बाद भैंस के आगे बिन भी बजाया गया । लेकिन प्रदेश सरकार के द्वारा किसी भी प्रकार का जवाब नही मिलने पर प्रदेश के सभी सचिवों ने नाराजगी जाहिर करते हुए आंदोलन का रुख अख्तियार करते हुए क्रमिक भूख हड़ताल 12 जनवरी से 20 जनवरी तक जिला रायपुर के जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा में हड़ताल पर बैठे हैं।

भूख हड़ताल के चौथे दीन पंचायत सचिव संघ तिल्दा के अशोक निर्मलकर, खिलेश्वरी वर्मा ,राजिम ध्रुव ,हबि राम साहू ,रोजगार सहायक संघ से सँतोषी वर्मा ,सरिता मांडले, लखन निषाद ,अमित कुमार सहित कील 10 हड़ताली भूख हड़ताल में बैठे है। तिल्दा नेवरा जनपद के कुल 101 ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिव आंदोलन करते हुए हड़ताल पर अपनी मांग को लेकर बैठ गए है संघ के ब्लाक अध्यक्ष चिंतामणी साहू व संगठन सचिव कोमल प्रसाद साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत के सचिव जिला प्रशासन के 29 विभागों के अनेकों प्रकार के कार्य को पूरी निष्ठा के साथ संपादित करते है साथ ही प्रदेश के प्रत्येक गांवों में प्रदेश सरकार एवँ केंद्र सरकार के सभी योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुचाने का कार्य करते है वही उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव के साथ ही शिक्षाकर्मी की भी नियुक्ति हुयी थी जिन्हें शासन द्वारा पहले ही शासकीय करन कर दिया गया है केवल पंचायत सचिवों के ही मांग को अनसुना किया गया है जबकि पंचायत सचिवों के शासकीयकरण करने को लेकर प्रदेश के करीब 65 विधायकों का अनुशंषा पत्र भी प्रदेश सरकार को भेजा जा चुका है बावजूद इसके प्रदेश सरकार के द्वारा हमारी मांग पर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जाना समझ से परे है।प्रदेश सरकार द्वारा जब तक हमारी मांग को पूरा नही किया जाता है तब तक प्रदेश के सभी पंचायत सचिव हड़ताल पर डटे रहेंगे। पंचायत सचिवों के ह?ताल पर जाने से ग्राम स्तर के भी कार्य नही हो पा रहे है जिससे आम नागरिक सहित ग्रामीण भी खासे परेशान है। रोजगार मूलक कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के कार्य पूरे रुके हुए है। ग्रामीण रोजगार नही मिलने से भूखे मरने कागार पर आ चुके है ।



# सात्विक यज्ञ चौका आरती में सम्मिलित हुई शकुंतला साहू

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत घिरघोल में मकर संक्रांति के मंगलमय पावन अवसर पर महंत दानेश्वर दास साहेब के निवास स्थल पर सदगुरू कबीर सात्विक यज्ञ चौका आरती का आयोजन किया गया जिसमे कबीर आश्रम सेलूद, दुर्ग से पधारे साहित्य वेदांताचार्य महंत सुकृत शास्त्री जी साहेब के करकमलों द्वारा चौका आरती कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू ने चौक आरती में सम्मिलित होकर कबीर साहेब के श्री चरणों मे पूजा अर्चना कर श्रीचरणों मे नमन कर आशीर्वाद ली। इस अवसर पर दशरथ साहू, सुकालूराम यदु, महेंद्र मोनू साहू, पारस साहू, रामखिलावन साहू, कन्हैया साहू, दिलीप साहू, हरिदास वैष्णव, भुनेश्वर दास वैष्णव, विष्णुदास वैष्णव, विजय वैष्णव, शंकर वैष्णव, रामेश्वर दास वैष्णव, तुलश साहू, हरिभूमि पत्रकार हेमलाल साहू, जितेंद्र वर्मा, विजय वर्मा, वैष्णव परिवार, कबीर पंथी, श्रद्धालुगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नये ग्राम पंचायतों में खुलेगा राशन दुकान, आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार राजस्व अनुविभाग के अंतर्गत नवगठित 9 ग्राम पंचायतों में नये राशन दुकान खोले जाएंगे। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय द्वारा इसके लिए 28 जनवरी तक आवेदन पत्र मंगाए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें बलौदाबाजार विकासखण्ड के 7 नये ग्राम पंचायत और पलारी विकासखण्ड के 2 ग्राम पंचायत शामिल हैं। बलौदाबाजार विकासखण्ड के 7 नये ग्राम पंचायतों में भालूकोना, झोका, धनगांव, परसाभदेर (च) परसाभदेर भांठा,चितावर, भाठागांव और पलारी के कुंची और खैरी में नया राशन दुकान खोला जाएगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत इन गांवों में राशन दुकान खोलने के लिए पात्र संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। इनमें ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समितियां एवं अन्य सहकारी समितियां आवेदन कर सकती हैं। आवेदन अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार में सोमवार 18 तारीख से मिलना शुरू हो जायेगा।

# अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



गुरूवार को ग्राम सड़ौली निवासी 42 वर्षीय मधुसूदन ध्रुव पिता स्व. तुकाराम ध्रुव ने अज्ञात कारणों से फासी लगा दी। सुबह 7:30 बजे ग्रामीणो ने उसका शव गांव से दो किमी दूर तिरऊ मोड़ के पास एक आम के पेड़ में लटके हुए देखा। जिसके बाद इसकी सुचना परिजनों और पुलिस को दी गई। पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौंप दिया। बताया जाता है कि मृतक मधुसुदन ध्रुव जनपद पंचायत कार्यालय में चपरासी के पद पर कार्यरत था। बीते कई महीनों से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। संभवत यही घटना का कारण हो सकता है।

थाना प्रभारी वेदवदी दरियों ने बताया कि पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मौके पर सुसाइड नोट या अन्य कोई सामाग्री बरामद नही हुई। परिजनो और ग्रामीणो से पुछताछ के बाद घटना कारण स्पष्ट होगा।

# सेडी फॉउण्डेशन बेरोजगारों को दे रहा प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सेडी अंबुजा सीमेंट फॉउण्डेशन जो कि कौशल एवं उधमिता विकास के क्षेत्र में 2010 से निरन्तर बेरोजगार युवको एवं युवतियों को विभिन्न ट्रेड ब्यूटिशियन, इलेक्ट्रीशियन, रेफ्रिजरेटर एवं एसी रिपेयरिंग, रिटेल मार्केटिंग, होटल मैनेजमेंट में प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने का निरन्तर प्रयास कर रहा है। संस्थान ऐसे ही कुछ चयनित प्रशिक्षर्थियो को जो प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षित क्षेत्र में रोजगार से जुड़ने के बाद अच्छा कार्य कर रहे है उन्हें प्रोत्साहन स्वरुप 10000 रूपये की राशि तथा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है ऐसे ही भूतपूर्व छात्र चतुर सिंह ध्रुव निवास अर्जुनी बलोदाबाजार जो की नूवोको इंडस्ट्री बलोदाबाजार में कर्यरत है जिन्होंने अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन सेडी भाटापारा से असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल का ट्रेनिंग पश्चात रोजगार हेतु चयन हुआ तहत जो विगत 2018 से अब तक नूवोको इंडस्ट्री में टेक्निशन के पद पर कार्यरत है। जिन्हे दिनांक 12 जनवरी को अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन रवान में पुरस्कृत किया गया तथा इस कार्यक्रम में अधिकारी संदीप सीरा अंबुजा सीमेंट लिमिटेड तथा रोचक भरद्वाज एरिया प्रोग्राम मैनेजर अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन इत्यादि उपस्थित रहे।

# शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में 2500 लोगों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com




भाटापारा विधानसभा में मंडी प्रांगण भाटापारा के पास प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में लगभग 2500 लोगों व 15 बैल गाड़ी, 117 ट्रेक्टर के साथ 2.5 किलोमीटर की भव्य रैली शहर थाना तक जा कर राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन दिया गया।

छत्तीसगढ़ में किसानों की मांगों को लेकर भाजपा का धरना भाटापारा विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में भाटापारा मंडी प्रांगण के सामने धरना प्रदर्शन हुआ। बैल गाड़ी में स्वयं चला कर विधायक शिवरतन शर्मा और ट्रैक्टर में कार्यकर्ताओं को लेकर धरना स्थल से शहर थाने पहुंचे पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि जिस तरह चुनाव के दौरान कांग्रेस सरकार ने कई बिंदुओं का घोषणा पत्र तैयार कर जनता को झांसे में लेकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई है वही सरकार के दो साल पूरे होते ही आमजन अपने आप को ठगा सा महशुस करने लगा है। कांग्रेस सरकार बनने के बाद न तो किसानों का धान तय सीमा में खरीदा गया, न ही किसानों को बोनस मिला और न ही किसानों का धान एक मुश्त पच्चीस सो रुपये में खरीदा गया। शर्मा ने कहा कि किसानों के लिए जो वादे किए थे, शायद सरकार उन वादों को भूल चुकी है। शर्मा ने सरकार की नीतियों को गिनाया इन्होंने बताया कि 15 सालो रमन सरकार में किसानों का स्तर किस स्थान में था और आज कांग्रेस सरकार में किसानों की क्या दशा है। आज किसानों को बारदाने के लिए कितनी मुस्किलो का सामना करना पड़ रहा है भुपेश सरकार ने हर वर्ग को ठगा है पर किसानों के हित के लिए भारतीय जनता पार्टी आज विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम हुआ है और 22 को जिला स्तरीय धरना कार्यक्रम किया जाएगा। भाजपा के जिला पदाधिकारी, सभी मंडल के पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, प्रकोष्ठ धरना स्थल पर भाटापारा में बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे से चल रहे इस धरने में भाजपा नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# दशगात्र में सम्मिलित हुई संसदीय सचिव साहू



पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत भवानीपुर में युद्धेश्वर साहू के पिता मनोहर साहू के दशगात्र कार्यक्रम में शकुंतला साहू उनके निवास पहुंचकर मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके छायाचित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। इस अवसर पर सेवक साहू, तेजराम साहू, सुकालूराम यदु, डॉ कृपाराम साहू, नारायण प्रसाद निषाद सरपंच, सोनसाय साहू, धनेश साहू, टिकेश्वर साहू, शिव दयाल वैष्णव, अघनु निषाद, नरेंद्र चंद्राकर, प्रेम चंद्राकर, मदन साहू, मनहरण साहू, भुखन नेताम, बीरेंद्र साहू, डॉ तोमन लाल साहू,तीज राम साहू,वीरेंद्र साहू,युधेश्वर साहू, तुकाराम, देवलाल साहू, मुखी साहू ग्रामीणजन, एवं परिजन उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 5 साल पूरे

# अब तक 1.15लाख किसानों को 198 करोड़ से अधिक राशि का हुआ भुगतान

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजारा
www.dailypioneer.com





प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 5 साल पूरे हो गए है। योजना के 5 वी वर्षगांठ के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा जिला एवं विकासखण्ड कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर योजना लाभांवित किसान एवं अन्य किसानों के मध्य योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। 5 सालों में इस योजना से इस योजना से जिले में अब तक 1लाख 15 हजार 754 किसानों को 198 करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान हुआ है। उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया की शुरूआती वर्ष खरीफ 2016 में बीमा कम्पनी इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेन्स लिमिटेड, रायपुर द्वारा जिला में कुल बीमित कृषक 93438 कृषकों में से 5627 कृषकों को 7,29,52,394 रूपये का भुगतान किया गया तथा रबी वर्ष 2016-17 में अन्तर्गत कुल बीमित कृषक 1519 कृषकों में से 469 कृषकों को 13,36,569 रूपये का भुगतान किया गया है वर्ष खरीफ 2017 में बीमा कम्पनी इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेन्स लिमिटेड, रायपुर द्वारा जिला में कुल बीमित कृषक 91225 कृषकों में से 60192 कृषकों को 1,39,74,32,683 रूपये का भुगतान किया गया तथा रबी वर्ष 2017-18 में बीमा कम्पनी एग्रीकल्चर इंश्योरेन्स कम्पनी आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा कुल बीमित कृषक 807 कृषकों में से 265 कृषकों को 10,83,701 रूपये का भुगतान किया गया है व वर्ष खरीफ 2018 में बीमा कम्पनी यूनाईटेड इंडिया जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड द्वारा जिला में कुल बीमित कृषक 101995 कृषकों में से 27465 कृषकों को 35, 40, 23, 831 रूपये का भुगतान किया गया तथा रबी वर्ष 2018-19 में बीमा कम्पनी बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड द्वारा कुल बीमित कृषक 1229 कृषकों में से 530 कृषकों को 20,37,359 रूपये का भुगतान किया गया है एवं खरीफ वर्ष 2019-2020 में बीमा कम्पनी एग्रीकल्चर इंश्योरेन्स कम्पनी आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा क्रमशः खरीफ 2019 में कुल बीमित कृषक 126821 कृषकों में से 21074 कृषकों को 15,70,59,449 रूपये का भुगतान किया गया तथा रबी वर्ष 2019-20 में कुल बीमित कृषक 155 कृषकों में से 132 कृषकों को 22,78,409 रूपये भुगतान किया। खरीफ वर्ष 2020 में बीमा कम्पनी द्वारा 115511 किसानों का 141545.0567 हेक्टेयर रकबे का फसल बीमा किया गया है। गणना कार्य पूर्ण होने पश्चात् कृषकों को फसल क्षति भुगतान की जावेगी। साथ ही रबी वर्ष 2020-21 में कुल 439 कृषकों का 211.3502 हेक्टेयर रकबे का बीमा किया गया है।

5 साल होने के उपलक्ष्य में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इस योजना के सम्बंध में गांवों में विस्तृत जानकारी आम ग्रामीणों को भी दी गई इसके साथ ही जिन किसानों को इस योजना से लाभ मिला है उनके अनुभव अन्य किसान बंधुओं से साझा किये जा रहे है। सोशल मिडिया के माध्यम से भी विभिन्न किसान समूहों,जिला व विकासखण्ड स्तर पर कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी के समूहों के माध्यम से योजना के 5 वर्ष तक सफल क्रियान्वयन का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा भी किसान समूहों के मध्य प्रचार-प्रसार किया गया। त्मा योजनान्तर्गत कृषक मित्रों के मध्य भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी प्रदाय की गई तथा अन्य कृषकों के मध्य फसल क्षति की आर्थिक हानि को कम करने हेतु कृषकों के मध्य प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रेरित किया गया है। खरीफ वर्ष 2019 से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु अधिसूचित इकाई ग्राम निर्धारित है। जिसकी फसल रकबा 10 हेक्टेयर या अधिक रबी वर्ष 2020-21 अन्तर्गत जिले में अधिसूचित फसल गेहूँ सिंचित एवं चना है, जिस हेतु बीमांकित राशि क्रमशः 25 हजार एवं 30 हजार निर्धारित किया गया है।

## बालक-बालिकाओं की समस्याओं, शिकायत व सुझाव सुझाव पेटी लगाई गई

**गरियाबंद।** किशोर न्याय अधिनियम 2016 के वैधानिक प्रावधानों के तहत किशोर न्याय बोर्ड कल्याण समिति द्वारा गरियाबंद नगर के साईं मंदिर के सामने बाबा सदन (सखी वन स्टाप सेंटर के उपर) और संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में शिकायत व सुझाव पेटी लगाई गई। गरियाबंद जिले के शून्य से 18 वर्ष पूर्व आयु तक के बालक-बालिकाओं के सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के संबंध में उक्त पेटी में अपनी शिकायत व सुझाव दे सकते हैं। जिला बाल संरक्षण अधिकारी के अनुसार आवेदनकर्ता की जानकारी गोपनीय रखते हुए उनके शिकायत पर आवश्यक व नियमानुसार कार्यवाही की जाती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने समझा किसानों का दर्द



**डोंगरीडीह।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के विमल साहू ने कहा कृषि प्रधान हमारे देश भारत में किसानों की स्थिति पहले ही अत्यंत दयनीय है। देश भर में बिजली, पानी, खाद बीज, कर्ज, धान खरीदी में अनियमितता आदि समस्याओं से ग्रसित होकर गरीब किसान आए दिन आत्महत्या करते रहते हैं। ऐसे में केंद्र सरकार के किसान विरोधी तीन नए कानून जिसमें किसानों का मंदिर कहा जाने वाली मंडी की व्यवस्था को ही समाप्त कर उद्योगपतियों और बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने वाले इस कानून के साथ ही एमएसपी के संबंध में स्पष्ट रूप से कोई नीति नहीं होने से परेशान देश के किसानों ने देश की राजधानी दिल्ली में लंबे समय से लगातार आंदोलन कर रहे है। किसान आंदोलन में अब तक लगभग 40 किसानों ने अपना जीवन त्याग दिया है फिर भी केंद्र सरकार के कान में जूं नहीं रेंगी, ऐसे में देश की सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार को इस संबंध में कड़ी फटकार लगाते हुए इस कानून को रोकने की भी चेतावनी दी है।

# कोरोना काल में सबसे अधिक युध्द स्वास्थ्यकर्मियों ने लड़ा, इसलिए डॉ. पैंकरा को लगाया गया पहला टीका

### टीका के अनुभव साझा कर कहा, कुछ भी नहीं हुई परेशानी, बहुत खुशी मिली

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर के जी. एन. एम.प्रशिक्षण केंद्र परिसर में स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ आर.एस. पैंकरा को कोविड-19 का पहला टीका लगाकर जिले में टीकाकरण की शुरुआत की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत रायमुनी भगत, कलेक्टर महादेव कावरे, पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, उप संचालक संचालनालय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा रायपुर एवं जिला प्रभारी डॉ. एन. आर. बेक, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हीरू राम निकुंज, सीएमएचओ पी.सुथार, सिविल सर्जन एफ.खाखा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देश के नाम सम्बोधन को सुना। पीएम मोदी ने देश मे टीकाकरण की शुरुआत करते हुए सभी को टीकाकरण की शुभकामनाएं दी।





### पूरी तरह सुरक्षित है टीका

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और पूरे प्रोटोकॉल का पालन करके लगाया जा रहा है। यहां केन्द्र में वैक्सीनेशन टीम पूरी तरह अलर्ट है। आम जनता को टीका लगाने में कोई शंका या झिझक नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि टीका लगवाने के बाद भी हाथों की सफाई, मास्क उपयोग, सोशल डिस्टेंस के नियमो का पालन सहित अन्य आवश्यक सावधानी बरतनी होगी। इसलिए अब से दवाई भी और कड़ाई भी के नियमो का पालन करना होगा। उन्होंने बताया कि पहला डोज लगने के 28 दिन बाद दूसरा डोज लगाना भी उतना ही आवश्यक है।

### डॉ. पैंकरा के अनुभव

टीका लगने के बाद जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. पैंकरा सहित सभी टीका लगने वाले कर्मचारियों को आधे घंटे तक निगरानी कक्ष मे रखा गया। टीका लगने के बाद डॉ. पैंकरा ने बताया कि टीकाकरण को लेकर वे बिल्कुल आशंकित नहीं थे एवं टीका लगाने के बाद उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। टीका लगवा कर उन्हें बहुत खुशी हो रही है।

### इसलिए मिली इन्हें प्राथमिकता

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने स्वास्थ्य विभाग को कोविड-19 टीकाकरण के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है जब कोरोना जैसी भयावह महामारी पर मानव ने जीत हासिल किया है। टीकाकरण से कोविड-19 के संक्रमण पर अंकुश लगेगा। कोरोना महामारी के दौरान लोगो की सेवा एवं मानव हित में स्वास्थ्य विभाग ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस लिए कोविड के टीका करण में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को पहली प्राथमिकता दी गई है। जिले में टीकाकरण से लोगो मे काफी उत्साह का माहौल है।

## वेक्सीनेशन : इंतजार खत्म, स्वास्थ्य केन्द्र पर टीकाकरण का हुआ श्रीगणेश

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

कोविड-19 के संक्रमण से जूझ रहे अंचल वासियों को आज से कोरोना वैक्सीनेशन की सौगात मिल गई। जिसमें केंद्र पर 1 दिन में 100 लोगों को कोरोना का टीका लगाया जाएगा। पिछले 10 महीने से कोरोना के साए में जिंदगी गुजार रहे लोगों को आज से बड़ी राहत मिलने लगी है कोरोना को जड़ से खत्म करने वाली वैक्सीन का श्री गणेश आज हो गया है जिसमें सबसे पहले आम जनों की रक्षा के लिए अपनी जान दांव पर लगाने वाले कोरोना वारियर्स को टिके लगाए गए। स्वास्थ्य विभाग इसकी तैयारी पूरी तरह कर ली गई थी अंचल में खुशियों की सौगात लेकर आई कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में विभाग के स्वास्थ्य कर्मी को लगाई गई।

### वैक्सीनेशन की शुरुआत

जनता पिछले 10 महीनों से कोरोना महामारी के भय से ग्रस्त है कोरोना महामारी सदी की सबसे बड़ी त्रासदी और स्वास्थ चुनौती बनकर सामने आई थी




लेकिन अब कोरोना महामारी पर ग्रहण लगने वाला है शनिवार आज से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में टीकाकरण को लेकर पूरी तरह तैयार की गई थी अस्पताल को पूरी तरह साफ व स्वच्छ रखा गया था एवं बेलून से बहुत ही आकर्षण ढंग से सजाया गया था। स्वास्थ्य केंद्र में प्रथम कोरोना वैक्सीन का टीका स्वास्थ्य कर्मी लक्ष्मी कांत लहरें पिता रामाधार लहरें को लगाया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक किस्मत लाल नंद, अमृत लाल पटेल, महेंद्र बाघ, जनपद पंचायत सीईओ स्गिनधा तिवारी, क्षीर सागर नायक, मुख्य नगरपालिका अधिकारी के साथ ही पत्रकार उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर

नारायण साहू ने बताया कि सर्वप्रथम स्वास्थ्य कर्मी, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सफाई कर्मचारियों को वैक्सीन लगाए जाना है पूरे ब्लॉक में इन सभी कर्मचारियों पर नजर डालें तो 1675 कर्मचारी हैं।

## रोहित कुमार को राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



खपरी पुरी धाम जहाँ पर मुझे बहुत ही बड़ी जिम्मेदारी मानव समाज निमार्ण तथा देश में मानव अधिकार हस्तक्षेप कर अधिकार कायम करने में बड़ी भूमिका निभा पाऊं ऐसे दृष्टि के साथ राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखमू टण्डन सहित राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आत्मा दास महेश्वरी के साथ प्रदेश महासचिव रिझेन्द्र डहरिया सहित सैकड़ों ग्रामीण सदस्यों के उपस्थित में मेरे मानव धर्म के प्रचारक भूमि खपरी धाम में जो कि गुरु कर्म भूमि स्थान में मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसभा पार्टी द्वारा बलौदाबाजार जिला में पार्टी अध्यक्ष की भूमिका निभाने की जिम्मेदारी नियुक्ति पत्र देकर पार्टी द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं। मैं बराबर इसके पहले बलौदाबाजार क्षेत्र क्रं45 में पार्टी ने विधानसभा प्रत्याशी घोषित कर चुनाव लड़ने का भी अधिकार दिया था। जिसे ससम्मान निभाया था। इसी सब विश्वास को देखते हूए. रोहित कुमार पाटिल शंकर मंदिर वार्ड बिलाड़ी को बलौदाबाजार हेतु पार्टी अध्यक्ष कि जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं। मैं पार्टी में निष्ठा से काम करने हेतु सहृदय प्रति बद्धता जाहिर करते हुए नियुक्ति पत्र लिया हूँ। इस संदेश पे मेरे अपने सहयोगी जन स्वागत किये हैं। जिसमें घनश्याम जागड़े पंच,सुनील बंजारे पंच,पूर्व सरपंच डी आर. हिरवानी, जे.आर.हिरवानी कृषक, अजय नेताम पत्रकार, मन्नू मनहरे समाजवादी, नरेन्द्र चौहान जी,बिष्णु निषाद, गोपाल टंडन जी खौली, विष्णु साहु,अरूण कुमार साहू,सन्नी सलेमान, अरूण कुमार गुप्ता, मीरा कन्नौजे अध्यक्ष महिला समूह,गूडियाकलामत,रौशनी साहू, उर्मिला धुरुव, आर जी.पाल,अश्वनी डाण्डे,दशमूली जागड़े, शारदा सोनवान,देवरिषि राज,अखिल इंदुवा, अशोक मरावी सहित सैकड़ों मित्रों ने शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र विकास तथा मानव अधिकार हेतु राजनैतिक हस्तक्षेप करने हेतु शुभकामनाएं देते हूए पद का निर्वहन करने हेतु आशीर्वचन दिये।

## पुलिस ने 2 अलग-अलग मामलों में 2 सटोरियों पर की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com





पुलिस अधीक्षक महोदय आई.के.एलेसेला बलौदाबाजार के द्वारा अवैध शराब जुआ, सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कडे निर्देश दिये गये थे जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर प्रशिक्षु IPS जितेन्द्र कुमार यादव, निरीक्षक विजय चौधरी के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु थाना के स्टाप व मुखबीर को निर्देश दिये गया था जिसपर सटोरियों पर रेड कार्यवाही कर 2 अलग अलग मामलों में 2 सटोरियों पर कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।

थाना भाटापारा शहर मे मुखबीर सुचना मिली कि रामसागर पारा तालाब के पास मनहरण सेन मोबा0 पर सट्टा पट्टी लिख रहा है तथा एक रूपये की अस्सी रूपये देने की बात बोल कर मोबा. पर सट्टा काम कर रहा है कि सुचना पर हम0 स्टाफ एवं गवाह को साथ लेकर मौका का घेरा बंदी किया गया आरोपी रामसागर पारा तालाब के पास मोबा. पर सट्टा पट्टी लिखते मिला जिसे स्टाफ के साथ पकडे तथा मोबा. को चेक किये तो वाटअप में अंको को सामने रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगा सट्टा पट्टी मिला आज के कई सटटा के मैसेज भी मिला तथा आरोपी के पास से एक कोरे कागज में अंको से लिखा सटटा पटटी व नगदी रकम 2000/रू. मिला कि आरोपी मनहरण सेन उर्फ कल्लू पिता पुसउ राम सेन उम्र 45 साल साकिन रामसागर पारा भाटापारा का कृत्य अप.धारा 4 (क) जुआ एक्ट का घटित करना पाये जाने से एक ऋद्धस्त्रद्वद्ध कंपनी का मोबा0 किमती 8000/रू0 एवं एक कोरे कागज में अंको का सट्टा पट्टी लिखा व नगदी रकम 2000/रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसपर थाना भाटापारा में अप. क्र. 34/21 धारा 4(क) जुआ एक्ट पंजीबद्ध किया गया ।

मुखबीर सुचना मिली कि रामसागर पारा पूसउ डाक्टर के घर के पास गोपाल यादव सट्टा पट्टी लिख रहा है तथा एक रूपये की अस्सी रूपये देने की बात बोल कर सट्टा काम कर रहा है कि सुचना पर हम0 स्टाफ एवं गवाह को साथ लेकर मौका का घेरा बंदी किया आरोपी रामसागर पारा पूसउ डाक्टर के घर के पास सट्टा पट्टी लिखते मिला जिसे स्टाफ के साथ सटटा पटटी लिखते पकडे आरोपी के पास से एक कोरे कागज में अंको से लिखा सटटा पटटी एक डाट पेन व सटटा पटटी का नगदी रकम 1830/रू. मिला कि आरोपी गोपाल यादव पिता महेश कुमार यादव उम्र 30 साल साकिन राम सागर पारा भाटापारा का कृत्य अप.धारा 4 (क) जुआ एक्ट का घटित करना पाये जाने से एक कोरे कागज में अंको का सट्टा पट्टी लिखा, एक डाट पेन व नगदी रकम 1830/रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया ,जिसपर थाना भाटापारा में अप. क्र. 35/21 धारा 4(क) जुआ एक्ट पंजीबद्ध किया गया ।

## जमुना को बच्चों की पढ़ाई के लिए मिला नया मोबाइल



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने जनचौपाल में लोगों की समस्यायें सुनी तथा उसका निराकरण किया। चांदमारी में रहने वाली जमुना देवांगन अपनी समस्या लेकर जनचौपाल में पहुंची थी। उसने बताया कि वह यहां अपने दो बच्चों के साथ रहती है, जिसके भरण-पोषण की जिम्मेदारी भी उस पर ही है। यहां वह एक दुकान में काम कर अपनी आजीविका चलाती है। कोरोना के कारण उसके काम पर भी असर पड़ा है। जिसके चलते उसे अपने बच्चों के स्कूल की फीस भरने में दिक्क त जा रही है। मोबाइल न होने के कारण बच्चे ऑनलाईन क्लास भी अटेंड नहीं कर पा रहे है। कलेक्टर ने तत्काल जमुना को एक नया मोबाइल प्रदान किया। साथ ही शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल प्रबंधन से चर्चा कर उनके बच्चों की फीस में रियायत दिलवाएं।

## निजी कारणों से धनकुमार ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**डोंगरीडीह।** ग्राम पंचायत डोंगरा के वर्तमान सरपंच धनकुमार औधेलिया को बुधवार 13 जनवरी को राहुल गांधी विचार मंच का ब्लॉक अध्यक्ष लवन नियुक्त किये गए थे।



जिस पर धनकुमार औधेलिया ने व्यक्तिगत कारणों से अपने पद का इस्तीफा राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के के वर्मा को पत्र के माध्यम से सौंप दिया है। उक्ताशय की जानकारी धनकुमार औधेलिया ने गोलू कैवर्त को दी हैं।

# तालियों की गड़-गड़ाहट के बीच में लगा उम्मीदों का पहला टीका

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पूरे देश की तरह बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए भी आज का दिन कोविड महामारी को लेकर ऐतिहासिक रहा। जिले में आज से कोरोना टीकाकरण की शुरूआत हो गई। जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ सर्जन एवं पूर्व सीएचएमओ डॉ. ए के झंवर को पहला टीका लगाया गया। इस दौरान संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल,अध्यक्ष हितेंद्र सिंह ठाकुर,पार्षद रूपेश ठाकुर, कलेक्टर सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला,सँयुक्त कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल सीएचएमओ डॉ. खेमराज सोनवानी,सिविल सर्जन डॉ. अभय सिंह परिहार,सर्विलांस अधिकारी डॉ. राकेश प्रेमी जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, जिला चेम्बर आफ कार्मस के अध्यक्ष जुगल किशोर भट्टर सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी साथ ही मीडिया के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे। जिले में आज तीन जगहों जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार,पलारी





विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसमंदी,भाटापारा विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिटकुली में कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत एक साथ हुई। कोसमंदी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहला टीका पलारी बीएमओ डॉ एस आर निराला,और बिटकुली में पहला टीका स्टाफ नर्स दुलारी मजूमदार को लगाया गया। जिला अस्पताल में आयोजित टीकाकरण शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,नगर पंचायत अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल कलेक्टर सुनील कुमार जैन एवं एसपी आई के एलेसेला ने भगवान गणेश पर माल्यर्पण कर केंद्र में प्रवेश किया। जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर ने डॉ झंवर को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दिए। इसके बाद डॉ ए के झंवर को नर्स मीनादास ने आधा मिलीलीटर कोविशील्ड टीका लगाया। टीका लगने के बाद डॉ. झंवर को आधा घंटे के लिए डॉक्टरों की निगरानी में काउंसिलिंग रूम में रखा गया। दूसरा टीका वरिष्ठ सर्जन डॉ. एस एस वाजपेयी को लगा।

संसदीय सचिव चंद्र देव राय,जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा कलेक्टर सुनील कुमार जैन,एस पी आई के एलेसेला ने पूरी प्रकिया के दौरान उपस्थित रहे एवं टीका लगने के पश्चात सभी मरीजों से बातचीत कर उनका हाल चाल जाना एवं उनका हौसला बढ़ाया। गौरतलब है की जिले को पहली खेप में 5280 कोवीशील्ड वैक्सीन मिली है।वैक्सीन को दो से आठ डिग्री सेल्सियस तापमान पर सुरक्षित रखने के पूरें इंतजाम स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहले ही कर लिए गए हैं। जिले में 10 हजार से अधिक फ्रंट लाईन वर्कर्स को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए कोविशील्ड वैक्सीन लगेगी। पहली खेप में मिली वैक्सीन लगने के बाद वैक्सीन की अगली खेप जिले को प्राप्त होगी। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. सोनवानी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार सबसे पहले फ्रंट लाईन वर्कर्स में महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अमले को कोवीशील्ड वैक्सीन के डोज लगाए जाएंगे।

जिसमें प्रतिदिन प्रत्येक केंद्र में 100 - 100 लोगों का वैक्सीनेशन किया जायेगा। आज तीन केन्द्रों में 300 लोगों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। डॉ. सोनवानी ने बताया कि वैक्सीनेशन के लिए सभी तैयारियां पहले से पूरी कर ली गई थी। साथ ही तैयारियों का परीक्षण भी ड्राय रन द्वारा किया जा चुका है। एक व्यक्ति को कोवीशील्ड का आधा मिलीलीटर डोज टीके के रूप में लगाया जाएगा।

## सोनपुरी गौशाला में मनाया मकर संक्रांति

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

मां भगवती बहुउद्देशीय गौशाला सोनपुरी में जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल के मुख्य अतिथि एवं जिला महिला कांग्रेस ग्रामीण सीता अमृत पटेल की अध्यक्षता में उत्साह पूर्वक मकर संक्रांति महोत्सव मनाया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में सरोजिनी सिवासंकर पाणिग्रही, कुंदन अग्रवाल, राम संजय अग्रवाल मंचासीन थे सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उषा पटेल ने गौशाला एवं उनके संचालन पर प्रसन्नता व्यक्तकरते हुए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया इसके अलावा वहां कटंगी नाला में अति शीघ्र पुलिया निर्माण कराने का भी आश्वासन दिया। साथी समुदायिक फल उद्यान हेतु ग्राम पंचायत से 10 एकड़ भूमि का प्रस्ताव देने की बात कही कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सरला कोसरिया, राजा बग्गा, विश्वनाथ नायक, मदन लाल अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत खोखे पुर सरपंच, ग्राम पंचायत बलौदा की सरपंच कमलेश्वरी दीवान, ग्राम पंचायत डूमरपाली सरपंच तेज कुमार साहू, ललित भोई, केपी तिवारी, नंदलाल भोई, दीनबंधु चौधरी टिकेश्वर साहू गोपाल प्रधान अंगद डडसेना, प्रदीप गुप्ता तरुण शपथ ली तुलसी प्रसाद पारीक धर्मेंद्र ठाकुर उपस्थित थे उपस्थित ग्रामीण वृद्धजनों को मदन लाल अग्रवाल द्वारा साल वितरण किया गया।

कार्यक्रम का संचालन गौशाला समिति के उपाध्यक्ष कन्हैया लाल पटेल एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष बसंत साहू ने किया।

**छत्तीसगढ़ पोल्ट्री के संचालक को दिया जाएगा मुआवजा**

# गिधाली के छत्तीसगढ़ पोल्ट्री फार्म की 10 हजार 500 मुर्गे-मुर्गियों को रैपिड रिस्पांस टीम ने नष्ट कर दफनाया, वही आज 32 कबूतरों को दफनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद ग्राम गिधाली के जीएस पोल्ट्री फार्म से 1 किमी के दायरे को संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया हैं। वही अब रैपिड रिस्पांस टीम के द्वारा इस संक्रमित क्षेत्र के अंतर्गत पोल्ट्री फार्म की मुर्गे-मुर्गियों एवं ग्रामीणों के द्वारा पाली गई मुर्गे-मुर्गियों सहित अन्य पक्षियों को मारा जाएगा। शनिवार को प्रदेश के पशु चिकित्सा सेवाएं के अपर संचालक डॉ. केके ध्रुव एवं रैपिड रिस्पांस टीम के सदस्य डॉ. फारुखी एवं डॉ. अर्चना टंडन पहुचे थे। जहां रैपिड रिस्पांस टीम ने गिधाली स्थित छत्तीसगढ़ पोल्ट्री फार्म की 10 हजार 500 मुर्गे मुर्गियों को मारकर दफनाया। जेसीबी के जरिये 10 फीट का गड्ढा खोदकर 10 हजार 500 मुर्गे-मुर्गियों को दफन किया गया। मौके पर जिला पशु चिकित्सा विभाग की टीम भी मौजूद रही। वही आज रविवार को 32 कबूतरों को भी नष्ट किया जाएगा। आपको बता दे कि पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद गिधाली के आसपास सर्वे किया गया था। छत्तीसगढ़ पोल्ट्री फार्म की 10 हजार 500 मुर्गे-मुर्गियां एवं गांव की 30 मुर्गियों, ग्रामीणों द्वारा पाली गई 162 देशी मुर्गियां और 32 कबूतरों का चिन्हांकन किया गया था। जिसमें मुर्गे-मुर्गियों को शनिवार को रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा नष्ट किया गया हैं। वही कबूतरों को आज रविवार को नष्ट किया जाएगा। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद गांव के दस किमी दूर तक मांस की बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है। बर्ड फ्लू वायरस से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हैं।

### जांच के लिए सैम्पल लिए गए

पशु चिकित्सा सेवाएं के अपर संचालक डॉ. केके ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि गिधाली स्तिथ जीएस पोल्ट्री फार्म में 210 मुर्गे-मुर्गियों के मौत के बाद जो सैम्पल जांच के लिए भेजे गए थे। उसमे बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई हैं। जिसके बाद जीएस पोल्ट्री फार्म से 1किमी तक के दायरे को संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया हैं। इस सं मित क्षेत्र के अंतर्गत स्तिथ सभी पोल्ट्री फार्म की मुर्गे-मुर्गियों को एवं ग्रामीणों द्वारा भी पाली गई मुर्गे-मुर्गियों एवं अन्य पक्षियों को नष्ट किया जाएगा। ध्रुव ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ पोल्ट्री फार्म की 10 हजार 500 मुर्गे-मुर्गियों को शुक्रवार को टीम के द्वारा चिन्हांकित किया गया था। जिसे शनिवार को रैपिड रिस्पांस टीम के द्वारा नष्ट कर दफनाया गया हैं। नष्ट करने के पहले कुछ मुर्गे-मुर्गियों के सैम्पल जांच के लिए गए हैं। ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ़ पोल्ट्री फार्म के संचालक को मुआवजा भी दिया जाएगा।

## बर्ड फ्लू: सीजन में ऑफ सीजन हुआ मटन मार्केट

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

मुर्गा केवल 110 रुपए किलो। 100 अंडे खरीदें सिर्फ 400 रुपए में। यह बर्ड फ्लू की दस्तक के बाद उस बाजार का हाल है जो शीतकाल के दिनों में सिर चढ़कर बोलता था। भाव में इतनी गिरावट के बाद भी ग्राहकी शून्य पर आती देख बाजार इसमें और गिरावट की आशंका जता रहा है।

पशुपालन विभाग की दर्जनों योजनाओं के बाद जिले के हर ब्लाक में पोल्ट्री फार्म की संख्या तेजी से बढ़ रही है। साथ में बढ़ रहा है इससे जुड़ा कारोबार, जिसे शीतकाल में गति मिलती है। बर्ड फ्लू की दस्तक के बाद सीजन पूरी तरह चौपट हो चुका है क्योंकि कीमतें हर रोज नीचे जा रही है। अलर्ट के बाद किनारा करते उपभोक्ता की दूरी देखकर अब मटन मार्केट भी तेजी से कारोबार समेटता दिखाई देता है।

**ऑफसीजन जैसा सीजन:** नवंबर माह के अंत से गति पकड़ने वाला यह बाजार दिसंबर और जनवरी अंत तक पूरे शबाब पर रहता है लेकिन बर्ड फ्लू की दस्तक के बाद यह बाजार ऑफसीजन में प्रवेश करता दिखाई देने लगा है क्योंकि उपभोक्त ाओं ने तेजी से दूरी बनानी चालू कर दी है। लिहाजा बाजार संभालने की कोशिश में कीमतों का कम किया जाना शुरू हो चुका है।



**दुकान होने लगे वीरान:** मटन मार्केट में चहल-पहल तो है लेकिन इसमें ग्राहक नहीं बल्कि दुकानदार और पोल्ट्री फॉर्म से जुड़े हुए लोग हैं जो खरीदार के इंतजार में कीमतें कम करने जैसी योजना को मिली असफलता के बाद दूसरे उपाय की खोज में है। प्रयास के बावजूद मिल रही विफलता के बाद दुकानों में स्टॉक का कम किए जाने की कोशिशें चल रही हैं ताकि ज्यादा नुकसान नहीं उठाना पड़े।

**अब इस कीमत पर:** बर्ड फ्लू की दस्तक और पशुपालन विभाग की अलर्ट के बाद मटन मार्केट में सबसे ज्यादा गिरावट अंडे की कीमत में आ चुकी है। संकट के पहले 550 रुपए सैकड़ा पर बेचा जा रहा अंडा अब 150 रुपए की टूट के बाद 400 रुपए सैकड़ा पर आ चुका है। किलो पीछे 30 रुपए की गिरावट के बाद मुर्गा 110 रुपए किलो पर मिल रहा है तो 160 रुपए किलो पर बिकने वाले मटन को 140 रुपए में भी खरीददार नहीं मिल रहे हैं।

## संपादकीय

# भारतीय क्रिकेट विजय की आशा

**साहस** और नायकत्व की भावना केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं है। ऐसा समय आता है जब जीवन के अन्य क्षेत्रों की तरह क्रिकेट के मैदान में भी ये भावनायें दिखाई देती हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने मेलबोर्न में विपरीत स्थितियों के बावजूद शानदार विजय से इसे दिखा दिया है। ऐसा एडीलैड में पराजय के बाद हुआ जब भारत की बल्लेबाजी पंक्ति अपमानजनक रूप से केवल 36 रन पर ध्वस्त हो गई थी। हालांकि, हमने सिडनी टेस्ट में जीत नहीं दर्ज की, पर भारत ने पूरी ताकत से संघर्ष करते हुए आक्रामक आस्ट्रलेयाई गेंदबाजी का मुकाबला किया तथा आतिथेयों को बार्डर-गावस्कर ट्राफी सीरीज़ में 1-1 की बराबरी तक सीमित रखा। मैच के बाद आस्ट्रेलियन स्किपर टिम पेन ने कहा, 'यह स्वीकार करना बहुत मुश्किल है, हमारे गेंदबाज बहुत अच्छे थे, लेकिन'। इस सीरीज़ का अंतिम मैच ब्रिसबेन में हमारे खिलाड़ियों की दृढ़ता और शारीरिक क्षमता की परीक्षा ले रहा है। आस्ट्रेलिया को विजय की जरूरत है ताकि वह ट्राफी पर फिर कब्जा कर सके, जबकि भारत को एक ड्रा की जरूरत है ताकि वह इसे अपने पास दो साल और बनाए रख सके। भारतीय क्रिकेट के प्रशंसक इसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। आने वाला समय ही परिणाम बताएगा, पर एक चीज निश्चित है कि भारतीय खिलाड़ी इसे जीतने के लिए सर्वोत्तम प्रयास करेंगे, वे न केवल अपनी शारीरिक क्षमता का सर्वोत्तम प्रयोग करेंगे, बल्कि जीत की आशा से भरे होंगे। भारतीय टीम का होटल भले ही एक मिनी अस्पताल में बदल गया हो, पर खिलाड़ी तथा अनिवासी भारतीय गौरव के साथ अपनी टीम के प्रदर्शन के साथ हैं। यह ऐसे माहौल में भी हो रहा है जब वातावरण दर्शकों के एक हिस्से द्वारा की जाने वाली नस्ली टिप्पणियों व गाली-गलौज से भरा है। क्रिकेट टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को लगी चोटें एक स्पष्ट व तात्कालिक खतरा है। अपनी चोटों का इलाज कराने वाले खिलाड़ियों की सूची में जसप्रीत बूमरा, रविचंद्रन आश्विन, मुहम्मद शमी, रवींद्र जड़ेजा व हनुमा विहारी शामिल हैं। गुरुवार तक टीम इंडिया ने खिलाड़ियों के नामों की घोषणा नहीं की थी और कहा जाता था कि इनकी घोषणा ठीक टेस्ट मैच शुरू होने के पहले की जाएगी ताकि घायल खिलाड़ियों को अधिकतम समय मिल सके और वे मैदान में उतरने से पहले अपनी स्थिति का अनुमान लगा सकें। उल्लेखनीय है कि पितृत्व अवकाश पर स्किपर विराट कोहली के भारत लौटने के बाद अंजिक्य रहाणे महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। विराट कोहली अपने पहले पुत्र के जन्म के समय पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहना चाहते थे। इससे रहाणे को नेतृत्वकारी स्थिति में आने का मौका मिला, हालांकि शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद वे इसके इच्छुक नहीं थे। सबसे महत्वपूर्ण है कि भारत के सभी खिलाड़ी 'बेहतरी' की भावना से वंचित रहने के बावजूद विपरीत स्थितियों से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इस टेस्ट सीरीज़ में अपने आंतरिक संघर्ष के साथ बाहरी दुनिया से भी संघर्ष किया है जिसमें सुविधाओं की समस्या, नस्ली टिप्पणियां, महत्वपूर्ण मोड़ पर प्रमुख खिलाड़ियों से वंचित रहना, एक के बाद दूसरे खिलाड़ी को चोट लगना तथा आने वाले महीनों में जीवन की अन्य समस्यायें शामिल हैं। इस प्रकार वर्तमान स्थितियों में परिणाम चाहे जो हो, टीम इंडिया अपना सिर गौरव से ऊपर उठा कर लौट सकती है। आस्ट्रेलियन स्किपर टिम पेन ने अपने देश के प्रशंसकों से अपील की है कि वे संयम बरतते हुए 'कोई समस्या न खड़ी करें'। गाबा आस्ट्रेलिया का गढ़ है जहां वे 1987-88 से एक भी मैच नहीं हारे हैं।

# बंगाल की राजनीति में ओवैसी

## ममता बनर्जी के गढ़ पश्चिम बंगाल में असदुद्दीन ओवैसी ने चुनावी कदम बढ़ाया है। ऐसे में राज्य में आक्रामक चुनाव अभियान की आशा है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक सुपरिचित स्तम्भकार हैं)



असदुद्दीन ओवैसी एक खास किस्म के नेता हैं। वे पढ़े-लिखे बैरिस्टर हैं, अरबी सरनेम वाले हैं तथा नवाब महमूद नवाज़ खान द्वारा एक शताब्दी पहले स्थापित पार्टी के नेता हैं। 1944 में रज़ाकार कासिम रिजवी को पार्टी का नेता बनाया गया था जिन्होंने हैदराबाद के निजाम को अतिरिक्त सैनिक शक्ति प्रदान की थी। 1957 में रिजवी को पाकिस्तान भेज दिया गया, पर वहां जाने से पहले उन्होंने मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन-एमआईएम को अपने विश्वासपात्र जनाब अब्दुल वाहिद ओवैसी को सौंप दिया। उनके बेटे सुल्तान सलाहुद्दीन ने 1975 में पार्टी की बागडोर संभाली और बाद में यह विरासत उनके बेटे असदुद्दीन को मिली। पार्टी का मुख्यालय चारमीनार के निकट शानदार इमारत दारुस्सलाम में है। असदुद्दीन ने हैदराबाद शहर चुनाव क्षेत्र से लोकसभा सीट जीती थी। उनको इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि आज एमआईएम एक अखिल-भारतीय नाम है। अब वे बंगाल की कुछ विधानसभा सीटों पर अपना परचम लहराना चाहते हैं। अरबी भाषा में ओवैसी का अर्थ 'छोटा भेड़िया' है और वे उसी तरह शिकार करना चाहते हैं। संयोग से एक टेलीवीजन चैनल के कार्यक्रम में वे एक सांप्रदायिक विवाद पर बहस में मेरे खिलाफ शामिल हुए। एंकर ने पहले उनकी टिप्पणी मांगी जिस पर मैंने कहा कि यह पड़ोसी देश की वर्तमान स्थितियों से प्रभावित हो सकती है। उनकी जवाबी प्रतिक्रिया विस्फोटक थी।

पश्चिम बंगाल में आक्रामक चुनाव अभियान की उम्मीद है। ममता दीदी को ओवैसी के प्रति खामोशी नहीं बरतनी चाहिए। उनको समझना चाहिए कि मुस्लिम मतदाताओं के लिए कोई भीतरी या बाहरी नहीं है तथा उर्दू के अलावा अन्य भाषायें महत्वहीन हो जाती हैं। इस्लाम का पवित्र बंधन उनको आपस में बांधता है। मुस्लिम मोमिन हैं तथा दूसरे लोग चाहे जितने अच्छे पड़ोसी हों, 'अलग' हैं। मुसलमानों के लिए हिंदू तर्कों का कोई अर्थ नहीं है। दीदी और जनाब के बीच मुख्य मुकाबला पश्चिम बंगाल के पूर्वी जिलों में होगा। मेरे विचार से हैदराबादी की अपील यह होगी-'आओ और मुझे वोट दो क्योंकि मैं तुम्हारे लिए सब कुछ करूंगा। अल्लाह के बंदों मेरी वफादारी तुम्हारे लिए है, जबकि मेरे विरोधियों को अन्य समुदायों से व्यवहार करना है। मेरी पार्टी पूरी तरह से तुम्हारी होगी, जबकि विरोधी की रसोई में 'निरामिष' व 'सामिष', यानी मांसाहारी और शाकाहारी दोनों तरह का भोजन पक रहा होगा। उनके सेक्युलर दोमुंहेपन का प्रमाण भारत में तारीखे इंतिखाब या चुनावों का इतिहास है। मुसलमानों को खुश करो, उनको कभी-कभी दंगों से डराओ फिर उनको सुरक्षा दो और खुश करने का प्रयास जारी रखो। अल्लाह की नजर में वे मोमिन होंगे, पर वोट बटोरने के दृष्टिकोण से वे सरकार के पिंजड़े में बंद शेर की तरह हैं। उनको कष्ट है कि हमला करने योग्य भोजन-पानी नहीं मिलता है। जवाहरलाल नेहरू ने एक बार कहा था कि वे केवल संयोग से हिंदू हैं, वे संस्कृति से मुस्लिम तथा पालन-पोषण से अंग्रेज हैं। इसलिए वे जानते थे कि मुसलमान को क्या पसंद आएगा। चूंकि कांग्रेस पर पटेलवादियों का प्रभुत्व था, इसलिए नेहरू को अपना समर्थन आधार तैयार करना था। विभाजन के आघात से आहत मुसलमान उनकी पहली पसंद थे। शुरुआती चुनावों में लगभग 90 प्रतिशत मुसलमानों ने उनको वोट दिए, जबकि बाकी मतदाताओं में उनको 45 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले। इसके परिणामस्वरूप एक मुस्लिम मतदाता दो हिंदू मतदाताओं के बराबर हो गया। समय बीतने के साथ चीजें बदली हैं और अब ज्यादा हिंदू वोट देने जाते हैं। स्व. सैयद शहाबुद्दीन ने एक राष्ट्रीय दैनिक में अपने समुदाय के बारे में लिखा था कि यदि विकास और पहचान में से एक को चुनना हो तो वे पहचान के साथ जाएंगे। नेहरू के दिनों में उनकी विजय से पहचान के प्रति मुसलमानों का प्रेम स्पष्ट था। हालांकि, वे बहुत गरीब थे। बाद में हिंदू उम्मीदवार ज्यादा जीतने लगे क्योंकि उनका समुदाय उनको ज्यादा वोट देने लगा।

इस प्रकार भारत एक 'असुरक्षित' देश बन गया। इन कारणों से मुस्लिम बस्तियों में नए नायकों की तलाश हो रही है और पुरानी पार्टियों का आधार सिकुड़ रहा है। उनका एक सुपरहीरो असदुद्दीन इस्लाम का शेर है। दीदी का सीधा जवाब होना चाहिए कि मुसलमान सरकार नहीं बना सकते हैं क्योंकि वे बहुत कम हैं। उनको बहुमत पाने के लिए दूसरों से मिलना होगा। उप-प्रधानमंत्री बने बाबू जगजीवनराम ने कभी अपने राजनीतिक कॅरियर में जाति की सार्वजनिक चर्चा नहीं की। यदि वे ऐसा करते तो अधिकतम 18 प्रतिशत वोट पाते। यही समस्या ओवैसी की है। वे पश्चिम बंगाल में सरकार नहीं बना सकते हैं, इसलिए ऐसी पार्टी को वोट देकर अपना वोट क्यों बरबाद किया जाए। चुनाव समाप्त होने के बाद वे बंगालियों को अलविदा कह कर वापस हैदराबाद चले जाएंगे। उनको एक कुल्हड़ चाय पिलाओ, पर अपना वोट न बरबाद करो। मुझे कहीं नहीं जाना है, इसलिए मुझे वोट दो। हालांकि, उम्मा ने बिहार में कुछ वोट ओवैसी को दिए और उनके पांच विधायक जिताए, पर यह देखना होगा कि बंगाल में एमआईएम के कितने विधायक जीतते हैं। देखना होगा कि एक या दो चुनाव बाद ज्यादा सीटें जीतने के रास्ते पर चलते हुए ओवैसी और उनकी पार्टी देश की अखंडता के लिए खतरा न पैदा कर दें। कुल मिला कर हमें विभाजन के सबक नहीं भूलने चाहिए। अगस्त, 1947 में अविभाजित बंगाल के पूर्व प्रधानमंत्री एच.एस. सुहरावर्दी ने उत्तर प्रदेश के खलीकुज्जमा को लिखा था कि विभाजन के बाद भारत में मुसलमानों की रणनीति समूहों में बड़ी बस्तियों पर कब्जे की होनी चाहिए। संयोग से एम.ए. जिन्ना के निधन के बाद खलीकुज्जमा पाकिस्तान में मुस्लिम लीग के अध्यक्ष बने। यदि अनेक बस्तियां एकसाथ आ जाएं तो यह सलाह और विभाजन के काम आ सकती है। भारत सरकार को अब मुसलमानों की बस्तियां बनने से रोकना चाहिए। ओवैसी को सपने देखने वाले निजाम मीर उस्मान अली जैसों से एक भेंट मिली है। तत्कालीन सचिव अली यावर जंग ने सोचा था कि यदि पुर्तगाली मार्मागोआ को बोझ समझते हैं तो उसे बेच देना चाहिए। गोवा खरीदने का विचार बहुत आकर्षक, पर यथार्थ से परे था। विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद यह संभावना उजागर हुई। हैदराबाद की ओर से सर मिर्जा इस्माइल ने यह प्रस्ताव रखा था और उसके बाद सर वाल्टर मोनेक्टन का स्थान था। भारत लिस्बन से परिचित था।

स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भारत गोवा पर पुर्तगाल का शासन नहीं चाहता था और उसने हैदराबाद को स्वतंत्र नहीं होने दिया था। यदि हैदराबाद के पास मार्मागोआ जैसा बंदरगाह होता तो उसका राजनीतिक व आर्थिक महत्व बहुत बढ़ जाता। 1 नवंबर, 1947 को पुर्तगालियों व हैदराबादी वार्ताकारों की बैठक में पुर्तगाल के प्रधानमंत्री सालाजार, सर अलेक्जेंडर रोगर व अंटोनियो बैस्ट्राफसिल्वा ने भाग लिया था। अतीत पर नजर डालते हुए लोकप्रिय हैदराबादी लेखिका जुबेदा याजदान ने दो बातें कही थीं। एक का संबंध मीर उस्मान अली खान की 'काल्पनिक अवधारणााओं' से है जिनसे 'उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया' था। उनकी दूसरी शिकायत यह थी कि दक्षिण भारत में एक स्वतंत्र मुस्लिम राज्य 'का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निजाम मुस्लिम लीग पर बहुत अधिक निर्भर थे।'

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न

> संयुक्त राष्ट्र हिन्दुओं, बौद्धों और सिखों के विरुद्ध बढ़ते अत्याचारों का संज्ञान लेने में विफल रहा है। जब तक यह चयनात्मक रवैया जारी है दुनिया में शांति की संस्कृति को सच्चे अर्थों में बल नहीं मिलेगा।

**कौल जलाली**
(लेखक पत्रकार, निर्माता व निर्देशक हैं)

मानवाधिकार उल्लंघनों की एक और घटना में पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में 11 हजारा कोयला खनिकों का आतंकियों द्वारा हाल ही में अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई। इस्लामिक स्टेट ने इस जघन्य कृत्य की जिम्मेदारी ली है और खनिकों के रिश्तेदारों ने न्याय मिलने की मांगे पूरी न होने तक उन्हें दफन करने से इनकार कर दिया है। हजारा एक फारसी भाषी नृजातीय समूह है जिसका गृहक्षेत्र मध्य अफगानिस्तान में स्थित हज़राजात है। पाकिस्तान में वे अधिकतर बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में रहते हैं। वे शिया मुसलमान होते हैं और पाकिस्तान में उन पर ईरान के प्रति वफादार होने का संदेह किया जाता है।

अत्याचार की इन ताजा घटनाओं ने हजाराओं की लगातार होती हत्याओं की ओर पुनः वैश्विक समुदाय का ध्यान खींचा है और इसकी व्यापक रूप से निंदा की गई है। पाकिस्तान में कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। मंगोलों से मिलते-जुलते लक्षणों के कारण हजारा आसानी से पहचान में आ जाते हैं और पाकिस्तान में हालिया वर्षों में हजारों की संख्या में मारे जा चुके हैं। लेकिन निरंतर जारी इस क्रूर अपराध के लिए किसी को भी कभी दंडित नहीं किया गया है।

पाकिस्तान में अल्पंसख्यकों पर अत्याचार 1947 में देश के अस्तित्वमान होने के कुछ समय बाद से प्रारम्भ हो गए थे लेकिन इनमें बढ़ोतरी जनरल जियाउल हक के शासनकाल में इस्लामीकरण की शुरुआत के साथ ही होने लगी थी। शुरुआत में, उत्पीड़न केवल हिन्दुओं, सिखों, बौद्धें, जैनों एवं ईसाइयों तक ही सीमित था। लेकिन, बाद में शियाओं, अहमदियों, सूफियों, हजाराओं, सेराकियों एवं अन्य संप्रदायों के लोगों का भी होने लगा जो पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में रहते हैं।

इन उत्पीड़नों में अपहरण, हत्याएं, सामूहिक नरसंहार, बम धमाकों से हमले, आत्मघाती हमले, इस्लाम में जबरन धर्मांतरण, न्यायेत्तर हत्याएं, हिंसा की धमकी एवं ईंशनिंदा के आरोपों के तहत हत्याएं किया जाना शामिल है और ये कृत्य निजी द्वेष एवं धार्मिक पूर्वाग्रहों पर आधारित होते हैं। इन अल्पसंख्यकों के विरुद्ध होने वाले अत्याचारों के पीछे प्रेरक बल आस्था ही होती है। जबकि अहमदियों को बहुत पहले ही काफिर घोषित कर दिया गया था, बहुसंख्यक सुन्नी जनसंख्या और शिया अल्पसंख्यकों के विरुद्ध जबर्दस्त पूर्वाग्रह व्याप्त है।

सबसे बुरी बात है कि अल्पसंख्यकों के आराधना स्थलों को अपवित्र किए जाने एवं उन पर हमलों की घटनाएं आम हो गई हैं। उदाहरण के लिए, 31 दिसंबर 2020 को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में एक धार्मिक नेता की समाधि समेत एक हिन्दू मंदिर को कुछ धर्मगुरुओं तथा उग्रपंथी इस्लामवादी जमायते उलेमा-ए-इस्लाम पार्टी के समर्थकों की अगुवाई में एक भीड़ द्वारा आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, सात अग्रणी धर्मगुरुओं समेत 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया। भारत ने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। यह जघन्य घटना अप्रैल 1950 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के तत्कालीन वज़ीरे आज़म लियाकत अली खान के बीच हुए नेहरू-लियाकत समझौते की याद दिलाती है। बंटवारे के फलस्वरूप दोनों देशों के बीच जनसंख्या की अदला-बदली हुई थी। समझौते के अंतर्गत, अन्य मामलों में, दोनों देशों में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की पुष्टि की गई थी और दोनों राज्यों ने अपने-अपने अल्पसंख्यक आयोग गठित किए थे। लेकिन पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की दुर्दशा को देखते हुए, यह स्वाभाविक है कि वहां अल्पसंख्यक आयोग कारगर नहीं रहा है।

दिसंबर 2019 में नागरिकता संशोधन विधेयक पर विपक्ष द्वारा आलोचना को खारिज करते हुए, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि समझौता विफल हो चुका है। उन्होंने कहा था कि यदि समझौते की भावना का पाकिस्तान द्वारा अनुसरण किया गया होता तो यह विधेयक लाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। कुछ भी हो, स्वाभाविक तथ्य पर प्रतिवाद नहीं किया जा सकता कि विभाजन के बाद उन हिन्दुओं, सिखों, बौद्धों, जैनों व ईसाइयों की संख्या जबर्दस्त तरीके से कम हो गई है जो बाद में पाकिस्तान में ही बस गए थे लेकिन जो हिस्से बाद में भारत में शामिल हो गए वहां मुसलमानों की संख्या चरघातांकीय रूप से बढ़ी है। इसके कारण खोजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जबकि भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकार लगातार व प्रभावी ढंग से सुरक्षित किए जाते रहे, पाकिस्तान ने निरंतर सतत उपेक्षा एवं अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के उत्पीड़ने के द्वारा नेहरू-लियाकत समझौते के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद हुआ है कि नेहरू-लियाकत समझौते के तहत प्रत्येक देश को सुनिश्चित करना था कि उसके अल्पंसख्यकों को नागरिकता में अन्यों के साथ पूर्ण समानता का दर्जा मिलेगा और उनके देशवासियों के समान उनसे भी व्यवहार किया जाएगा।

अल्पसंख्यकों के अधिकारों के अतिक्रमण संबंधी एक और घटना में, संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव की अनदेखी करते हुए, पाकिस्तानी सरकार ने करतारपुर गुरुद्वारे के प्रबंधन का हस्तांरण एक गैर सिख निकाय को करने का निर्णय ले लिया। भारत ने कड़ा विरोध जताया और इस घटना की दुनियाभर में निंदा की गई। दिसंबर 2020 में शांति की संस्कृति पर आयोजित एक सत्र के दौरान बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रथम सचिव ने इस तथ्य से सहमति जताई कि यहूदीवाद विरोधी, इस्लामोफोबिया और ईसाई विरोधी कानूनों की निंदा किए जाने की आवश्यकता हे लेकिन यह कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव केवल जूडावाद, ईसाइयत और इस्लाम पर ही बोलते हैं।

## फरमाया



**शुक्रवार** को नई आपात स्थिति प्रारम्भ होने के साथ नियम यह है कि घरों में ही रहें। हालांकि, स्कूल पहले की तरह खुले रहेंगे।

**- एंटोनियो कोस्टा**
पुर्तगाल के प्रधानमंत्री



**हम** जानना चाहते हैं कि सोने की तस्करी की आरोपी, स्वप्ना, आप की बेटी के विवाह में शामिल हुई थी या नहीं।

**- पीटी थॉमस**
कांग्रेस नेता



**शादी** एक क्लिफ हाउस के एक बड़े हॉल में संपन्न हुई थी और केवल नजदीकी मित्र और रिश्तेदार ही शामिल हुए थे। स्वप्ना वहां नहीं थी।

**- पिनरई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## जलवायु परिवर्तन की समस्या

**अभी** हाल ही में दुनिया के शीर्ष कीट विशेषज्ञों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन, प्रकाश प्रदूषण, कीटनाशक, शाकनाशक, आक्रामक प्रजातियों के साथ साथ कृषि और भूमि उपयोग में परिवर्तन की वजह से लगभग हर साल 1 से लेकर 2 प्रतिशत तक कीट पतंगे विलुप्त हो जाते हैं। यह एक बहुत बड़ी समस्या है। अगर हमारे पास कीट पतंगों की कमी होगी तो ये कृषि पर बहुत अधिक प्रभाव डालेगी। ये सभी कीट पतंगे दुनिया की खाद्य श्रृंखला के लिए महत्वपूर्ण हैं और कचरे से छुटकारा पाने में मदद करते हैं। ऐसे में उनका ही विलुप्त हो जाना एक समस्या है। इसमें जलवायु परिवर्तन की बहुत अधिक भूमिका है। बताते चले कि पिछले कुछ दशकों में रासायनिक उर्वरकों की मांग इतनी तेजी से बढ़ी है कि आज विश्व भर में लगभग एक हज़ार से अधिक प्रकार की कीटनाशी उपलब्ध है। जिस प्रकार इनका उपयोग बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे वायु,जल तयह भूमि में इनकी मात्रा भी बढ़ती जा रही है।जो कि हमारे पर्यावरण को निरंतर दूषित कर रही है। इससे कृषि पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ेगा। इसके साथ साथ जैव विविधता भी बहुत अधिक प्रभावित होगी। ये समस्या बाद में हमारे सामने न आए इसके लिए हमें अभी से प्रयास करना होगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

## आज से आगाज़

**भारत** की जीत, वैश्विक मंच पर स्पष्ट दिखाई दे रही। इस बात का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि ब्राज़ील एवं अन्य विकसित व विकासशील देश भी भारत से वैक्सीन मगवाने के लिए कई दफा कह चुके हैं। विश्व में सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का आगाज़ पीएम मोदी के द्वारा किया जा रहा। अभियान लगभग तीन हजार टीकाकरण केंद्रों पर फ्रंट लाइन वर्कर्स को टीका लगाकर शुरू किया जाएगा। देश में 22 मार्च को जनता कर्फ्यू के बाद से लगा लॉकडाउन और उसके बाद, चीज़ों को पुनः पटरी पर लाना अपने आप किसी पहाड़ तोड़ने से कम नहीं था। देश में पीपीई किट और मास्क का बड़े स्तर पर निर्माण हो या फिर 130 करोड़ जनता को सुरक्षित रखना टेढ़ी खीर थी। जबकि भारत ने असम्भव को संभव कर दिखाया। आज विकसित और विकासशील देश महामारी से पस्त हैं और बुरी तरह कराह रहे हैं। ऐसे में विदेशों से अपने नागरिकों को स्वदेश ले आना, उन्हें सुरक्षा और राशन देना, किसी भी देश के लिए आसान काम नहीं था। भारत अपने विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों पर भरोसा करते हुए आगे बढ़ा और आखिरकार दो वैक्सीन को निर्मित करके, वैश्विक स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

## चिंतनीय है किसान आत्महत्या

**करीबन** 1 माह से ऊपर हुए किसान आंदोलन में हर दिन नई नई परिस्थितियों का निर्माण हुआ। और किसान आंदोलन के दौरान लगभग 60 किसानों की जान जा चुकी। कुछ लोगों की ठंड और बीमारी से मौत हुई। और कुछ लोगों ने खुदकुशी कर ली। अभी अभी एक खुदकुशी की घटना फिर सामने आई एक किसान ने खुद को गोली मार ली मौके पर ही मौत हो गई। समाचार पत्र से ज्ञात समाचार के आधार पर ग्रंथी किसान पर कोई कर्ज नही था। इसके पूर्व भी एक ग्रंथी ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली।समझ से परे लगता है कि सरकार से आपकी मांग अगर मनवाना है तो आत्महत्या जैसे पहलू को क्यो अपना रहे है? विरोध का ए तरीका तो गले ही नही उतरता की आप आंदोलन के पीछे अपनी जान को दांव पर लगाए? आत्महत्या करने से क्या फायदा है? किसान आंदोलन के इस भटकते स्वरूप से क्या संदेश समाज मे जाता है यह भी आंदोलनकारियो को सोचना चाहिए। मानव जीवन बड़ा अनमोल होता है। अगर जीवन ही नही रहा तो मांगे पूरी होने का कोई मतलब ही नही रह जाता है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

## वैक्सिनेशन का संसदीय सचिव ने शुभारंभ किया



**बेमेतरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में नव स्थापित कोविड 19 टीकाकरण केंद्र का छ.ग. शासन के संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने शुभारंभ किया। साथ ही वैक्सिनेशन का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण भी किया। उपस्थित डॉक्टरों से चर्चा कर ईलाज संबंधित जानकारी ली। परिसर में स्थित जन औषधि केंद्र का भी निरीक्षण कर दवाइयों की जानकारी ली।

## राम मंदिर निर्माण को लेकर बैठक आयोजित



**बेमेतरा।** रेस्टोरेन्ट फडप्लाजा बेमेतरा जिला मुख्यालय में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान समिति जिला बेमेतरा प्रभारी आशीष तिवारी जी की उपस्थिति में आवश्यक बैठक आहूत की गई उक्त बैठक में पूर्व मंत्री दयालदास बघेल पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल जिला सयोजक राजकुमार चौहान महामंत्री विकाशधर दीवान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा आदित्य वाहनी राम मंदिर निर्माण समिति संरक्षक आदित्य राजपुत राजा पांडेय जी हर्ष तिवारी वरिष्ठ समाज सेवी सुरेन्द मोटवानी अनिल महेश्वरी विजय सुखवानी विकाश तम्बोली दीपेश साहू नीतू कोठारी सुरेश पटेल विजय राजपूत प्रवीण राजपूत सतीश कसार माधो साहू अरुण राठी राजेश दीवान बड़ी संख्या में राम मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारिगण सदस्यगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर महोबे ने जिले में एवियन इनफ्लूएंजा संक्रमण के रोकथाम के दिए निर्देश

■ जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में वेटनरी अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक, वनमण्डलाधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाए, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पत्र जारी कर जिले में एवियन इनफ्लूएंजा बर्ड फ्लू के संक्रमण के रोकथाम हेतु पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार विभागीय समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में बर्ड फ्लू से संबंधित एवं आमजनों की समस्याओं का समाधान तथा आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाए। पशुधन विकास विभाग द्वारा उक्त कार्य योजना के अनुसार आवश्यक संख्या में रैपिड रिस्पॉस दलों का गठन किया जाएगा, जो कि आवश्यक कार्यवाही जैसे कलिंग, पक्षियों के निपटान, पर्यवेक्षण एवं संक्रमित क्षेत्र में कीटाणुशोधन की कार्यवाही के लिए जिम्मेदार होंगे। इन दलों हेतु पीपीई किट एवं सैनिटाईजेशन हेतु आवश्यक सामग्रियों की पर्याप्तता सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर महोबे ने कहा कि संक्रमण पाए गए क्षेत्र के एक किलोमीटर की परिधि को संक्रमित क्षेत्र एवं दस किलोमीटर के क्षेत्र को सर्विलेंस जोन घोषित कर एसओपी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। संक्रमित क्षेत्र एवं सर्विलेंस क्षेत्र की मैपिंग कर स्थानीय भाषा में साईन बोर्ड लगाया जाए। संक्रमित क्षेत्र में कुक्कुट पक्षियों की कलिंग एवं डिस्पोजल की कार्यवाही राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग, पंचायत विभाग प्रतिनिधियों के समक्ष शासन की गाईडलाईन के अनुसार पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा सर्विलेंस क्षेत्र में निगरानी एसओपी के अनुसार सुनिश्चित करें। मारे गए पक्षियों एवं फॉर्म के अपशिष्टों का जैव सुरक्षा नियमों के अनुसार प्रबंधन किया जाए। उक्त पोल्ट्री फॉर्म में कार्यरत कर्मचारियों को दस दिवस हेतु क्वारंटाईन किया जाए तथा स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर लक्षण युक्त कर्मचारियों का एसओपी के अनुसार सैंपल लेकर टेस्टिंग हेतु भेजा जाए तथा एन्टीवायरल प्रोफाईलेक्सिस दिया जाए। साथ ही लक्षण एवं संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक प्रचार-प्रसार कर आमजनों को जागरूक किया जाए। जिले से बाहर एवं जिले के भीतर कुक्कुट एवं अण्डे का किसी प्रकार का भी परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित

मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बर्ड फ्लू संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम करने हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में बर्ड फ्लू से संबंधित एवं आमजनों की समस्याओं का समाधान तथा आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों की आगामी आदेश पर्यन्त ड्यूटी लगाई गई है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में सीबी ठाकुर, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की ड्यूटी प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, अहमद रजा खान सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं विकास श्रीवास्तव सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 तक लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07749-223950 है। नियंत्रण कक्ष में बर्ड फ्लू से प्राप्त शिकायत, समस्या के संबंध में डॉ. टीडी देवांगन, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ (मोबाईल नम्बर 9425563539) को नियुक्त करते हुए उक्त कर्मचारियों को चैबिस घंटे सुव्यवस्थित संचालन हेतु कंट्रोल रूम में ड्यूटी लगाई गई है।

इसके साथ ही जिले में उक्त से संबंधित समस्त विक्रय केन्द्र की निगरानी की भी आवश्यकता है।

# सर्वे सन्तु निरामया, जिला अस्पताल का पहला टीका डॉ. सुगम सावंत को

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

ग्यारह बजे जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन समाप्त हुआ और वैदिक मंत्र सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया के साथ ही वैक्सीनेशन के लिए डॉ. सुगम सावंत को ले जाया गया। यह बहुत भावुक माहौल था। हेल्थ स्टाफ और डॉ. सुगम सावंत भी बड़ी भावुक थीं। इन्होंने लगभग दस महीनों से कोरोना का दंश लगातार झेला था और अब वैक्सीन के रूप में आशा की किरण आ गई थी। पहला टीका जब लगा तो डॉ. सावंत, विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, सीएमएचओ डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर सहित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विक्ट्री साइन दिखाया। ये उमंग का क्षण था। इसके बाद आधे घंटे के लिए डॉ. सावंत को आब्जर्वेशन में रखा गया। सब कुछ सही तरह से हुआ।

किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं देखा गया। डॉ. सुगम के तुरंत बाद डॉ. केडी तिवारी को टीका लगाया गया। इस दौरान वैक्सीन के प्रोटोकाल के पूरे प्रोसीजर का पालन किया गया। किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए जिला अस्पताल में पूरी तैयारियाँ रखी गई थीं। जिला अस्पताल के साथ ही चार अन्य केंद्रों में भी टीकाकरण आरंभ हुआ। शंकराचार्य हास्पिटल जुनवानी, पाटन स्वास्थ्य केंद्र, नगपुरा स्वास्थ्य केंद्र और बैकुंठपुर में भी टीकाकरण हुआ। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर दिव्या वैष्णव, सिविल सर्जन डॉ. पी. बालकिशोर, आरएमओ डॉ.अखिलेश यादव जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने की मानिटरिंग- कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज पांच केंद्रों में आरंभ हुई वैक्सीनेशन की मुहिम की मानिटरिंग की।

इसके लिए सभी केंद्रों में नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए भी तैयारियाँ की गई थीं। विधायक ने दी हेल्थ स्टाफ को बधाई, कहा ये शुभ घड़ी- इस मौके पर विधायक अरुण वोरा ने हेल्थ स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूरे कोरोना काल में आपने पूरी निष्ठा और साहस के जज्बे के साथ पेशेंट की सेवा की। कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में आपका योगदान अहम रहा। आज से टीकाकरण आरंभ हुआ है। इसके लिए भी बहुत अच्छी तैयारियाँ जिला अस्पताल में की गई हैं। पूरे प्रोटोकाल के मुताबिक कार्य हो रहा है। आज बहुत शुभ घड़ी है। वैक्सीनेशन से कोरोना संक्रमण को पूरी तरह थामने की दिशा में बड़ी मदद मिलेगी।

# कोविड-19 टीकाकरण की हुई शुरुआत, सिविल सर्जन डॉ. देवदास को लगा पहला वैक्सीन

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में कोविड-19 टीकाकरण के प्रथम चरण की शुरूआत हुई। शनिवार से टीकाक्रांति की शुरुआत हो चुकी है। यह स्वर्णिम क्षण इतिहास के पन्नो में दर्ज हो जाएगा। जिस पल का देशवासियो को इंतेजार था। उस पल को जिले के फ्रंट लाइन वर्कर याने की स्वास्थ्य कर्मियों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रथम चरण में 300 हितग्राहियों ने टीका लगवाया। जिला चिकित्सालय बालोद के टीकाकरण केन्द्र में कोविड-19 का पहला टीका सिविल सर्जन डॉ. एसएस देवदास और दूसरे नम्बर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एसके सोनी को लगाया गया। प्रथम चरण में 300 हितग्राहियों ने टीका लगाया गया। जिले के 3 टीकाकरण केंद्र देवरी, अर्जुन्दा और बालोद में टीकाकरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्वास्थ्यकर्मियों को हौसला बढ़ाने जिले के कलेक्टर जनमेजय महोबे और एसपी जितेंद्र सिंह मीणा बालोद के कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पहुचे। जहां कलेक्टर व एसपी ने गुलदस्ता भेंट कर और मुह मीठा कराकर उत्साहवर्धन बढ़ाया। वही कोविड वैक्सीन सेंटर के बाहर खूबसूरत रंगोली बनाई गई थी। जो आकर्षण का केंद्र रही। रंगोली में कोरोना को चेतावनी देते हुए भागो भारत ने हमला किया का संदेश दिया गया।आपको बता दे की वैक्सीन लगने के बाद किसी भी प्रकार के साइड इफेक्ट होने की बात अब तक सामने नही आई है। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के टीकाकरण केन्द्र में पहला और दूसरे नम्बर पर टीका लगवाने वाले सिविल सर्जन और जिला टीकाकरण अधिकारी से निगरानी कक्ष में बात की और पूछा कैसे लग रहा है, दोनों डॉक्टर ने बताया कि अच्छा लग रहा है। कलेक्टर श्री महोबे ने कोविड-19 टीकाकरण हेतु तैयार किए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा पहुँचकर टीकाकरण कार्य के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर ने वहॉ पंजीयन काउंटर, प्रतीक्षा कक्ष, टीकाकरण कक्ष, निगरानी कक्ष, प्रबंधन कक्ष व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने वहॉ कोविड-19 का टीका लगवाने वाले स्वास्थ्यकर्मियों से भी चर्चा की। कलेक्टर ने वहॉ ड्यूटीरत डॉक्टर व स्टॉफ को सजगतापूर्वक टीकाकरण कार्य करने के निर्देश दिए।

## जिला आबकारी की बड़ी कार्यवाही

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री पर सतत कार्यवाही करते हुए आबकारी विभाग के वृत प्रभारी एसआर भांडेकर और आबकारी आरक्षक देवप्रसाद पटेल व दिग्म्बर बुरा के द्वारा दल्लीराजहरा के एक रिहायशी मकान में छापेमार कार्यवाही की गई। जहां 57 देशी प्लेन का पौव्वा जब्त की गया। जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दल्लीराजहरा कॉलेज रोड स्तिथ राधाकृष्णन वार्ड निवासी विक्की राव पिता मोहन राव (25वर्ष) के मकान से 57 नग देशी प्लेन के पौव्वा जब्त किया गया हैं। उक्त आरोपी पर छग आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2), 59-क गैरजमानती प्रकरण कायम कर मौके से गिरफ्तार कर रिमांड में भेजा गया हैं।

# डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना से मरीजों को मिलेगा ई-कार्ड से लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में इलाज कराने हेतु अब मरीजों का ई-कार्ड से किया जा रहा मुफ्त उपचार। मुफ्त उपचार प्राप्त करने हेतु मरीजों को राशन कार्ड व आधार कार्ड एवं कोई भी फोटोयुक्त शासकीय पहचान पत्र साथ लेकर आना होगा जिससे मरीजों को तत्काल आयुष्मान भारत योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांर्गत ई-कार्ड बनाकर मुफ्त उपचार का लाभ मिल पायेगा। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ एस के मण्डल द्वारा बताया गया कि, आयुष्मान भारत योजनांर्गत शासन के मंशानुरूप जिले के समस्त पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में ई- कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें मरीजों को इलाज कराने के लिए दर दर भटकना पडता था लेकिन अब ऐसा नहीं है इसके लिए योजनांतर्गत पंजीकृत शासकीय व निजी चिकित्सालयों में जाकर आयुष्मान मित्रों व कियोस्क ऑपरेटरों से संपर्क कर योजना के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी व अपना ई-कार्ड निःशुल्क बनावाया जा सकता हैं।

### ई-कार्ड निःशुल्क प्राप्त करने हेतु पात्रता

केन्द्र सरकार के द्वारा जनगणना 2011 के अनुसार सामाजिक आर्थिक एवं जातिय जनगणना 2011 के तहत चिन्हांकित



परिवारों को ईलाज हेतु 05 लाख तक प्रतिवर्ष एवं राज्य सरकार के समस्त राशन कार्डधारी परिवारों को अन्तयोदय/प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों को 05 लाख तक प्रतिवर्ष स्वास्थ्य सहायता प्रदान किया जावेगा एवं ए पी एल राशन कार्डधारी परिवारों को 50 हजार तक प्रतिवर्ष निःशुल्क स्वास्थ्य सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### कोरोना पाजिटिव मरीजों का भी बनेगा ई-कार्ड

सी एम एच ओ , डॉ एसके मण्डल द्वारा बताया गया कि, इस योजना का लाभ करोना पाजिटीव मरीजो को भी प्रदान किया जावेगा। उन्होने बातया कि, करोना संक्रमित होने के बाद सरकारी चिकित्सालयों से ईलाज कराकर ठीक हुए मरीजों को भी योजनांतर्गत ई - कार्ड बनाया जा रहा हैं।

# पीजी कॉलेज कवर्धा में प्राणिशास्त्र विभाग ऑनलाइन सेमिनार आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



आचार्य पंथ गृंधमुनि नाम साहेब पीजी कॉलेज कवर्धा में जूलॉजी विभाग द्वारा ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। कोरोना काल की विकट परिस्थिति में जहां समस्त स्कूल कॉलेजो में पढ़ाई पूरी तरह से बंद पड़ी है। इसी के चलते शासन के निर्देश अनुसार ऑनलाइन क्लास का आयोजन किया जा रहा है। पीजी कॉलेज कवर्धा के प्राचार्य डॉ बी एस चौहान के अध्यक्षता में एक दिवसीय ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रो0 द्वारिका प्रसाद कोरी (सहायक प्राध्यापक, जंतु विभाग) शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुर सूरजपुर) स्रोत व्याख्याता के रूप में उन्होंने जंतुओं के स्वभाव के बारे में व्याख्यान्त दिए। उक्त कार्यक्रम में डॉ0 ऋचा मिस्त्र (डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रो बायोलॉजी), डॉ. दीप्ती जांगड़े( एचओडी, डिपार्टमेंट ऑफ जंतुविज्ञान) और सिम्मी ठाकुर (गेस्ट लेक्चरर ऑफ जनतुविज्ञान) एवम् लव वर्मा उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में एमएससी जंतुविज्ञान के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिए व इस सेमिनार से सभी विद्यार्थी लाभान्वित हुए इसी तरह के सेमीनार का आयोजन समस्त कॉलेजों में किया जाना चाहिए, इससे अध्यनरत स्टूडेंट्स को लाभ हो सके।

## अवैध होर्डिंग्स को निगम ने किया जप्त, शनिचरी बाजार क्षेत्र से हटाया गया होर्डिंग्स



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग बाजार विभाग की टीम द्वारा शनीचरी बाजार के पास सरदार पटेल प्राथ0शाला के सामने से एक अवैध होर्डिंग्स को हटाकर जप्त किया गया। इस संबंध में राजस्व प्रभारी ऋषभ जैन के द्वारा क्षेत्र वासियों की शिकायत पर होर्डिंग्स हटाने का कहा गया था। बाजार विभाग द्वारा आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार कार्यवाही की गई। इस दौरान बाजार प्रभारी थान सिंग यादव, सहा0 राजस्व निरीक्षक शशी यादव, ईश्वर वर्मा, भुवनदास साहू व अन्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर में विज्ञापन हेतु प्रचार-प्रसार के लिए 6 जोन का निर्माण किया गया है। जहॉ निर्धारित होर्डिंग्स बोर्ड लगाये गये हैं जिसमें ही फ्लैक्स आदि लगाकर विज्ञापन आदि के लिए उपयोग किया जाता है। इस प्रकार से किसी भी स्थान पर सड़क किनारे, नाली के ऊपर या रिक्त जगह पर होर्डिंग्स बोर्ड नहीं लगाया जा सकता। शनीचरी बाजार में लोहे का पोल गाड़ कर बोर्ड लगाने की तैयारी की जा रही थी।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी, अन्तर्राज्यीय गैंग के 3 आरोपियों को यूपी से पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुजुर्ग लोगों को एटीएम मशीन से रकम निकालने में मदद के बहाने बनाते थे निशाना**

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




पुलिस ने एक बार फिर एटीएम कार्ड बदलकर और उसका पिन नम्बर प्राप्त कर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के 3 आरोपियों को यूपी से गिरफ्तार करने सफलता हासिल की हैं। पकड़े गए आरोपियो द्वारा एटीएम कार्ड क्लोनिंग मशीन आनलाईन खरीद कर एटीएम कार्ड क्लोन बनाकर भी लोगों से ठगी किया करते थे। मामले का खुलासा एएसपी डीआर पोर्ते ने प्रेस वार्ता के दौरान दिया हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद डीआर पोर्ते के निर्देशन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद दिनेश सिन्हा के पर्वेक्षण में गुंडरदेही थाना प्रभारी रोहित मालेकर के हमराह में एक विशेष टीम गठित कर थाना गुण्डरदेही के अपराध क्रमांक-259/2019, धारा-420 भादवि, के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में रवाना किया गया था। जिसमें प्रकरण के 3 आरोपितों हिन्दराज पिता राम भरोसे, इरसाद पिता सफीर, और शैलेन्द्र कुमार यादव पिता लाल बहादुर यादव को प्रतापगढ से 13 जनवरी को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर बालोद लाया गया।

### इस तरह देते थे वारदात को अंजाम

आरोपियो द्वारा छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में जाकर एटीएम मशीन में खड़े होकर भेले-भाले लोगो को देख कर टारगेट करते है। फिर उसे पैसा निकालने में मदद करने के बहाने उसका एटीएम कार्ड का पिन नम्बर देखकर उसी प्रकार का दिखने वाला एटीएम कार्ड को लोगो को बातों में फंसा कर बदलकर अपना फर्जी एटीएम कार्ड देकर वहां से फरार होकर या दूसरे एटीएम मशीन में जाकर बदले हुए एटीएम कार्ड में कितना रकम है।

### ये है पूरा मामला

अर्जुन्दा थाना अंतर्गत ग्राम कोटगांव निवासी प्रार्थी टीकम कुमार यादव पिता कन्हैया राम यादव जो कोटगांव हाईस्कूल में कर्मचारी हैं। जो 10 जुलाई 2019 को सिकोसा एसबीआई एटीएम में पैसा निकालने गए थे।

## संत कबीर किसी एक समाज का नहीं बल्कि सर्व समाज के पथ प्रदर्शक रहे : योगेश



**बेमेतरा।** किसान नेता योगेश तिवारी ने कबीर पंथ के द्वारा आयोजित मेला स्थल में पहुंच कर कबीरपंथीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर किसान नेता ने कहा कि संत कबीर दास किसी एक समाज के नहीं बल्कि सर्व समाज के पथ प्रदर्शक थे उनकी वाणी में एक ऐसे समाज की रचना की जिसमें ऊंच नीच जात पात व अन्य किसी भी प्रकार का भेदभाव की कोई जगह नहीं है संत कबीर ने किसी को भी पंथ जाती भाषा इत्यादि से नहीं बांधा उनकी वाणी में समरसता सरलता के साथ सामाजिक न्याय का भाव देखने को मिलता है संतो के आगमन से यह जगह पवित्र हो जाता है हमारे बेमेतरा जिला का यह सौभाग्य है कि यहां प्रतिवर्ष कबीरपंथी ओं का मेला लगता है।

**सोमवार से निगम का कुर्की अभियान होगा प्रारंभ, शहर के 72 करदाताओं का एक करोड़ 7 लाख 94 हजार रुपये बकाया**

# पुलिस बल की मौजूदगी में होगी बकायादारों की संपत्ति का कुर्की

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड क्र0 01 से 60 के अंदर लगभग 72 ऐसे करदाता हैं जो वर्ष 2007 से निगम का टैक्स, दुकान किराया आदि जमा नहीं कर रहे हैं । ऐसे बड़े बकायादारों के यहॉ अब सोमवार से कुर्की कर टैक्स वसूली का अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन द्वारा स्पैरो साफ्टेक प्रा0 लिमि0 को निगम के बाजार अधिकारी थान सिंह यादव, सहा राजस्व अधिकारी प्रकाशधर दीवान, और सहा राजस्व निरीक्षक शशी यादव सहित पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम दुर्ग में 72 करदाता ऐसे हैं किसी का 2007 से प्रारंभ होकर वर्ष 2019 तक लाखों रुपये बकाया है जिसकी वसूली के लिए विभाग द्वारा कई मर्तबा नोटिस जारी कर टैक्स जमा करने की अपील की गई हैं । बावजूद करदाता टैक्स जमा करने में रुचि नहीं लिये । जिसे देखते हुये निगम आयुक्त बर्मन द्वारा नगर पालिक निगम अधिनियम की धाराओं के तहत् अंतिम नोटिस के बाद अब कुर्की कर टैक्स वसूलने के निर्देश दिये हैं। बड़े बकायादारों में तकिया पारा के अब्दुल गफ्फार/अब्दुल रहीम का 1 लाख 27 हजार, इसी वार्ड की श्रीमती प्रेम बाई/कृष्णा लाल का 01 लाख 51 हजार, मोहन नगर वार्ड 13 के कचंन मारोटी 1 लाख 13 हजार, कमला मारोटी 01 लाख 13 हजार, किरण लाखे/नरेश लाखे 01 लाख 77 हजार, वार्ड 16 दर्शन सिंग भारत फेब्रिकेट्रेस का 01 लाख 19 हजार, वार्ड 18 औद्योगिक नगर वार्ड के योगेश जैन छ.ग. इण्ड्रीज का 2 लाख 11 हजार, वार्ड 21 के प्रेमराज जैन/मानिकचंद जी जैन 1 लाख 52 हजार, वार्ड 24 आमदी मदिर वार्ड के बलदेव सिंग/प्रीतम सिंग मालवा का 10 लाख 82 हजार, वार्ड 25 गायत्री मंदिर वार्ड के नेमीचंद नाहर स्वरुप टाकीज का 3 लाख 34 हजार, वार्ड 25 के ही गौतमचंद/सतीश चंद, शैलेष, कमलेश, विमल जैन/मेघराज जैन का 3 लाख 51 हजार, वार्ड 30 तमेरपारा के शेख मोहम्मद का 1 लाख 61 हजार, प्रवीन खान/मनदीप खान शारदा टाकीज इंदिरा मार्केट दुर्ग का 1 लाख 57 हजार, वार्ड 32 ब्राम्हणपारा वार्ड दिगम्बर पंचायत जयाकीर्ति विद्यालय का 1 लाख 12 हजार, वार्ड 35 के अनीश सिंघानियां ओम पारसनाथ डवलपर्स लिमि का 2 लाख 17 हजार, वार्ड 37 आजाद वार्ड के बाबू लाल शर्मा/ द्वारिका प्रसाद शर्मा का 1 लाख 7 हजार, वार्ड 38 मीलपारा के रतन लाल/ चंदनमल जैन का 1 लाख 86 हजार, विजय सोलंकी / कांतिलाल सोलंकी का 2 लाख 1 हजार, ज.एस. बोरकर कदम बिल्डर्स अतुल बोरकर, सचित बोरकर का 1 लाख 67 हजार, वार्ड 54 पोटियाकला ऋषभ सीटी प्राइम बसंत कुमार कटारिया का 2 लाख 51 हजार, वार्ड 55 पुलगांव बसंत कटारिया/ चम्पालाल कटारिया ऋषभ ग्रीन सीटी पुलगांव का 3 लाख 5 हजार, वार्ड 58 उरला सविता सिंग/पिता राजनारायण, नीतु सिंग, अशोक सिंग, सुनीता सिंग, मुकेश सिंह का 1 लाख 94 हजार तथा वार्ड 59 के चालसानी भानू प्रसाद/कृष्णा राव का 4 लाख 55 हजार सहित अन्य बकायादारों सहित कुल एक करोड़ 7 लाख 94 हजार 720 रु0 निगम का टैक्स बकाया है।

# धर्म और अध्यात्म ही राजनीति की पथ प्रदर्शक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम करंजिया नवागांव में शनिदेव के मंदिर के स्थापना के लिए पहुँची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा धर्म और अध्यात्म ही वर्तमान राजनीति का पथ प्रदर्षन कर रही है राजनीति में जो नीति है वह अध्यात्म धर्म और कर्म से ही आती है , जिसके आलोक में हम काम करते हैं,ग्रामीण जीवन मे अभी भी उत्सवधर्मिता कूट कूट कर भरी हुए है,मड़ई, मातर, जयन्ती,नाचा ये सब इसके परिचायक है,

बहुत खुशी होती है मैं राजनीति में ग्रमीण जनों की प्रतिनिधि हूँ, कार्यक्रमों के बहाने यह बहुत करीब से देखने का मौका मिलता है,इस दौरान नवगांव में गौठान निर्माण का भूमि पूजन भी उन्होंने करते हुए कहा कि अंचल के विधायक संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने कहा था विकास की धारा गांव की तरफ भूपेश बघेल की सरकार ने मोड़ दी है,यह सब आने पर सच लगता है, हम सबका सौभाग्य है ऊर्जावान दूरदृष्टि से युक्त जनसेवक विधायक के रूप में क्षेत्र को मिले हैं , विकास का पहिया अब रुकेगा नही,उन्होंने स्थानीय सरपंच तामेश्वर साहू की प्रशन्सा करते हुए कहा कि तामेश्वर के पढ़े लिखे सजग जनप्रतिनिधि होने का लाभ गांव को मिल रहा है,शासन की सभी योजनाओ की जानकारी और लाभ यहाँ के रहवासियों को है।

## क्विक न्यूज

### मनोरमा अग्रवाल कोरोना कर्मवीर राष्ट्रीय सम्मान से हुई सम्मानित

**सक्ती।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का भारत बनाने हेतु, समर्पित संगठन राष्ट्रसृजन अभियान के



अंतर्गत छत्तीसगढ़ रत्न से विभूषित साहित्यकार एवं निस्वार्थ समाज - सेवी मनोरमा अग्रवाल हंसा विहार ,बिलासपुर को कर्मवीर करोना राष्टीय सम्मान से नवाजा गया है,उन्होंने प्रचार किए बिना विकलांगों , गरीबों की सहयोग के साथ करोना काल में निशुल्क मास्क और अन्न-दान करके उल्लेखनीय कार्य किये है। इनकी दो साहित्यिक कृतियां भी प्रकाशित है तथा इन्हें साहित्य - साधना के लिए प्रयाग से डा. हरिवंश राय बच्चन साहित्य सम्मान और बिलासपुर से आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय सम्मान पाकर यशस्वी रही है।

### अग्रवाल सम्मेलन की नवगठित इकाई के अध्यक्ष ने संदीप अग्रवाल

**सक्ती।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने सम्मेलन के अंतर्गत बिहार राज्य की नवगठित कार्यकारिणी के प्रथम अध्यक्ष के रूप में संदीप अग्रवाल कटिहार की नियुक्ति की है, साथ ही सम्मेलन के पूर्वी क्षेत्र के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में अनिल मोहनका आसनसोल को भी बनाया गया है, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के बिहार राज्य इकाई के अध्यक्ष एवं अन्य नए पदाधिकारियों की नियुक्ति पर जहां सम्मेलन के सदस्यों ने एवं अग्रवाल बंधुओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नए दायित्व वान पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी है, तो वहीं सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन पूरी दुनिया के अग्रवाल बंधुओं को एकजुट कर उन्हें सक्रिय रूप से समाज सेवा, राष्ट सेवा एवं जन सेवा के कार्यों में निरंतर सहभागिता करवा रहा है, तथा सम्मेलन द्वारा आने वाले दिनों में देश के सभी राज्यों के साथ ही अन्य देशों में भी संगठन विस्तार किया जाएगा।

# मुंगेली जिले में कोविड वैक्सीनेशन का आगाज

- **कलेक्टर की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय में प्रथम टीका स्वास्थ्य विभाग की डाटा एंट्री आपरेटर आकांक्षा पात्रे को**

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली जिले के सभी तीनों विकास खण्डों में एक साथ आज प्रातः 11 बजे कोविड वैक्सीनेषन का आगाज हो गया है। कलेक्टर पी.एस एल्मा की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय में कोविड वैक्सीनेषन के तहत प्रथम टीका स्वास्थ्य विभाग की डाटा एंट्री आपरेटर आकांक्षा पात्रे को लगाई गयी। कलेक्टर श्री एल्मा ने सुश्री आकांक्षा पात्रे को लगाई गई प्रथम टीका का धैर्य पूर्वक अवलोकन किया। इसके पूर्व प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा टीकाकरण अभियान के संबंध में दी संबोधन को कलेक्टर सहित प्रदेष कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मित्रा, गणमान्य नागरिक राकेष पात्रे, जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महादेव तेदंवे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अधिकारी उत्कर्ष तिवारी, विनय चोपड़ा विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि सहित बडी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने धैर्य पूर्वक सुना। प्रधानमंत्री श्री मोदी विडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से टीकाकरण अभियान के संबंध में संबोधित किया।

कलेक्टर एल्मा ने टीकाकरण अभियान प्रारंभ होने के पहले वैक्सीन की रखरखाव, सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। उन्होने टीकाकरण के संबंध में की गई व्यवस्था का जायजा लेते हुए पंजीयन कक्ष, टीकाकरण कक्ष, प्रतीक्षा एवं निगरानी कक्ष के अलावा प्रवेष एवं निकास द्वार का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होने टीकाकरण के लिए चिन्हाकित प्रथम तीन हेल्थकेयर वर्कर सुश्री आकांक्षा पात्रे, अभिषेक जैन और अखिलेष कौषिल से बातचीत की। कलेक्टर श्री एल्मा की मौजूदगी में ही कोविड वैक्सीनेषन का दूसरा टीका अभिषेक जैन और अखिलेष कौषिक को लगाई गई। कलेक्टर एल्मा आकांक्षा पात्रे की तरह अभिषेक जैन और अखिलेष कौषिक को निगरानी कक्ष में आराम करने की बात कहीं।

कलेक्टर एल्मा ने कहा कि प्रधान मंत्री श्री मोदी ने भारत में दुनिया के सबसे बडे टीका करण अभियान की शुरूआत की है। उन्होने टीकाकरण अभियान की शुरूआत विडियों कांफ्रेंसिग के माध्यम से किया है। कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि कोविड वैक्सीनेषन (टीकाकरण) अभियान का लोगों को बेसब्री से इंतजार था। अब उनका इंतजार खत्म हो गया है। वैक्सीन कोरोना के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक जीत दिलाएगी। उन्होने कहा कि प्रथम चरण में मुंगेली जिले में कोविड-19 का टीकाकरण हेतु सभी तीनों विकास खण्डों से सौ-सौ हेल्थकेयर वर्करों का चिन्हाकन किया गया है। टीकाकरण के लिए जिला चिकित्सालय मुंगेली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव को केंद्र बनाया गया है। जहां चिन्हाकित हेल्थ केयर वर्करों को टीकाकरण लगाया जा रहा है। लेकिन हमें कोरोना के संबंध में जारी दिषा-निर्देशों का पालन करना होगा। हमे मास्क पहनने और शारीरिक दूरी का पालन करते रहना है। इसके पूर्व जिला चिकित्सालय में कलेक्टर एल्मा और गणमान्य नागरिक पात्रे ने कोविड वैक्सीनेषन सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया और टीकाकरण अभियान की शुरूआत के लिए लोगों को अपनी बधाई और शुभाकामनाएं दी।

## कोविड 19 का टीकाकरण आज होंगा प्रारंभ



- **विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल ने लिया वैक्सीन टीकाकरण की व्यवस्थाओं का जायजा**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती में पदस्थ बीएमओ डॉ. अनिल चौधरी द्वारा जानकारी दी गयी कि सक्ती में कोविड-19 के टीकाकरण स्थल हेतु जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय सक्ती का चयन किया गया है, जिसके सन्दर्भ में विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल ने टीकाकरण स्थल पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्ञात हो की जिले के 9 ब्लॉक में दिनांक 16,18 एवं 19 जनवरी को टीकाकरण किया जाना है।तैयारियों के दौरान ब्र्म्ह डॉ अनिल चौधरी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अर्चना तिवारी ,महार सिस्टर एवं अन्य स्टाफ मौजूद थे, शक्ति विकासखंड में कोविड-19 की वैक्सीन टीकाकरण को लेकर जहां पूरा स्वास्थ्य अमला एवं स्थानीय प्रशासन भी सजगता के साथ जुड़ा हुआ है तो वहीं लोगों में भी कोरोनावायरस इन टीकाकरण को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है एवं इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल ने कहा है कि राज्य शासन स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार शक्ति विकासखंड में भी कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण के लिए आवश्यक सावधानियां बरती जाएंगी, एवं प्रथम चरण में निर्धारित लोगों को इसका टीकाकरण किया जाएगा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी टीकाकरण की व्यवस्थाओं को लेकर तत्परता से जुटे हुए हैं, शक्ति अनुविभाग के एसडीएम बीएस मरकाम, तहसीलदार श्रीमती एक्का एवं नायब तहसीलदार शिवकुमार डनसेना के मार्गदर्शन में भी प्रशासनिक अमला पूरी व्यवस्थाओं का समय समय पर जायजा लेकर गति दे रहा है।

## अग्रवाल समाज ने पोरथ मेला में किए गए जरूरतमंदों को गर्म कंबल वितरण किया




पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

14 जनवरी मकर संक्रांति के पर्व पर कंबल वितरण द्वितीय कार्यक्रम के अंतर्गत रायगढ़ से लगे ग्राम पोरथ (जो कि अभी वर्तमान में कोविड-19 के कारण इलाहाबाद के बाद अस्थि विसर्जन हेतु पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बनाई है) अग्रसेन सेवा संघ रायगढ़ द्वारा यहां अस्थि विसर्जन हेतु बहुत अच्छी व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है, पोरथ में मकर सक्रांति पर्व पर काफी बड़ा मेला लगता है दूर दूर से श्रद्धालुगण आते हैं, कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया एवं उपरोक्त कार्यक्रम में श्यामलता बंसल, किशनलाल बंसल सरिया, रामचंद्र अग्रवाल जी, शंकर अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल सारंगढ़ की उपस्थिति रही।

# पवनी सरपंच महेंद्र श्रीवास तत्काल प्रभाव से सरपंच पद से निलंबित

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

भ्रष्टाचार के दोषी पवनी सरपंच महेंद्र श्रीवास को सरपंच पद से हटाए गए । मूल कांग्रेसियों ने जताया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम का आभार । अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ़ द्वारा कोरोना काल के दौरान प्रवासी मजदूरों के खाना-पीना रखरखाव के नाम पर 591538 के वित्तीय अनियमितता करने वाले दोषी ग्राम पंचायत पवनी सरपंच महेंद्र श्रीवास को तत्काल प्रभाव से सरपंच पद से निलंबित कर दिया गया है । विदित हो कि विकासखंड बिलाईगढ़ के पवनी ग्राम पंचायत में कोरोना काल के दौरान बाहर से आने वाले प्रवासी मजदूरों को क्वारंटाइन सेंटर में रखने उनके खाना-पीना हेतु राशन आदि की खरीदी में ग्राम पंचायत पवनी सरपंच महेंद्र श्रीवास द्वारा अपने सहयोगी मोहन किराना दुकान के



संचालक से सांठगांठ कर लगभग 1400000 (चौदह लाख) रुपए फर्जी राशन बिल , जिसमें - तेल 57 पेटी , चावल 49 कट्टा, राहर दाल 49 कट्टा हल्दी 298 किलो मिर्ची 276 किलो मसाला 159 किलो जीरा 117 किलो धनिया 139 किलो खैरी चना 24 कट्टा 120 किलो प्याज 16 बोरी बड़ी 31 बोरी लगाएं जाने की शिकायत उपसरपंच चंद्रपाल यादव एवं आरटीआई कार्यकर्ता नरेंद्र साहू द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ के समक्ष पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के अंतर्गत आवेदन पेश किया गया था, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिलाईगढ़ को जांच कर प्रतिवेदन सौंपने कहा गया था, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जांच में 294 प्रवासी मजदूरों के नाम पर भारी मात्रा में राशन की फर्जी खरीदी कर ?591538 की वित्तीय अनियमितता करने का जांच पुष्टि की प्रतिवेदन पेश किया गया, जिस पर आज दिनांक 13/01/2021 को अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उक्त सरपंच को सुनवाई का उचित अवसर प्रदान करते हुए पद का दुरुपयोग करने व्यक्तिगत लाभ अर्जित करते हुए 591538 रुपए वित्तीय अनिमिता करने का दोषी पाते हुए ग्राम पंचायत पवनी सरपंच पद से निलंबित कर दिया गया है! उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उक्त सरपंच को स्थानीय विधायक व्दारा संरक्षण देने एवं कार्यवाही को विलंब कराने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम से शिकायत किया था।

## कलेक्टर ने किया गुड़ उद्योग का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस एल्मा ने अपने भ्रमण के दौरान कल जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम बोडतराकला पहुंचे और वहां संचालित गुड़ उद्योग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने गुड उद्योग के संचालक एवं पूर्व विधायक भूपेंद्र सिंह ठाकुर से गुड उद्योग के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर एल्मा ने कहा कि राज्य शासन द्वारा लद्यु एवं कुटीर उद्योगों को बढावा दिया जा रहा है। जो ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में सहायक होता है। उन्होने कहा कि जिले में भी महिला स्व. सहायता समूह के माध्यम से लद्यु एवं कुटीर उद्योगों को आगे बढाया जा रहा है। इसी तारतम्य में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत स्व. सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से विभिन्न वस्तुओं का निर्माण किया जा रहा हैं। इसके अलावा जिले के ग्राम बंधवा में संचालित मल्टीयूटीलिटी सेंटर एकीकृत सुविधा केंद्र-आजिविका केंद्र में स्व. सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न वस्तुओं अर्थात् चप्पल निर्माण, आगरबत्ती निर्माण, सिलाई, कढ़ाई, पापड़ निर्माण, पुस्तक बाईडिंग सहित फ्लाईएस से निर्मित ब्रिक्स (ईट) का निर्माण किया जा रहा है। इन महिलाओं को उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को विक्रय की सुविधा मल्टीयूटीलिटी सेंटर में की उपलब्ध करायी गई है।

# 17 सूत्रीय समस्याओं और मांगों को लेकर शिवसैनिकों का धरना

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चाम्पा
www.dailypioneer.com



शिवसेना जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह गहलौत के नेतृत्व व वेदप्रकाश पटेल ब्लॉक प्रभारी मालखरौदा की अध्यक्षता में शिवसैनिकों ने जनहित के 17 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल में ओंकार सिंह गहलौत जिलाध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारियों व ब्लॉक प्रभारियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। धरना आंदोलन का मंच संचालन नीलाम्बर पटेल जिला प्रवक्ता ने किया। धरना को ओंकार सिंह गहलौत, चंदन धीवर जिला महासचिव, शुभम सिंह राजपूत जिला महासचिव, दिलेश्वर विश्वकर्मा जिलासचिव, बलभद्र पटेल जिलासचिव, दिलीप साहू जिला उपाध्यक्ष, गौरीशंकर पाढी जिला कार्यकारिणी, रमेश साहू जिला कार्यकारिणी व अन्य पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया। आभार व्यक्त वेदप्रकाश पटेल ब्लॉक प्रभारी मालखरौदा ने किया। शिवसैनिकों ने मालखरौदा क्षेत्र अंतर्गत जनहित के विभिन्न समस्या के निराकरण की मांग को लेकर लगातार जनपद पंचायत सीईओ महोदय सहित विभागीय अधिकारी मालखरौदा को पूर्व में ज्ञापन सौंपा था। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार के कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण 15 जनवरी 2021 को जनहित के 17 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना आंदोलन मालखरौदा मुख्यालय में किया। जनहित के मांगों व समस्याओं में मुख्य रूप से जनपद पंचायत मालखरौदा के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में हुए अनियमितता की जांच कर, दोषी ब्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही। मालखरौदा के अंतर्गत अधिकांश किसानों का रकबा घटा दिया गया है तथा बरदाने की कमी हो रही है, उसे अविलंब दूर करने। मालखरौदा के अंतर्गत विभिन्न पेंशन के सभी पात्र हितग्राहियों को पेंशन योजना तथा पेंशन की राशि निर्धारित समय-सीमा पर प्रदान करने, विभिन्न पंचायतों के हितग्राहियों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौंचालय निर्माण की राशि प्रदान करते हुए दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही करने।

## राम मंदिर निर्माण समर्पण अभियान 31 को चलाया जायेगा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

श्रीराम जन्म भूर्मि मंदिर निर्माण के लिए जिला समिति गठित हुई है जिला समिति के सदस्यो ने बतलाया कि हमारे परम आराध्य राम जो सब के है उसके मंदिर के निर्माण लिए स्वैच्छिक सहयोग के लिए निधि समर्पण अभियान 31 जनवरी को चलाया जायेगा। जिसमें प्रत्येक गांव, प्रत्येक घर, व प्रत्येक परिवार से स्वैच्छिक सहयोग लेने की कार्य योजना बनाई गई है। जिसके लिए जिला समिति जिले के सभी ग्राम के घर परिवार व लोगो से निधि समर्पण लेकर मंदिर निर्माण हेतु राशि भेजेगी इसके लिए विभिन्न स्तरों पर सम्पर्क हेतु सयोजकों को नियुक्ति कर दायित्व दिया गया है। जो प्रत्येक गांवे से लेकर जिला स्तर पर समर्पण राशि एकत्र करेगे व राज्य स्तर से यह राशि मंदिर निर्माण समिति को अयोध्या भेजी जायेगी। श्रीराम जन्म



भूर्मि तीर्थ क्षेत्र मंदिर निर्माण समिति जिला मुंगेली के जिला संयोजक दिनेश कुमार सोनी ने बतलाया कि 500 साल पुरानी समस्या थी हिन्द्रुओं के आराध्य रामजी का मंदिर विध्वंशियों द्वारा गिराया जाना व वर्तमान में उसका बनाये जाना। हमारी पीढ़ियों द्वारा विनाश देखा गया था आज हमारा सौभाग्य है कि हम निर्माण की ओर बढ़ रहे है।

## दुर्व्यवहार को लेकर पत्रकार संघ ने बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित किया

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



बिलाईगढ़ विधायक के दुर्व्यवहार से पत्रकारों में रोष। पत्रकार संघ ने बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित किया,विधायक राय कि खबर का बहिष्कार करने का भी निर्णय लिया गया। विगत 14 जनवरी को सिरमाल(सलीहा) में विधानसभा स्तरीय पत्रकारों की बैठक हुई।बैठक में संगठन कि मजबूती को लेकर चर्चा हुई उसके बाद विधायक द्वारा पत्रकारों को दुर्व्यवहार करने को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया तथा उनकी खबर को कोई भी अखबार में स्थान नहीं देने का निर्णय लिया गया।उल्लेखनीय है कि विगत माह सरसीवा अंचल के पत्रकारों ने बिलाईगढ़ विधायक चंद्र देव राय से सौजन्य मुलाकात करने उनके निवास स्थान बालपुर गए थे उस दौरान उन्होंने सार्वजनिक रूप से पत्रकारों को धमकाते हुए कहा था कि आप लोग मेरे से बिना पूछे खबर प्रकाशित करते हो आप लोगों को पता होना चाहिए कि प्रदेश में हमारी सरकार है मेरे घर से ही गिरफ्तार कर जेल में डाल दिए जाओगे ,आप लोगों का धंधा व्यवसाय बंद करा दिया जाएगा। महिला से झूठे छेड़छाड़ के आरोप में थाने में मामला दर्ज कर दिया जायेगा ,सरपंच सचिव से अवैध वसूली का आरोप लगा कर मुख्य सचिव और गृह सचिव से अनुसंशा पत्र भेज कर जेल में डाल दिए जाओगे वहीं जिनके यहां सरकारी अधिकारी कर्मचारी हैं उनका स्थानांतरण सुकमा, बस्तर कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सरसीवा क्षेत्र के पत्रकारों ने अंचल में चल रहे जुआ कि खबर,एक पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष का बयान कि खबर प्रकाशित कि गई थी।खबर प्रकाशित होने के बाद से विधायक ने एक वरिष्ठ पत्रकार को मोबाईल से धमकी देते हुए ऐसी खबर न छापने कि हिदायत दी थी। विधायक ने अपने विधान सभा क्षेत्र के पत्रकारों को इसके पूर्व भी विभिन्न अखबारों के संवाददाताओं/ पत्रकारों को हॉकर बोल कर उनका मखौल उड़ाया था तब से संघ के सदस्यों में नाराजगी व्याप्त हैं।बैठक में वरिष्ठ पत्रकारों ने बताया कि पत्रकारों का कर्तव्य होता है कि वे अंचल में चल रही गतिविधियों और विभिन्न पार्टी के नेताओ के बयान को अखबारों के माध्यम से आम जन मानस और शासन प्रशासन को रूबरू कराना। लेकिन सार्वजनिक और पुष्ट खबर को व्यक्तिगत लेकर विधायक द्वारा इस तरह पत्रकारों को धमकाना बेहद निंदनीय घटना है।

## ईंट भट्ठे पर खनिज विभाग ने मारा छापा

- **अवैध रूप से मुरम ले जा रहे दो ट्रैक्टर जब्त, जेसीबी लेकर चालक फरार**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

खनिज विभाग खनन माफियाओं पर नकेल कसने में लगा हुआ है। जिला खनिज विभाग के द्वारा बोंदा टिकरा रोड पर अवैध रूप से चल रहे लाल ईंट के भट्ठे पर कार्रवाई कर जब्त किया गया। साथ ही अवैध रूप से बजरी उत्खनन कर रहे दो ट्रैक्टर को जेसीबी सहित पकड़ा और जब्त किया गया।

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बोंदा टिकरा गढ़ उमरिया रोड पर लाल ईंट का भट्ठा चल रहा था। जिससे सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उगंघन हो रहा था। मीडिया मे खबर चलने और शिकायत होने पर खनिज विभाग की बदनामी हो रही थी। जिससे शुक्रवार को खनिज विभाग ने सक्रियता दिखाई और भट्ठे पर धावा बोलकर कारवाई की। भट्ठा चला रहे अमित कुमार से चार इंट भट्ठे जब्त किए जिसमे पक्के क%चे निर्माण वाले दोनों प्रकार के इंट भट्ठे शामिल हैं। खनिज निरीक्षक उमेश भार्गव ने सख्ती दिखाते हुए जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर जब्त किया।

**जेसीबी लेकर चालक फरार-** खनिज विभाग का काम तो दिखा पर डर नहीं दिखा, क्योंकि जेसीबी को ट्रैक्टर के साथ पकड़कर साथ में ला रहे थे तो जेसीबी चालक को साथ लेकर चलने बोले पर वो चकमा देकर भाग गया। जिसका अंत तक पता नहीं चला। ऐसे में संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि जेसीबी को क्यू नहीं पकड़कर या उसमे बैठकर साथ नहीं लाया गया। अब जेसीबी चालक फरार है उसकी शिकायत भी पुलिस में दर्ज नहीं की गई है। इस तरह आगे भी रसूखदार लोग अपना वाहन लेकर चले जाएंगे तो प्रशासन की ताकत कहां दिखेगी। बहरहाल खनिज विभाग ने कारवाई शुरू की है पर वह अंजाम तक पहुंचती है या नहीं ये देखना है।

# पुलिस कंट्रोल रूम में रेंज आईजी ने ली समीक्षा बैठक

- **अपराध नियंत्रण के साथ, यूथ के लिए बेतहर कार्य करने का दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस कंट्रोल रूम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक लिया गया। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर रतनलाल डांगी के तय कार्यक्रम अनुसार करीब चार बजे सड़क मार्ग से रायगढ़ पहुंचे। पुलिस कंट्रोल रूम में उन्हें सलामी गार्ड द्वारा सलामी दी गई पश्चात वे अपराध समीक्षा बैठक में सम्मिलित होकर अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं।

अपराध समीक्षा बैठक के पूर्व आजी रतनलाल डांगी स्थानीय पत्रकारों से चर्चा कर अपना विजन बताया गया। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रतन लाल डांगी द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देशित करते हुए कहा गया कि पुलिस का मुख्य कार्य समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ अपराध मुक्त रखना है। इस पर बेसिक तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसे और हम सब मिलकर और बेहतर करेंगे लेकिन वर्तमान में युवा वर्ग के साथ, युवा वर्ग के लिए कार्य करना आवश्यक है इसलिए जब भी समय मिले पुलिस अधिकारी यूथ के बीच जाकर उनके लिए कार्य करें। उन्हें गलत राह पर जाने से रोका जाए। इसलिए बेहतर होगा कि नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किया जाए। युवा वर्ग व अन्य लोगों के साथ नौकरी के नाम पर हो रही ठगी को गंभीरता से लें। महिला,



नाबालिगों के अपराधों में समय सीमा में चालान न्यायालय पेश करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। पुलिस की छवि अच्छी हो सज्जन के सज्जनता से तथा क्रिमिनल के साथ सख्ती से पेश आए। आमजन को लगे कि पुलिस हमारे लिए है। पुलिस के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त ना हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। आमजन को अनावश्यक परेशान ना किया जाए। थाने में नाबालिग की रिपोर्ट पर तत्काल एफआईआर दर्ज करें। थाना व थाना परिसर की साफ सफाई में विशेष ध्यान दिया जाए। पुलिस अधिकारी का लुक आउट बेहतर हो। थाना, चौकी प्रभारी का स्टाफ पर नियंत्रण हो। इसके पूर्व अपराध समीक्षा बैठक में एसपी रायगढ़ संतोष सिंह द्वारा वर्ष 2019 एवं 2020 में किए गए कार्यों की तुलनात्मक समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को इस वर्ष नई ऊर्जा के साथ पुलिसिंग को और भी बेहतर करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। अंत में उनके द्वारा सभी प्रभारियों को स्टॉफ पर नियंत्रण रखने एवं किसी की भी स्टाफ की शिकायत को इग्नोर ना कर अवगत कराने निर्देशित किया गया है। समीक्षा बैठक में सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ थाना, चौकी, शाखा प्रभारीगण उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### सयाजी रायपुर के क्रेविंग्स ने पंजाब के असली व्यंजनों के साथ मनाई लोहडी

**रायपुर।** सयाजी रायपुर के ऑल-डे मल्टी-क्विजीन आउटलेट क्रेविंग्स ने शुद्ध पंजाबी व्यंजनों के साथ लोहडी का जश्न मनाया। सयाजी द्वारा पंजाब की धरोहर माने जाने वाले क्विजीन्स का उत्सव मनाने की पहल 'पिंड दा चस्का' फीस्ट का मजा लीजिये। गेस्ट 8 जनवरी से 17 जनवरी, 2021 तक रेस्टोरेन्ट में लोहड़ी के उत्साह में डूबकर असली पंजाबी व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं।

### अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ कार्यक्रम आज

**दुर्ग।** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ जिला दुर्ग द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम 17 जनवरी 2021 को आदित्य नगर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे, मंगल भवन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज डॉ. रामसुंदर दास ( कैबिनेट मंत्री एवं अध्यक्ष गौ सेवा आयोग), दीनदयाल वैष्णव (राष्ट्रीय अध्यक्ष -मुंबई), प्रभुलाल बैरागी (संगठन प्रभारी छत्तीसगढ़), विजय दास वैष्णव एवं राकेश दास वैष्णव (प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष) उपस्थित रहेंगे।

# लाखों के विकास कार्यों का संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन व लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक सुश्री शकुंतला साहू के मुख्यातिथ्य में पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सलौनी में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया, जिसमें 68 लाख के लागत से बने हाई स्कूल भवन का लोकार्पण एवं 8 लाख की लागत से होने वाले हाई स्कूल मैदान समतलीकरण तथा हाई स्कूल प्रांगण में आहाता निर्माण 7 लाख का भूमिपूजन शामिल है।

सर्वप्रथम कार्यक्रम में पहुंचे संसदीय सचिव एवं अन्य अतिथियों का बाजे गाजे के साथ ग्रामीणजनों ने पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ व श्रीफल भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान माननीय संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने उपस्थित सम्माननीय जनों को मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए कहा कि हमारी सरकार कृषि व किसानों के लिए प्रतिबद्ध है। पूरे देश मे हमारे छत्तीसगढ़ में



किसानों के धान सर्वाधिक कीमत पर खरीदी किये जा रहे हैं।उन्होंने बीते दो वर्ष में भूपेश बघेल सरकार की उपलब्धियों के साथ साथ जनकल्याणकारी कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हमेशा से जनता के हित में कार्य करती आई है और हर पल जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए निरंतर विकास कार्य कर रही है।हमारे कसडोल विधानसभा क्षेत्र में ही बीते दो वर्षों में करोडो के विकास कार्य हुए हैं तथा आगे भी विकास की यह गति नही थमेगी, निरंतर विकास कार्य किये जायेंगे। हाई स्कूल भवन लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित बच्चों के माता पिता से उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझकर बच्चों के बेहतर पढ़ाई के लिए विशेष ध्यान देने की अपील की।

इस अवसर पर सरपंचजी एवं ग्रामवासियों की मांग पर संसदीय सचिव ने ग्राम पंचायत सलौनी में लाखों के विकास कार्यों की घोषणा की जिसमे भेखू पैकरा के घर से गुहाराम देवदास के घर तक गली कांक्रीटीकरण हेतु 5 लाख, गुड़ी चौक में रंगमंच निर्माण हेतु 2 लाख, आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 04 में आंगनबाड़ी भवन तथा महामाया के पास बोरखनंन प्रमुख है। समस्त ग्रामवासियों ने विकास कार्यों के लिए मुख्य अतिथि का आभार माना।

इस अवसर पर खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी, गणेश शंकर जायसवाल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी,सुकालू राम यदु, झड़ी राम कन्नौजे, बाबूखान, सुनील कुर्रे, राधिका कलिहारी जनपद सदस्य, भूपेंद्र साहू जनपद सदस्य, नरोत्तम बंजारे जनपद सदस्य,अमृत साहू, उल्लेख साहू, डोमार साहू,सुनील साहू, उत्तम साहू, जानकी ध्रुव, प्रीतम सिंह ध्रुव, लेखराम गनहरे, किरण यादव , दुबेचन्द , धनबाई साहू, नंदेश्वर साहू, विमल साहू, मोहित रजक, संजय नेताम, संतोष बघेल, रामकुमार बंजारे उपसरपंच, दर्शन लाल सेन, ध्रुव साहू, विजय कन्नौजे सरपंच प्रतिनिधि, नरेंद्र साहू, राजनारायण कँवर, रंजीत साहू, सोनी साहू, सुशीला ध्रुव, मनबोधन टंडन, दिलीप सेन, आत्मा बांधे, भिखारी देवदास पूर्व सरपंच, तुलसी बंजारे पूर्व उपसरपंच, शिक्षक देवेंद्र साहू एवं समस्त स्कूल स्टॉफ एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# गोधन न्याय योजना के संचालन में विभागों के साथ गौठान समिति व महिला समूहों का समन्वय महत्वपूर्ण- कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक सृजन सभाकक्ष में ली। सीईओ जिला पंचायत सुश्री ग चा प्रकाश चौधरी भी बैठक में शामिल हुई। कलेक्टर भीम सिंह ने योजनान्तर्गत गौठानों में गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण व विक्रय की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। ग्रामीण आजीविका संवर्धन में इसकी बड़ी भूमिका है। योजना के संचालन में शासकीय विभागों के साथ गौठान समिति व महिला स्व-सहायता समूह का समन्वय बहुत महत्वपूर्ण है।

बैठक में उन्होंने विकासखण्डवार जिन गौठानों में खरीदी व खाद निर्माण की गति धीमी है। उसके कारणों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही करने पर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने नवापारा के आरईओ, खमरिया के एवीएफओ तथा खोरी गांव के गौठान के नोडल अधिकारी का कार्य संतोष जनक नहीं पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर भीम सिंह ने गौठानों में गोबर खरीदी को बढ़ाने के निर्देश दिए। जिन स्थानों पर गौठान बस्ती से दूर है वहां गाड़ी के माध्यम से खरीदी कर गोबर को गौठान में पहुंचाने के लिये कहा। इसके लिये सभी जनपद सीईओ अपने क्षेत्र के गौठानों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा। कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि किसी भी गौठान में यदि गोबर खुले में है तो उसे निर्धारित समय में वर्मी पिट में डाल दें। जिन गौठानों में वर्मी टांको की आवश्यकता है वहां लो कास्ट पिट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम्पोस्ट निर्माण के लिए पिट में गोबर के साथ आवश्यक मात्रा में केचुआ अवश्य डाले। प्रत्येक विकासखण्ड में केचुयें की निरंतर आपूर्ति बनी रहे लिये 2-3 ऐसे गौठान तैयार करने के लिए कहा जहां उच्च गुणवत्ता के केचुयें का पर्याप्त उत्पादन हो।

### ग्राम सरईटोली में लगाया चलित थाना एसडीओपी देवांगन ने किया जागरूक




**जशपुरनगर।** जिले के तुमला थाना क्षेत्र के ग्राम सईटोली के साप्ताहिक बाजार में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों को अपराध और कानून की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान पत्थलगांव एसडीओपी योगेश देवांगन और तुमला थाना प्रभारी मनोज साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ग्रामीणों को ऑन लाइन ठगी, एटीएम बदलकर पैसा निकाल लेना, एसटी-एससी एक्ट, मानव तस्करी के साथ ही मोटर व्हीक्ल एक्ट की जानकारी दी गई। जागरूकता के साथ ही एसडीओपी देवांगन ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उन्हें निराकरण का आश्वासन भी दिया।

# विमला देवी फाउंडेशन ने विक्षिप्त की मदद की

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कंपकपाती कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे अपनी जिंदगी गुजर बसर करने वाले एक लावारिस विक्षिप्त व्यक्ति को समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था विमला देवी फाउंडेशन ने पहल कर इलाज के लिए बिलासपुर के बोदरी स्थित अस्पताल के लिए भेज दिया। इस संबंध में विमला देवी फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य

अमित रंजन सिन्हा ने बताया कि थाना के नजदीक में बाला साहब देश पाण्डे उद्यान के पास सड़क किनारे एक विक्षिप्त व्यक्ति एक पतला कंबल के साथ जमीन में लेटकर गुजारा कर रहा था। आते-जाते लोग उसे देखते थे पर किसी ने मदद के लिए हाथ नहीं



बढ़ाया। विमला देवी फाउंडेशन ने एक कदम आगे बढ़ाकर प्रशासन के सहयोग से एम्बुलेंस के माध्यम से उसे बिलासपुर रवाना कर दिया गया है। वहां उसे उचित इलाज की व्यवस्था मिलेगी।

### मादा रायल बंगाल टायगर का निधन

**भिलाई।** मैत्री बाग़ में जन्मे 10 वर्षीय मादा रायल बंगाल टायगर वसुंधरा का निधन हो गया है । बाघिन जन्म से ही बहुत कमजोर थी जिसे सतत चिकित्सीय निगरानी मे रखा जाता था । चीफ वेटेरिनरी ऑफिसर एवं इन्चार्ज मैत्री बाग़ जू भिलाई, डॉ. एन.के.जैन के अनुसार बाघिन पिछले कई दिनों से बीमार थी जिसका ईलाज वाइल्ड लाइफ हेल्थ केयर अंजोरा एवं शासकीय चिकित्सक के निगरानी मे किया जा रहा था जिसे लगातार फ्लूड थेरेपी एवं लाइफ सेविंग दवाईयां दी जा रही थी ।

पोस्ट मोर्डेम करने के बाद बाघिन वशुंधरा का अंतिम संस्कार वन विभाग के चीफ कन्सेर्वटर आफ फोरेस्ट एवं वन मंडलाधिकारी कि उपस्थिति मे दाह संस्कार किया गया ।

### शकुन्तला विद्यालय, रामनगर के पूर्व छात्र मेहुल शर्मा ने लहराया परचम

**भिलाई।** खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद 2021 में विद्यालय के पूर्व छात्र मेहुल शर्मा ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में विषय वोकल फॉर लोकल भारत को महाशक्ति बनाने हेतु क्रांतिकारी मार्ग पर अपना वक्त व्य रखा। उस केंद्रीय कक्ष में जहां भारत का संविधान बना, जहां सयुंक्त सभाएं होती हैं, जहां केवल सासंद बनकर ही पहुचां जा सकता है वहां पंहुचकर भाषण देना अपने आप में बेहद गौरवान्वित होने वाला पल है। राष्ट्रीय पटल पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना जँहा प्रथम स्क्रीनिंग राउंड, जिला स्तरीय फिर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में



प्रथम आने के बाद फइनल रांउड में छश्रीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करना अपने आप में आसान नही था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेहुल शर्मा को ट्वीट किया । मेहुल शर्मा सत्र 2016-17 में वाणिज्य संकाय के छात्र रहे और 2017 में बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण किया। मेहुल शर्मा विद्यालय द्वारा उपलब्द्ध कराये गये विभिन्न स्तरीय मंचों पर विद्यालय का हस्ताक्षर कराते रहे है।

इनकी प्रतिभा को निखारने में विद्यालय के शिक्षकों का भरपूर योगदान रहा है। मेहुल की प्रतिभा एवं गरिमायुक्त वार्ता का प्रस्तुतीकरण देश के माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को आकर्षित किया इस उपलब्द्धि से हम भी गौरवान्वित महसूस करते है।

### कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**भिलाई।** केंद्र सरकार द्वारा तीन कृषि काले कानून तथा पेट्रोल डीजल के दामो में हुई बृद्धि के विरुद्ध,किसान भाइयों के आंदोलन के समर्थन में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में राजीव भवन,रायपुर से रैली के माध्यम से राजभवन का घेराव कर माननीय राज्यपाल जी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई की अध्यक्ष तुलसी साहू के अगुवानी में बृजमोहन सिंह, महेश जायसवाल, अतुल चंद साहू, ब्लाक अध्यक्ष नदकुमार कश्यप, प्रमोद प्रभाकर, गौरव श्रीवास्तव, नीलेश चौबे, राजेश शर्मा, राजीव यादव, लादू राम सिन्हा, सुमित सिंह, बद्री बघेल, स्वप्निल जैन, भोला साहू, विनय, रहीम, तरुण, हिमांशु, सन्नी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

# जनजाति आयोग ने की आदिवासियों के विकास के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान एवं सदस्य नितिन पोटाई ने आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित हैं। इनका पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाकर उनका जीवन-स्तर उठाया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर आदिवासी ग्रामीण और गरीब परिवार से होते हैं। स्वभाववश बोलने में संकोच करते हैं। जानकारी के अभाव में उन्हें भटकना पड़ता है। इसलिए



सरकारी योजनाओं का फायदा दिलाने के लिए उन्हें विशेष मार्गदर्शन की जरूरत है। अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझकर उन्हें नियमानुसार फायदा दिलाएं। आयोग के सचिव श्री एच.एस.उइके, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्धिकी सहित विभागीय जिला अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

आयोग ने बैठक में आदिवासियों के जीवन से जड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बलौदाबाजार के कुकुरदी में निवास कर रहे आदिवासी सवरा डेरा के बाशिंदों का बेहतर विस्थापन सुनिश्चत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सवरा डेरा में मूलभूत सुविधाएं तत्काल मुहैया कराये जाने चाहिए। लगभग आठ साल पूर्व उन्हें इंदिरा कालोनी बलौदाबाजार से निकालकर कुकुरदी में बसाया गया है। सदस्य श्री पोटाई ने कहा कि बलौदाबाजार जिले में आधा दर्जन से ज्यादा सीमेन्ट उद्योग हैं। स्थानीय लोगों को रोजगार देने में उपेक्षा की बात सामने आई हैं। उन्होंने उद्योग विभाग से इसकी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्थानीय लोगों की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। आयोग भी इसके लिए समुचित कार्रवाई करेगा। आयोग ने सीमेन्ट उद्योगों द्वारा अधिग्रहित किये गये भूमि का परीक्षण करने के निर्देश भी दिये।

# संवेदनशील मामले में मानव तस्करी के मिले संदेह एसडीओपी के नेतृत्व में विशेष जांच के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने आज जिला पंचायत के सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। सुनवाई में कुल 30 प्रकरण रखे गये थे।जिसमें 20 प्रकरणों को निराकरण करते हुए नस्तीबद्ध किया गया। साथ ही कुछ प्रकरणों को सुनवाई हेतु रायपुर स्थानन्तरण किया गया है।

डॉ. नायक ने महिलाओं को समझाईश देते हुए कहा कि घरेलू आपसी मनमुटाव का समाधान परिवार के बीच किया जा सकता है। घर के बड़े बुजुर्गों का सम्मान एवं आपसी सामंजस्य सुखद गृहस्थ के लिए महत्वपूर्ण है। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सुनवाई में मुख्य




रूप से महिलाओं से मारपीट मानसिक शारीरिक दैहिक प्रताड़ना कार्यस्थल पर प्रताड़ना दहेज प्रताड़ना से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सिमगा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम करहुल में आवदेक पिता ने अपनी बेटी की गुमशुदगी के मामले में आयोग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। उन्होंने बताया की 2013 में अनावेदक ने मेरी बच्ची को भगाकर शादी कर लिया। पूछताछ के दौरान अनावेदक ने बताया की शादी के बाद हम दोनों पुणे में रह रहे थे। उसी दौरान करीब 6 माह बाद वह लड़की का भाग जाना बताया। पर इस प्रकरण को गभीर मानते हुए प्रथम दृष्टितया में यह महिला तस्करी से संबंधित लगा। जिस पर भाटापारा एसडीओपी के नेतृत्व में विशेष जाँच के निर्देश दिए गए है। पलारी विकासखंड के ग्राम गितकेरा के निवासी आवेदक ने ग्राम टीपावन निवासी दो अनावेदकों के विरुद्ध अपनी बेटी की गर्भपात करनें एवं उनको आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने की शिकायत की गई। इसमें से एक अनावेदक झोलाछाप डाक्टर भी शामिल है। जिस पर सुनवाई करतें हुए पलारी थाने को पूरे प्रकरण पंजीकृत कर जांच करने के निर्देश दिए है। साथ ही झोलाछाप डाक्टर की अलग से जाँच करने के निर्देश दिए गए है। उसी तरह एक महिला आवेदक पलारी विकासखण्ड के ग्राम वटगन निवासी ने ग्राम सरपंच के विरुद्ध हुक्का पानी एवं गाँव के लोगों से बातचीत बंद करनें की शिकायत एवं मानसिक प्रता?ना का आरोप लगाया गया। जिस पर अध्यक्ष महोदया ने तत्काल कार्रवाई करतें हुए पुलिस विभाग एसडीओपी बलौदाबाजार को 30 दिनों में गोपनीय जांच कर आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### राजिम लोचन मंदिर ट्रस्ट राजिम ने दी एक लाख की समर्पण निधि

# मकर संक्राति से श्रीराम मंदिर निर्माण निधि समर्पण संग्रहण अभियान शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मकर संक्राति के साथ पूरे भारत मे अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए निधि समर्पण अभियान शुरू हो गया। गुरूवार को गरियाबंद जिले में भी इसकी शुरूआत की गई। विश्व हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े कार्यकर्ताओ ने जिला मुख्यालय में इसकी शुरूआत करते हुए शाम 4 बजे नगर में शोभा यात्रा निकाली और आम जनता व नगर वासियो से इस पुण्य कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपील की।

इधर राजिम में धर्मनगरी राजिम में श्री राजीव लोचन मंदिर ट्रस्ट के द्वारा एक लाख रूपए का चेक श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए दिया गया। मंदिर के सर्वराकार राजे श्री महंत राम सुंदर दास अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ एवं सचिव अनिल तिवारी ने राजिम विभाग के संघचालक गिरीश दत्त उपासने,



जिला हिसाब-किताब प्रमुख भोपेंद्र साहू एवं पूर्व विधायक राजिम संतोष उपाध्याय को प्रदान किया।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आह्वान पर विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस के लगभग ढाई लाख कार्यकर्ताओं की टोलियां देशभर के 11 करोड़ परिवारों तक तक समर्पण निधि संग्रहण हेतु पहुचने का लक्ष्य रखा है। निधि समर्पण के लिए देशभर में जगह जगह पर कार्यालय भी खोले गए हैं। जहां से कार्यकर्ता विभिन्न मोहल्ले में टोलियों के रूप में घर-घर जाकर राम भक्तों से भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए निधि समर्पण की अपील करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य है कि भगवान श्रीराम मंदिर के निर्माण में देश के हर वर्ग हर परिवार की सहभागिता हो। मकर संक्राति से शुरू यह अभियान 27 फरवरी माघी पूर्णिमा तक चलेगा। गरियाबंद नगर में समपर्ण निधि के लिए अस्थायी कार्यालय सरस्वती शिशु मन्दिर में संचालित किया जा रहा है। नगर के सभी वार्डो और प्रमुख चैक चैराहो में भ्रमण के बाद शोभायात्रा पुन शिशु मंदिर कार्यालय पहुची। जहां भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सत्यप्रकाश मानिक पूरी, मनोज खरे, लोकनाथ साहू, सदानन्द सडवांकर, रिखीराम यादव, कमल नारायण वर्मा, अभिमन्यु धुव, केशव साहू, मिलेश्वरी साहू, अनिल चंद्राकर, सुरेन्द्र सोनटेके डॉ पूरन सिन्हा, एन के वर्मा, प्रकाश निर्मलकर, भानु प्रकाश राजपूत, यस सिन्हा, जितेंद्र यादव, लाल बहादुर, निखिल साहू, राहुल मिठानी, वंश सिन्हा, निखिल साहू, पवन निषाद, आशीष गुप्ता सहित अन्य समिति सदस्य शामिल थे।

# जिले में सोनू बंधन को लगा कोरोना का पहला टीका

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में मेडिकल कॉलेज के हाउस कीपिंग स्टाफ सोनू बंधन को कोरोना का पहला टीका लगने के साथ ही शनिवार को कोविड 19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। शाम पांच बजे तक जिले के 400 लोगों को कोविड 19 टीका से प्रतिरक्षित किया गया। प्रतिरक्षित लोगों को कोविड 19 टीका की अगली डोज के लिए 15 फरवरी की तारीख दी गई है। इसके लिए उनके मोबाइल पर मैसेज भी आएगा।

इस मौके पर मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में जिलाधिकारी भीम सिंह, विधायक प्रकाश नायक, खरसिया सिविल हॉस्पिटल में उच्च शिक्षा मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल और सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी, एमसीएच लैलूंगा में विधाकय चक्रधर सिदार और सीएचसी लोईंग में जनप्रतिनिधियों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी की मौजूदगी में टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। पहले चरण में 14,758 लोगों को टीका लगना है इसके लिए जिले के 4 अस्पताल में टीकाकरण शुरू किया गया है। हर सेंटर पर एक दिन में केवल 100 लोगों को ही टीका लगेगा। वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता वाले समूहों का चयन किया गया है। जिन्हे अधिक



जोखिम होने की वजह से वैक्सीन पहले लगाई जा रही है। पहले समूह में स्वास्थ्य कर्मी एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स शामिल हैं। दूसरे समूह में 50 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति और 50 वर्ष से काम आयु के गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्ति शामिल है।

मेडिकल कॉलेज में जिले का पहला टीका लगाने वाली नर्स मेनका चौहान ने जिले के पहले लाभार्थी सोनू को टीका लगाने के दौरान हिदायत दी कि वह आधे घंटे ऑब्जर्वेशन रूम में रहें। टीका लग गया है इसका अर्थ यह नहीं है कि कोरोना नहीं होगा अभी दूसरी डोज बाकी है।

आप मास्क लगाएं, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करें। सोनू ने बताया कि वह शुरुआत से ही कोरोना संक्रमण को देखता आया है और इसे रोकने में अपना योगदान देता रहा है। जब टीके की बात सुनी तो टीका लगाने के लिए वह स्वस्फूर्त ही आगे आया।

### पूरी तहर से सुरक्षित है टीका- कलेक्टर भीम सिंह

जिलाधिकारी भीम सिंह (आईएएस) ने बताया कोरोना वायरस की अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल चार अस्पतालों में भी जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निगरानी में टीके को लांच किया गया। कोरोना का टीका पूरी तरह से सुरक्षित है, कई बार इसका ट्रायल हो चुका है और कहीं भी इसका विपरीत प्रभाव देखने को नहीं मिला है।

### 28 वें दिन लगेगा दूसरा डोज- सीएमएचओ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसएन केसरी ने बताया शनिवार को लांचिंग के लिए जिला, ब्लॉक एवं सत्र स्तर पर नोडल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को नामित किया गया था। इसके पहले जिले में दो बार ड्राई रन यानी पूर्वाभ्यास भी किया जा चुका है। भारत में विकसित कोरोना वैक्सीन पूरी तरह प्रभावी है।

### अनुपस्थित की बनेगी सूची

पहले दिन कई ऐसे लोग भी रहे जिनका नाम कोविन पोर्टल पर पंजीकृत था, लेकिन वह टीकाकरण के समय नहीं आए। अनुपस्थित लोगों की अब एक अलग सूची तैयार होगी। इन लोगों को टीकाकरण के लिए अलग से समय दिया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानू पटेल ने बताया आज सभी चार केंद्रों में 400 लाभार्थियों को टीका लगाने का लक्ष्य है।

# शुभारंभ : पद्मश्री को लगी पहली वैक्सीन, कल से जिले भर में शुरु होगा टीकाकरण

## डॉ. बाफना ने कहा, 70 वर्ष की उम्र में मैंने टीका लगवाया मुझे पूरा विश्वास है कि टीका सुरक्षित है

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com










कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर मातृ शिशु हॉस्पिटल बसंतपुर में आज अंग्रिम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं को कोविड-19 वैक्सीन लगाकर शुभारंभ किया गया। सबसे पहले पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना एवं डॉ. उत्तम कोठारी को यह वैक्सीन लगाया गया। इस दौरान कलेक्टर टोपश्वर वर्मा ने कहा कि जिले में कोरोना के खिलाफ वैक्सीनेशन का कार्य आज आरंभ किया गया है और निर्धारित सभी केन्द्रों में 100 लोगों का वैक्सीनेशन किया जाना है।

कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए चार स्थान शासकीय मेडिकल कालेज पेण्ड्री, मातृ शिशु हॉस्पिटल बसंतपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में निर्धारित किया गया है। यह खुशी की बात है कि आज पहला टीका पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को लगाया गया है। उनका स्वास्थ्य ठीक है और जिन्हें वैक्सीन लगाया गया है, सभी स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं। जिनका टीकाकरण किया गया है, उन्हें डॉक्टर की निगरानी में आधा घंटे तक रखा जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि कोरोना वैक्सीनेशन में भागीदारी निभाएं। पहले चरण में स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य कोरोना योद्धाओं को लगाया जा रहा है। जिले में लगभग 14 हजार लोगों ने वैक्सीनेशन के लिए पंजीयन कराया है।

वैक्सीनेशन के बाद पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने कहा कि देश में हर किसी को कोरोना वैक्सीन लगाना चाहिए, यह पूर्णतः सुरक्षित है। अपने परिवार, प्रदेश एवं देश की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है। हमें अपने देश के वैज्ञानिकों की मेहनत का प्रतिफल मिला है और आज यह कोरोना वैक्सीन उपलब्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे कोविड-19 का पहला टीका लगाने का अवसर मिला। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन लगाने के लिए मन में किसी तरह का संशय नहीं होना चाहिए। डॉ. उत्तम कोठारी ने कहा कि सभी नागरिक टीकाकरण के अभियान में सहयोगी बनें। 70 वर्ष की उम्र में मैंने आज यह टीका लगवाया है और मुझे पूरा विश्वास है कि यह टीका सुरक्षित है।

### कोविड-19 टीकाकरण देश की उपलब्धि

डॉ. एएस दीक्षित ने कहा कि कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था यहां की गई है। यह टीकाकरण एक व्यापक अभियान के रूप में चलाया गया है। जिस तरह से यह कार्य किया जा रहा है, उसमें हम अवश्य सफल होंगे। डॉ. एलएस अग्रवाल ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण हमारे देश की उपलब्धि है। हर नागरिक को वैक्सीनेशन के लिए आगे आना चाहिए। इसके लिए मन में किसी भी तरह का वहम या भय न रखें। स्वास्थ्य विभाग के पीसी जेम्स ने कहा कि मैंने खुद के और देश के हित के लिए कोरोना वैक्सीन लगवाया है, इसके लिए सभी को आगे आना होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने कहा कि कोविड-19 का यह वैक्सीन सुरक्षित है। जिससे हम कोरोना की गंभीर बीमारी की रोकथाम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगाने के बाद भी सभी प्रोटोकाल का पालन अवश्य करें। किसी भी प्रकार का लक्षण या एलर्जी होने पर डॉक्टर को सूचित करें। इस अवसर पर स्वास्थ्य संचालनालय रायपुर से आए संयुक्त संचालक डॉ. सुभाष मिश्रा ने कोरोना वैक्सीन के लिए लोगों को प्रेरित किया।

### कलेक्टर पहुंचे वैक्सीनेशन बूथ



कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर का अवलोकन किया। इस सेंटर में कोरोना योद्धाओं का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने कोरोना योद्धाओं से वैक्सीन लगवाने के बाद उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वैक्सीन लगवाने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि वे स्वस्थ हैं। उन्हें आधे घण्टे डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, एसडीएम राजनांदगांव मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर बिरेन्द्र सिंह, डॉ. अजय कोसम, डीपीएम गिरीश कुर्रे, टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल कुमरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

# 108 चैतन्य हनुमान के साथ निकली शोभायात्रा, आज निकलेगी कलशयात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर पूरा भारतवर्ष उत्साहित है। शहर में भी इस परिप्रेक्ष्य में कई आयोजन किए जा रहे हैं। शुक्रवार को शहर के महावीर चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा की विशेषता रहे 108 चैतन्य बाल हनुमान। भ्रमण के दौरान शोभायात्रा पर लोगों ने पुष्पवर्षा की। यह शोभायात्रा महावीर चौक से शुरु होकर दुर्गा चौक, गायत्री मंदिर चौक से महावीर चौक में ही समाप्त हुई। यहां श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

गौरतलब है कि अयोध्या में राममंदिर निर्माण के लिए श्रीराम जन्मभूमि निर्माण समर्पण राशि अभियान समिति विविध आयोजन कर रही है। इस सिलसिले में 15 जनवरी को शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद 17 को महिलाओं द्वारा कलशयात्रा निकलेगी। 18 जनवरी को महिलाओं द्वारा बाइक रैली, 26 जनवरी को प्रत्येक वार्ड में राम जी की महाआरती व 31 जनवरी को राम मंदिर निर्माण के लिये 10, 100, 1000 के कूपन द्वारा और 2 हजार से अधिक की राशि रसीद द्वारा मंदिर निर्माण के लिए जमा की जाएगी। शोभायात्रा मे आयोजन समिति के पदाधिकारी सदस्यों के अलावा सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सासंद मधुसूदन यादव, खाद्य भंडार गृह निगम के पूर्व चैयरमेन नीलू शर्मा व पाटेश्वर धाम के बालक दास सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। साथ ही शहर के लोग बढ़ी संख्या में शामिल रहे।

# भजन कीर्तन करते निकली प्रभात फेरी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शनिवार सुबह वार्ड नंबर 13 स्टेशन पर वार्ड नंबर 14 गौरी नगर में सुबह 5.00 बजे भजन कीर्तन ढोलक मंजीरा बजा कर अयोध्या में श्री राम जी का भव्य राम मंदिर बनाने के लिए प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में कमल सोनी,अशोक निर्मलकर, मंगला पाथोडे, रानी यादव, रामप्यारी वर्मा, श्रीमती निर्मला यादव लिखेश्वरी वैष्णव, डॉ अरविंद सिन्हा, भूपेंद्र सिंह राजपूत, राजाराम पटेल, दुर्गा नंदेश्वर, रंजीत विश्वास, श्रीमती लक्ष्मी बाई सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।



# डोगरगांव विधानसभा हारने की बौखलाहट : क्रांति

■ मधुसूदन यादव के चैंलेंज पर क्रांति बंजारे की तल्ख

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



भाजपाई सत्ता सरकार जाने से बौखला गये है जिस कांग्रेस पार्टी के लोगो को मां के दूध पीने जैसा तंज कस कर चैलेंज कर रहे है। भाजपा पदाधिकारियों को पता होना चाहिए कि कांग्रेसियों को दूध का कर्ज निभाने अच्छे से आता है। भाजपा के नुमाइन्दों को अपनी पार्टी की पीड़िता महिला जनप्रतिनिधि को न्याय दिलाने में दिक्कत होती है, वो किसानों के हितैषी कैसे बनेंगे?

अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य क्रांति बंजारे ने डोंगरगांव में धरना प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा है कि कांग्रेसजनो को मां के दूध पीने का तंज कसने वाले भाजपा जिला अध्यक्ष को बेतुकी बयानबाजी नही करना चाहिए। मधुसूदन यादव ने डोंगरगांव किसानों के हितैषी के रूप में धरना प्रदर्शन मंच से चैलेंज करते हैं कि जिन कांग्रेसियों ने मां का दूध पिया है सामने आकर जवाब दे। भाजपा के जिला अध्यक्ष डोगरगांव विधानसभा हारने से बौखला गए है और कांग्रेसियों के लिए अनर्गल बयानबाजी कर डोगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू द्वारा क्षेत्र मे कराए जा रहे विकास कार्यो को पचा नही पा रहे है।

### महिलाओं के प्रति भाजपाई गैरजिम्मेदार

कांग्रेस की तेजतर्रार नेत्री क्रांति बंजारे ने तल्खी से कहा है कि पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल दरम्यान भाजपाई इशारे पर महिलाओ को भी नही छोड़ा गया था। मैं उस घटनाक्रम की भुक्त भोगी हूँ। जो जिस स्थिती मे थे, उसी स्थिती में घर से उठा उठा कर जेल तक ले गये थे। आलम ये है कि इन दिनों दुर्व्यवहार की पीड़िता भाजपा की दुर्घटनाग्रस्त महिला जनपद सदस्य की सुध लेने के लिए भाजपा पदाधिकारियों को मीडिया में खबर के बाद होश आता है।

# सुप्रीमकोर्ट ने खोली नरेन्द्र मोदी सरकार की पोल : मदन साहू

■ सुप्रीमकोर्ट द्वारा आंतरिक रोक लगाने पर किसान नेता ने ऐतिहासिक कदम बताया

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



राजधानी नईदिल्ली में बार्डर पर लगातार 48 दिनो तक महिलाओं, बच्चो व किसान परिवार ढिढूरती ठन्ड मे आंदोलन कर रहे किसान परिवारों के लिए सुप्रीमकोर्ट का कृषि कानूनों पर रोक लगाना ऐतिहासिक कदम है। उक्ताशय के बयान प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस एवं किसाननेता मदन साहू ने प्रेस विज्ञप्ति में दिए हैं।

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष डोंगरगांव मदन साहू ने कहा कि मोदी सरकार हल करने सामर्थ्य जुटाने मे असमर्थ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने तीनो बिल पर अंतरिक रोक लगाया है जिसका हम स्वागत करते है। सुप्रीमकोर्ट के इस फैसले से किसानो का सम्मान बढा है। सुप्रीमकोर्ट ने किसानो के हित मे आंतरिक निर्णय लेकर बता दिया के केन्द्र के मोदी सरकार को भले ही किसानो की चिन्ता हो ना हो पर सर्वोच्च न्यायलय को किसानो की चिंता भलीभाति है। देश का दुर्भाग्य है कि आजादी के बाद इस देश के किसानो को अपने हक के साथ शोषण के बचाव के लिए लडाई लडनी पडी है। 61 किसानो को अपने प्राण की आहूति देनी पडी है। उन तमाम किसानो के शहदत को इस देश के किसान कभी नही भूल सकेगी। आगामी लोकसभा चुनाव में देश के किसान केंद्र सरकार को सबक सिखायेगी।

# संकुल समन्वयक दिनेश कुमार कुरेटी सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com



कल्लूबंजारी संकुल को छुरिया ब्लाक के पहला स्मार्ट शाला संकुल बनाने हेतु सार्थक पहल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्मार्ट शाला संकुल लोकार्पण समारोह के अवसर पर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक छन्नी चन्दू साहू ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं शाल भेंटकर कल्लूबंजारी संकुल समन्वयक दिनेश कुमार कुरेटी को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि संकुल आश्रित शासकीय शालाओं के 48 शिक्षकों एवं समस्त ग्रामवासियों के जनसहयोग से बिना किसी सरकारी सहयोग लिये स्वेच्छा से 19 शालाओं के लिए 19 स्मार्ट टीवी की व्यवस्था कर गत 8 जनवरी को स्मार्ट शाला संकुल का लोकार्पण कराकर कल्लूबंजारी संकुल को छुरिया ब्लाक का पहला स्मार्ट शाला संकुल बनने का गौरव दिलाया।

इस शानदार उपलब्धि पर विधायक छन्नी चन्दू साहू,स्थानीय सरपंच डोमेन कुमार पटेल,विकास खंड शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भावना यदु एवं अनिल कुमार ठाकुर, विकास खंड स्रोत समन्वयक संतोष पाण्डे, जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिन्हा, व्याख्याता संजय कुमार मंडल, व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार पॉल, कल्लूबंजारी संकुल आश्रित शालाओं के प्राचार्यगण जी.कुंजाम (कल्लूबंजारी), श्रीमती सविता वर्मा (छुरियाडोंगरी), द्वारका प्रसाद मंडावी (रामतराई), पूर्व संकुल समन्वयक रामलाल चन्द्रवंशी, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक द्वय घनश्याम सिंह ठाकुर व लिखू राम साहू, प्रधानपाठकगण उमेन्द सिंह मंडावी, अशोक कुमार कुंजाम, कुंवर सिंह मंडावी, राधेलाल चन्द्रवंशी, देवानन्द देवांगन, रविकांत वर्मा, कृष्णा राम साहू, रामकुमार मंडावी, गीता कन्नौजे, गजेन्द्र खिलोरिया, भूपेन्द्र साहू, मोहनलाल चन्द्रवंशी, मूलचंद मंडावी, जोगेश्वर लाहोत्रे, मुकेश साहू, अनिल कन्नौजे, राकेश कुलेशिया, हरेन्द्र साहू एवं रोशन ठाकुर सहित कल्लूबंजारी संकुल आश्रित शालाओं के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, इष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों ने कुरेटी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### भुगतान रुकने के बाद खुली पोल, कार्रवाई के नाम पर महज दिखावा किया गया

# बगैर टेंडर के दिया गया हमाल ठेका, समिति के पास रिकॉर्ड उपलब्ध ही नहीं

■ हुड़दंगी ठेकेदार जेल दाखिल, जमानत के लिये सोसायटी के कर्मचारियों की सक्रियता की चर्चा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

धान खरीदी केंद्र पटेवा में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी में अवरोध उत्पन्न कर गाली गलौज और हुड़दंग के आरोपी लेबर ठेकेदार अंगद साहू को गुरुवार कार्यपालिक दण्डाधिकारी के न्यायालय से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 में आरोपी की जमानत निरस्त होने के बाद राजनांदगांव जेल भेज दिया गया।

लेबर ठेकेदार द्वारा कारित सरकारी कार्य में बाधा डालने और लोकसेवक को दायित्वों में अवरोध उत्पन्न करने के गम्भीर आरोपों के बावजूद शांति भंग की कार्यवाही को लेकर धान बेचने दो तीन दिनों से बुरी तरह भटक रहे परेशान किसानों को सामान्य कार्यवाही हजम नहीं हो रहा है। लम्बे समय से तमाम नियमों को दरकिनार कर धान खरीदी में क्षेत्र की सभी समितियों में चल रहे ग्रेडिंग से लेकर कोचियों का धान खपाने और लेबर ठेके में चल रही गबड़ियों के साथ ही शिकायतों के बाद औपचारिक कार्यवाही के नाम पर किसानों को गुमराह करने की सहकारिता विभाग की पूरी कलई हुड़दंग की घटना के बाद परत दर परत खुलती जा रही है। श्रम अधिनियमों को ताक पर रखकर अपंजीकृत ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की गरज से सांठगांठ कर ठेका देने के चलते घुमका और पटेवा में घटी अमानवीय घटनाओं के बाद भी ठेकेदार पर सख्त कार्यवाही से चूके विभाग और प्रशासन की लापरवाही हुड़दंग की घटना में तब्दील होना बताया जा रहा है।

### जिम्मेदार कतरा रहे

पूरे घटना को लेकर सोसायटी के जिम्मेदार अधिकारी कुछ बोलने से कतरा रहे हैं। चूंकि बीते 11 दिसंबर को पटेवा समिति में ग्रेडिंग के नाम पर शहीद जवान की विधवा से अभद्रता के मामले में तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन में फड़ प्रभारी सुरेश शर्मा दैनिक वेतन भोगी कम्प्यूटर आपरेटर और उक्त लेबर ठेकेदार अंगद साहू को दोषी माना गया था। जहां फड़ प्रभारी सुरेश शर्मा को निलंबित करते हुए कम्प्यूटर आपरेटर की सेवा समाप्त करने की कार्यवाही के साथ ही किसानों के आक्रोश को देखते हुए लेबर ठेकेदार अंगद साहू को पटेवा समिति से हटाया गया था। वास्तव में ऐसा न करते हुए उसके निकटवर्ती रिश्तेदार के नाम पर अंगद साहू का ठेका पटेवा में चल रहा था। विगत कुछ समय से मजदूरों के बकाया भुगतान की राशि की मांग पर विवाद बड़ता हुआ हुड़दंग की नौबत आ गई। विभाग आज तक उक्त आरोपी ठेकेदार को कार्यवाही के नाम पर हटाने का दावा करता रहा। जबकि वर्तमान में अंगद साहू का काम मुरमून्दा समिति में भी ठेका पद्धति से जारी है।

### टेंडर का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं

समितियों के पास ठेका में काम देने सम्बन्धी टेंडर की प्रक्रिया का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। उक्त आरोपी ठेकेदार की विगत वर्षों से क्षेत्र की समितियों में कर्मचारियों और पदाधिकारियों से गहरी सांठगांठ बताया जा रहा है। अंगद साहू के खिलाफ कार्यवाही रोकने मजदूरों की हड़ताल का भय दिखाकर क्षेत्र के कुछेक समितियों के कर्मचारी प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाने की भी कोशिश भी करते दिखे। वहीं आरोपी ठेकेदार के जमानत के लिये सोसायटी के कर्मचारियों की सक्रियता की जमकर चर्चा है। दो दिन से हंगामे के चलते बाधित रही धान खरीदी अब सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। जबकि परिवहन अभी भी काफी धीमा चल रहा है और परिवहन के अभाव में धान रखने जगह की समस्या खड़ी हो गई है।

# राजस्व वसूली के लिए वार्डों में 18 से लगेगा शिविर

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम राजस्व वसूली के लिए सुनियोजित अभियान चलाने जा रहा है। नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने बकाया राजस्व वसूली के लिए वार्ड प्रभारियों के साथ-साथ पूरी राजस्व टीम को वार्डवार शिविर के संबंध में कार्यक्रम निर्धारित कर लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं।

निगम आयुक्त कौशिक ने राजस्व वसूली के कार्यक्रम की जानकारी देते बताया कि वर्तमान में नगर निगम की राजस्व वसूली अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2020-21 में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण के कारण निगम के राजस्व वसूली भी प्रभावित हुई है। उपरोक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम (भवन/भूमि) की वार्षिक भाड़ा मूल्य अवधारण निगम 1997 की कंडिका 12 के अंतर्गत नगर पालिक निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को संबंधित भूमि भवनों के वार्षिक भाड़ा मूल्य के आधार पर संपत्ति/समेकितकर के निर्धारण तथा वसूली हेतु सुबह 10 से 4 बजे तक 11 से 30 जनवरी तक प्रतिदिन वार्डों में चलाए जाने वाले इस अभियान के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व वसूली का दायित्व सौंपा गया है। शिविर में सम्पतिकर के साथ-साथ जल कर, समेकित कर, दुकान किराया/ लाइसेंस/ गुमटी एवं अन्य बकाया की वसूली की जाएगी। शिविर में राशन कार्ड में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन भी लिए जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### अब कोई भी नागरिक करा सकते है जल नमूनों की जांच

**मुंगेली।** कलेक्टर पी.एस एल्मा ने बताया कि जिले के कोई भी नागरिक अब जल नमूनों की जांच करा सकते है। इस हेतु जिला मुख्यालय के फि ल्टर प्लांट पेंडाराकापा में जिला स्तरीय जिला जल प्रयोग शाला की स्थापना की गई है। कोई भी व्यक्ति मामूली दर पर जिला स्तरीय जिला जल प्रयोग शाला से जल नमूनों की जांच करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली के कार्य पालन अभियंता के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के लिए डॉ.मधु दुबे व ललिता ने प्रदान किया मोबाइल

**रायगढ़।** जिले के ऐसे बच्चे जो स्मार्ट फोन के अभाव में ऑनलाईन क्लास का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। उन बच्चों को लिए कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर जिला प्रशासन रायगढ़ के सहयोग से समुदाय को प्रेरित कर दान के माध्यम से स्मार्ट फोन प्राप्त किया जा रहा है एवं उसे जरूरतमंद बच्चों को प्रदान किया जा रहा है। जिससे वे अपनी शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं। इसी कड़ी में ऐश्वर्या नर्सिंग होम से डॉ. मधु दुबे एवं नव सृजन संस्था से ललिता त्रिपाठी ने दो मोबाइल प्रदान किए।

# रामनाथ को लगा कोविशिल्ड का पहला डोज

- **6 को वैक्सिन सेंटरों में रोजाना 600 कोरोना वारियर्स को टीका लगाये जाने का लक्ष्य**
- **टीका लगाये जाने के 28 दिनों बाद दूसरा डोज लगाया जायेगा**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सिम्स में आज प्रातः पहला टीका रामनाथ घोष को लगाया गया । स्वास्थ्य विभाग जिले में रोजाना 6 सौ कोरोना वारियर्स को टीका लगाये जाने का लक्ष्य रखा है । कोरोना वारियर्स को पहला टीका लगाये जाने के 28 दिनों बाद दूसरा टीका लगाया जायेगा। आज प्रातः सिम्स के मरच्यूरी में कार्यरत कर्मचारी राम नाथ घोष को पहला कोविशिल्ड का पहला टीका लगाया गया , वहीं अन्य कर्मचारियों की सूची अनुसार रोजाना सौ कोरोना वारियर्स को टीका लगेगा।

सिम्स कोवैक्सिन सेंटर के मुआयना के लिए पहुंचे। सीएमएचओ डॉ. प्रमोद महाजन ने बताया की , बनाये गये 6 को वैक्सिन सेंटरों में रोजाना 600 कोरोना वारियर्स को टीका लगाये जाने का लक्ष्य है । टीका लगाये जाने के 28 दिनों बाद उन्हें दूसरा डोज लगाया जायेगा। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के सवाल पर उन्होंने कहा कि फिलहाल अभी शासन के गाइडलाइंस के मुताबिक केवल कोरोना वारियर्स को टीकाकरण किया जाना है । रही बात गर्भवती महिला और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को टीका नही दिये जाना है ।

**जिला अस्पताल और सिम्स वैक्सिन सेंटर का विधायक ने किया निरीक्षण** – कोविशिल्ड की वैक्सिनेश टीकाकरण की आज शुरुआत में नगर विधायक शैलेश पांडेय ने सुबह जिला अस्पताल और सिम्स का मुआयना करने पहुंचे , इस दौरान उन्होंने जिन कर्मचारियों को टीका लगा उनसे चर्चा की और कोरोना काल के दौरान जिस प्रकार बिना डरे अपने कार्य को अंजाम दिया इसके लिए डॉक्टर कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस सिम्स में डीन डॉ. तृप्ति नागोरिया, अतिरिक्त कलेक्टर अंशिका पांडेय, सिम्स अधीक्षक डॉ.पुनीत भारद्वाज, डॉ. प्रमोद महाजन, पार्षद राम बघेल सहित सिम्स एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

### मापदण्डों और निर्देशों के अनुरुप हो रहा टीकाकरण : शैलेश पाण्डेय

आज पूरे देश व प्रदेश की तरह बिलासपुर मे भी करोना टीकाकरण का शुभारम्भ किया गया। जिसमे निर्देशो और मापदण्डो के अनुरुप 6 स्थानो पर टीकाकरण की व्यवस्था की गई थी। जिला कोविड हॉस्पिटल से आरम्भ हुए इस टीकाकरण कार्यक्रम में शहर विधायक शैलेश पाण्डेय और सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। ये सभी वहां से फिर सिम्स हॉस्पिटल मे भी गये और वहां जाकर उंन सभी लोगो से मिले। जिनको आज टीका लगाया गया। वे सभी बेहद खुश और निश्चिन्त थे। आज इस कार्यक्रम में सांसद अरुण साव, नगर विधायक शैलेश पाण्डेय, बेलतरा विधायक रजनीश सिंह, महापौर रामशरण यादव, सभापति शेख नजीरूद्दीन, अध्यक्ष विजय केशरवानी जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण चौहान, शैलेन्द्र जायसवाल, सुबोध केसरी रामा बघेल, अर्जुन सिंह काशी रात्रे, अड़रा खान, शास्वत, रिन्कू छाबरा, सुदेश दुबे और मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रमोद महाजन विजय सिंह, अन्शिका पाण्डेय, डीन मैडम एम एस साहब, श्रीमती आरती पाण्डेय, अनिल गुप्ता, शैफाली कक्क ड और स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की टीम पूरी उपस्थित थी।



# स्कॉट लैंड की महंगी शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आबकारी विभाग की टीम ने स्काटलैंड से महंगी शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा है। खास बात यह है कि 12320 रुपए से लेकर 35440 रुपए बॉटल वाली शराब बरामद हुई है। इतनी कीमती शराब का ग्राहक प्रदेश सरकार के पास नहीं है, जबकि तस्करों के पास ऐसे ग्राहक हैं। आबकारी विभाग ने लाखों रुपए कीमती शराब के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

आबकारी उपायुक्त नीतू नोतामी ठाकुर ने बताया कि पूरे मामले में सीआरपीएफ का जवान शामिल है। सीआरपीएफ का जवान आईडी के दम पर शराब को बाहरी राज्य से लाकर रायपुर और बिलासपुर में खपाने का काम काम लंबे समय कर रहा था। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी को आबकारी इंस्पेक्टर मुकेश पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली कि पानीपत से महंगी शराब नेहरू नगर स्थित मनोज खन्ना के घर लाया जा रहा है। इसके बाद टीम को मौके पर तैनात किया गया। मनोज खन्ना को मुकेश पाण्डेय और उसकी टीम ने शराब की बोतल निकालते देते हुए रंगे हाथों पकड़ा। मनोज खन्ना के पास से टीम ने 12 बोतल शराब बरामद की, जिसकी कुल कीमत करीब 2 लाख 27 हजार 106 रूपए है। आबकारी उपायुक्त नीतू ठाकुर ने बताया कि पूछताछ के लिए मनोज खन्ना को कन्ट्रोल रूम लाया गया। इसी बीच उसके मोबाइल पर एक फोन आया, जिससे जानकारी मिली कि रायपुर से कुछ लोग स्काटलैण्ड की शराब पानीपत के रास्ते बिलासपुर देने आ रहे हैं। फोन के आधार पर रायपुर से आने वाले तस्करों को रणनीति बनाकर घेरा गया। इसी बीच मनोज खन्ना ने बताया कि फोन करने वाला व्यक्ति सीआरपीएफ का जवान है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौके पर मौत

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बरपाली के पास बीते शाम चार बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना सामने आई है। जहां बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने ठोकर ठोकर मार दी। इससे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तो वहीं तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए बरमकेला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार मृतक बनासी खड़िया पिता दीनदयाल खड़िया 40 साल ग्राम बगबुड़ा थाना करतला जिला कोरबा का रहने वाला है तो वहीं घायल व्यक्तियों का नाम शरद पंडा पिताभवानी पंडा 65 साल निवाशी चुहरिपाली, सच्ची पंडा पति सरद पंडा 60 साल निवासी छिहरिपाली, होरीलाल खड़िया पिता मंगलू खड़िया 40 साल निवासी ग्राम धौंरपाली थाना करतला जिला कोरबा का होना बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर सरिया पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजवाया गया फिलहाल अभी तक घटनाकारित वाहन का पता नहीं चला है सरिया पुलिस जांच में जुट गई है।

# बर्ड फ्लू की आशंका को लेकर लोगों में दहशत

- **मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र में मृत मिले चार मुर्गिंया, डॉक्टरों की टीम ने लिया जायजा, नहीं मिला लक्षण**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में बर्ड फ्लू को लेकर काफी सावधानी बरती जा रही है। वहीं रायगढ़ में भी प्रशासन अलर्ट है और किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर तत्काल इस पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। आज भी मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र में एक साथ लगभग चार मुर्गियों के मरने के बाद आसपास के लोगों के बीच सनसनी फैल गई और एकाएक इस तरह मुर्गियों के मर जाने के बाद बर्ड फ्लू की आशंका जतायी जा रही थी, पर जब पशु चिकित्सालय से डॉक्टरों की एक टीम यहां पहुंची और वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए उनका सैंपल लेकर जांच कराया गया, तो बर्ड फ्लू का कोई लक्षण इनमें नहीं मिला। बल्कि डायरिया के लक्षण इन मरे हुए मुर्गियों में मिला। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बालोद में बर्ड फ्लू का लक्षण मिलने के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और रायगढ़ जिले में भी इसे लेकर काफी अहतियात बरती जा रही है। शुक्रवार को ढिमरापुर क्षेत्र में एक कौवे की मौत हुई, तो शनिवार को मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र में ममता सर्विस सेंटर के पास रहने वाले विरेन्द्र सिंह ने चार मुर्गियों को पाला था। रात में उन मुर्गिंयों को दाना पानी दिया और सुबह जब उसने देखा की चारों मुर्गिंयों की मृत पड़ी है। इसके बाद बर्ड फ्लू की आशंका को देखते हुए पशुपालन विभाग को सूचना दिया गया।

मामले की सूचना मिलते ही पशु चिकित्सा विभाग से डॉक्टरों की एक टीम यहां पहुंची और जांच शुरू किया गया, तो बर्ड फ्लू का कोई लक्षण इनमें नहीं मिला बल्कि डायरिया का लक्षण मिला। इसके बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

**74 का भेजा सैंपल 54 का रिपोर्ट निगेटिव** – पशुपालन विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक बर्ड फ्लू जैसी बिमारी फैलने की आशंका को लेकर रायगढ़ में भी अहतियात बरतते हुए तत्काल इस पर आगे की प्रक्रिया शुरू की गई।

मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र में आज चार मुर्गिंयां मृत हालत में मिली थी। सूचना मिलने के बाद जांच के लिए डॉक्टरों की टीम पहुंची। बर्ड फ्लू का कोई लक्षण नहीं मिला है। बल्कि उनमें डायरिया का लक्षण मिला। फिलहाल अब तक रायगढ़ में बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है। बर्ड फ्लू की आशंका को देखते हुए 74 पक्षियों का सैंपल भेजा गया था जिसमें से 54 का रिपोर्ट निगेटिव आया है।

**आरएच पांडेय**
सहायक संचालक,
पशुपालन विभाग

# तैयबा चौक और बजरंग चौक के निर्माण को नगर निगम ने ढहाया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम ने सुगम यातायात में बाधा बन रहे मगरपारा के तैयबा चौक और उसके पास ही नाक के बीचो-बीच बने बजरंग चौक को ढहाकर ध्वस्त कर दिया। नगर निगम के द्वारा आज तड़के सुबह यह कार्रवाई इतने आनन-फानन की गई कि किसी को भी इसकी खबर होती और भीड़भाड़ इकट्ठा होती है उसके पहले ही दोनों चौक पर बने निर्माण एक्स वेटर के जरिए ध्वस्त कर दिए गए। इसके कुछ दिन पहले ही निगम प्रशासन ने अग्रसेन चौक से इंदु चौक की ओर जाने वाली सड़क पर मगरपारा में बीचोबीच बनाए गए आईलैंड और बजरंगबली के मंदिर को वहां से हटा दिया था। उस दिन इस कार्रवाई का जमकर विरोध भी हुआ था लेकिन आज विरोध करने के लिए लोग इकट्ठा होते उसके पहले ही तैयबा चौक और बजरंग चौक में भी सड़क पर बनाए गए निर्माण एक्स वेटर से ध्वस्त कर दिए गए। नगर निगम की इस कार्रवाई से मगरपारा चौक से बालमुकुंद स्कूल की ओर जाने वाली सड़क ट्रैफिक में बाधा बन रहे स्ट्रक्चर हटने से आवाजाही काफी सुगम हो गई।

# खोखर को मतदाता जागृति मंच के अध्यक्ष नंदकुमार बघेल ने श्रद्धांजलि दी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अचानक मार की नैसर्गिक सुंदरता के मध्य, बिन्दावल ग्राम के पास स्थित मैकू गोंड़ के मठ एवं उसी से लगे हुवे कोटा रेंज के तत्कालीन रेंजर स्व एम डब्लयू के खोखर के शिलालेख पर विगत गुरुवार मतदाता जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्दकुमार बघेल ने श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. खोखर के 8 वर्षीय प्रपौत्र अदीब खान ने भी अपने पूर्वज को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

ज्ञात हो कि अचानकमार से कुछ किलोमीटर की दूरी पर, बिन्दावल ग्राम से लगभग दो किलोमीटर पहले सड़क के किनारे मैकू गोंड़ की स्मृति में एक मठ बना हुआ है। मैकू गोंड़ वन विभाग में 'फायर वॉचर' थे जो दिनांक 10 अप्रैल 1949 को इसी स्थान पर एक आदमखोर शेर के शिकार बन गए। पास ही एक शिलालेख में अंकित है कि इसी स्थान पर कोटा फारेस्ट रेंज के तत्कालीन रेंज अफसर स्व. एम डब्लयू के खोखर ने दिनांक 13 अप्रैल, 1949 को उस आदमखोर शेर को मार गिराया था। तत्पश्चात श्री बघेल ने बिन्दावल ग्राम में आदिवासियों की एक सभा को सम्बोधित करते हुवे ग्रामीणों हेतु एक विश्वविद्यालय एवं बुद्धमंगल भवन बनवाने की इच्छा प्रकट की। ग्राम वासियों की ओर से बिन्दावल के सरपंच रामावतार जायसवाल ने गांव के विस्थापन से सम्बंधित परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें विस्थापित नही किया जाता तब तक उन्हें जीवन की बुनियादी सुविधाओं से वंचित न किया जावे। इस अवसर पर मतदाता जागृति मंच की महिला मंच की प्रदेशाध्यक्ष, सायमा खान खोखर, अतहर अली, अधिवक्ता सलीम काढ़ी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# दुकानों के सामने डस्टबिन नहीं रखने वालों पर होगी जुर्माने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



दुकानों के सामने डस्टबिन नहीं रखने वालों पर अब जब्ती के साथ जुर्माने की कार्रवाई होगी। निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने शुक्रवार को शहर के गौरी शंकर मंदिर क्षेत्र, सिटी मॉल एवं सुभाष चौक से लेकर निगम कार्यालय के सामने तक पैदल भ्रमण कर दुकानदारों से डस्टबिन रखने की अपील। शुक्रवार को निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय सहित अमले ने साइकिल पर सवार होकर निगम कार्यालय से लेकर सिटी मॉल क्षेत्र, गौरी शंकर मंदिर से मेडिकल कॉलेज तक एवं सुभाष चौक से ओवर ब्रिज के नीचे निगम कॉप्लेक्स तक निरीक्षण किया। इस दौरान निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने हर एक दुकान में जाकर दुकानदारों से दुकान के सामने डस्टबिन रखने और उसमें सुघ्घर रायगढ़ का लोगों लगाने की बात कही। इस दौरान निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने दुकानों के सामने अतिक्रमण कर लगाए गए सामानों को दुकान के अंदर ही रखने और दुकान के सामने अनिवार्य रूप से सुघ्घर रायगढ़ का लोगो लगा हुआ डस्टबिन रखने की समझाइश दी। इस दौरान कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने डस्टबिन नहीं रखने वालों पर जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान ही कई दुकानदारों ने डस्टबिन अपने प्रतिष्ठानों के सामने लगाए। निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि सुघ्घर रायगढ़ की परिकल्पना में स्वच्छता सर्वोपरि है। स्वच्छता बनाए रखने के लिए डस्टबिन रखने और कचरे को डस्टबिन में डालने के साथ कचरा रिक्शा एवं वाहनों को कचरा देने संबंधित व्यवहार परिवर्तन करना अनिवार्य है।

# 19 हजार क्विंटल धान फड़ में जाम

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केन्द्र लोइंग में धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। फलतः 18,700 क्विंटल धान फड़ में जाम हो गया है। हमालों की कमी के कारण भी धान फड़ में पड़ा हुआ है, बोरियो का स्टॉक नहीं बनाया जा सका है जिसके कारण धान की बोरियां फड़ में बिखरी पड़ी है। किसान धान बेचने ला रहे हैं, लेकिन ढेरी करने की जगह नहीं है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हमालों की कमी के कारण जहां तौल व भराई किसान स्वयं कर रहे हैं वहीं टोकन कम काटे जाने के कारण 31 जनवरी तक तय सीमा में किसानों की धान खरीदी सम्भव नहीं हो पाएगी। धान खरीदी का तारीख अगर नहीं बढ़ाया गया तो किसान धान बेच नही पाएंगे। सेवा सहकारी समिति लोईंग में 973 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है जिनमे अभी तक 721 किसान धान बेचे है जबकि 252 किसान नही बेंच पाए हैं। 599 हेक्टेयर पंजीकृत कृषि भूमि की लगभग 22 हजार क्विंटल धान खरीदा जाना शेष है जबकि समय भी बहुत कम है। 16, 17 जनवरी शनिवार व रविवार की छुट्टी, 23 ,24 जनवरी शनिवार रविवार की छुट्टी, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की छुट्टी, 27 व 28 जनवरी पुषपुनि त्यौहार के कारण हमाल नहीं निकलते। वहीं 30 व 31 जनवरी शनिवार, रविवार के कारण भी धान खरीदी बाधित होगी। ऐसे में कुल 7 दिवस ही धान खरीदी के बच रहे हैं। प्रति दिवस तीन हजार क्विंटल धान खरीदी की जाए तो संभव है 31 जनवरी के अंदर किसान अपना धान बेच पाएंगे लेकिन हेमालों की कमी व धान उठाव नहीं होने के साथ साथ वारदानों की कमी के कारण इस बार किसान काफी परेशान हैं। बारदानो की खरीदी में किसानों को 15 से 20 रुपये प्रति बोरी घाटे में जा रहे हैं। एक किसान 150 बोरी खरीदकर व्यवस्था करता है तो उसे चार हजार पांच सौ रुपए लग रहे हैं।

**लोकसभा अध्यक्ष ने विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार दिया**

# दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में सूरज सम्मानित


पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



खेल एवं युवा कल्याण विभाग और संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का उदेश्य में राष्ट्रीय युवा सम्मेलन के जरिये युवाओं के ऊर्जा व जोश का उपयोग देश का निर्माण और देश के विकास के लिए तलाशना है। महोत्सव में लोकसभा अध्यक्ष ने विचारों से प्रभावित होकर सूरज शर्मा को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार से पुरस्कृत किया है। लगातार सक्रिय रहे ऊर्जावान युवाओं को चुनिंदा पुस्तक में स्थान दिया गया जिसमें छत्तीसगढ़ में सूरज शर्मा का नाम शामिल है। सूरज शर्मा ने बतलाया कि युवा संसद महोत्सव में शामिल होने से हम युवाओं को एक नई दिशा मिली है हम किसी भी दिशा में काम करे तो पूरी ऊर्जा के साथ देश हित में काम करें, ऐसा हमारा ऊर्जावान लक्ष्य होना चाहिए। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2021 का आयोजन 11 और 12 जनवरी को भारत की संसद के ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में हुआ। जहां देश भर के प्रत्येक राज्य से आए लगभग 87 चयनित प्रतिभागियों ने सहभागिता की जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से 3 युवा सांसद शामिल हुए जिनमें एक महिला प्रतिनिधि भी शामिल हुई। महोत्सव में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित युवा बड़े भाग्यशाली हैं जिन्हें संसद के कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के संबंध में कहा हम वो लोग है जिन्हें स्वतंत्रता के समय शहीद होने का सौभाग्य नही मिला लेकिन हम वो लोग है जिन्हें देश के लिए जीने का अवसर मिला है इसलिए हम युवाओं को अपनी का ऊर्जा का उपयोग देश के विकास के लिए करना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप जिस स्थान पर बैठे है वह काफी महत्वपूर्ण स्थान है क्योकि इस स्थान पर बैठ कर संविधान का निर्माण किया गया था। केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री किरेन रिजिजु ने युवाओं से कहा कि हमारी वर्तमान सरकार युवाओं के जोश को पहचानते हुए उनके ऊर्जा का उपयोग देश के निर्माण में कैसे किया जा सकता है और इसी लिए यह आयोजन किया गया है। राज्य सभा सांसद रूपा गांगूली ने बताया कि देश से आये इस युवा संसद महोत्सव में 70 प्रतिशत महिला युवा सांसदो ने प्रतिनिधित्व कर सहभागिता कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# दिव्यांग की चित्रकला से प्रभावित हो रहे लोग

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



यूं तो सृष्टि के रचनाकार ने हर किसी के हाथों में किसी न किसी तरह का कला सम्माहित कर भेजा है। ऐसे ही एक चित्रकार हाथों से दिव्यांग होकर भी अपने रचनाकार अपने हाथों से मनमोहक चित्रकारी कागजो में उकेर रहा है। आलम यह है कि अर्जुन जिस ख्याति कलाकर की तश्वीर को बनाकर उसे शोसल मीडिया में शेयर कर रहा है उसे देखकर वह कलाकार दांतो तले उंगली चबाने को मजबूर होकर मंत्र मुग्ध होकर खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं। जिले में राष्ट्रीय स्तर में उभरते हुए कलाकर के रूप में वर्षो पहले रायगढ़ कोतरारोड रहवासी अर्जुन दास मानिकपुरी पिता मोहन दास मानिकपुरी का पदार्पण हुआ है। अर्जुन पढ़ाई में मेधावी भले ही अपने मित्रों की तुलना में कम था, लेकिन वह कालाकारी में स्कूल भर के छात्र छात्राओं को पीछे छोड़ देता था अर्जुन वर्तमान में चित्रकारी से अपनी कला का मुजायरा दिखा रहा है जिसमें जिस किसी की भी वह चित्र कागजों में उकेर रहा है वह अपनी तश्वीरो को देखकर अचंभित हो रहा है। आर्टिस्ट अर्जुन रंगोली एवं चित्रकारी का काल दूसरे लोगो को ट्रेनिंग देकर भी सीख रहे हैं। उनका मानना है कि कल हर किसी के हाथों में है, लेकिन लक्ष्य को सामने रखकर जुनून के साथ किया जाए तो वह निश्चित ही सफल होते हैं यह चित्रकारी की कला भी हौसले व धैर्य का कार्य है।

**कीर्ति सुरेश अपनी तश्वीर देख हुई अचंभित–** दक्षिण भारतीय फिल्म में अदाकारा कीर्ति सुरेश ख्यातिप्राप्त है कीर्ति अपने अदाकारी का जलवा बिखेर कर अपनी एक अलग मुकाम हासिल की है। जिसमें उसे वर्ष 2019 में 66 वें राष्ट्रीय पुरुस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभीनेत्री चुना गया था। जिसे देखते हुए पखवाड़े भर पहले चित्रकार अर्जुन ने कीर्ति सुरेश की 3 तश्वीर को कागजो में उकेरा था और उस कला को इंटरनेट मीडिया इंस्टाग्राम में टैग कर पोस्ट किया था।

# गरियाबंद के तीन विकासखंडों में टीकाकरण का शुभारंभ

## डॉक्टर्स, हेल्थ वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर को लगा टीका

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले में शनिवार से कोविड वैक्सीनेशन का शुभारंभ हो गया। पहला टीका स्वास्थ्य विभाग के डाटा मैनेजर लंबोदर महतो को लगाया। इसके बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नेतराम नवरत्ने और अन्य चिकित्सको और स्वास्थ्य अमले को लगाया गया। वैक्सीनेशन की शुरूआत सुबह 10 कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ चंद्रकांत वर्मा तथा नगर पालिका के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन की उपस्थित मे की गई। अतिथियो द्वारा फीता काटकर वैक्सीनेशन कक्ष का उद्घाटन किया गया।

### कलेक्टर व नपा अध्यक्ष ने दी बधाई

इस अवसर पर कलेक्टर निलेक्ष क्षीर सागर ने स्वास्थ्य विभाग को बधाई देते हुए कहा कि प्रथम चरण में निर्धारित मापदंड के अनुरूप चिकित्सको, हेल्थ वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर को टीका लगाया जाए। उन्होने कहा कि कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति को देखते हुए टीकाकरण काफी महत्वपूर्ण है, कोई भी स्वास्थ्यकर्मी टीकाकरण से वंचित ना रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने प्रथम टीका लगाए जिला डाटा मैनेजर लंबोदर महतो तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरडे सहित समस्त स्वास्थ्यकर्मियो को वैक्सीनेशन को लेकर बधाई दी। उन्होने कहा कि कोरोना काल में स्वास्थ्य अमले ने अपने जान जोखिम में डाल लोगो की सेवा की है। आज भी ये



कोरोना संक्रमितो के स्वास्थ्य सुधार के लिए समर्पित होकर काम कर रहे है। प्रथम चरण में चिकित्सको, हेल्थ वर्कर को टीकाकरण किया जाना बहुत ही अच्छा निर्णय है।

### पहले दिन 300 लोगो का लगाया गया वैक्सीन

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नेतराम नवरडे ने बताया कि पहले दिन जिले के तीन स्थानो में एक साथ वैक्सीनेशन की शुरूआत की गई। जिला चिकित्सालय गरियाबंद, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फिंगेश्वर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजिम में कोविड प्रोटोकॉल के तहत दो गज दूरी, हाथ साबुन से धोना तथा मास्क पहनना का पालन करते हुए टीकाकरण किया गया। उन्होने बताया कि पहले चरण में जिले में 3940 डोज प्राप्त हुए है। जिसमें आज 143 लोगो को टीकाकरण किया गया। अब 18 जनवरी से जिले के सभी ब्लाको में दो दो स्थानो से वैक्सीनेशन किया जाएगा। टीकाकरण दिवस एवं अवकाश को छोड़कर अन्य दिन में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में टीकाकारण किया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियो के अलावा मितानिनो और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी लगाया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु, गर्भवती महिला, कोरोना पाजीटीव और बीमार व्यक्ति यों को टीका नहीं लगाया जाएगा।

### 18 जनवरी से जिले के 10 स्थानों में होगा टीकाकरण

इसके बाद अब 18 जनवरी से जिले के 7 और सत्रों में टीकाकरण किया जाना प्रस्तावित है। टीकाकरण हेतु जिले में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई। जिले में कुल 6473 लाभार्थी पंजीकृत है जिनमें 60 प्रतिशत लाभार्थियों का टीकाकरण किया जावेगा। कुल 13 कोल्ड चैन प्वाइंट व 26 सत्र स्थल चिन्हांकित किये गये हैं। प्रति सत्र स्थल में 05 सदस्यीय टीम व रिजर्व टीम बनाया गया है। जिसमें लगभग 230 प्रशिक्षित स्टॉफ की ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी प्रकार के सामान्य दुष्प्रभाव से बचाव हेतु सभी टीकाकरण सत्रों में एनाफाईलेक्टिक किट उपलब्ध कराई गई है तथा एईएफआई के लिए 22 संस्था जिसके अंतर्गत जिला चिकित्सालय, 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टीकाकरण सत्रों से लिंक किये गये हैं।

### प्रोटोकाल के तहत लगाया गया कोविशील्ड वैक्सीन

इसके पहले वैक्सीनेशन को लेकर स्वास्थ्य विभाग में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वैक्सीनेशन कक्ष को गुब्बारों से सजाया गया था। वैक्सीनेशन के लिए आए व्यक्ति यो की सुरक्षाकर्मियों द्वारा पहचान पत्र की जांच कर वेरीफाई किया गया, जिसके बाद प्रतीक्षा कक्ष में भेजा गया। यहां लीलाधर सिन्हा द्वारा रिकार्ड जांच कर वैक्सीनेशन के लिए आगे भेजा गया। वैक्सीन कक्ष में त्रिवेणी कुंजाम द्वारा सबसे पहले जिला डाटा मैनेजर लंबोदर महतो को कोविशील्ड कोरोना वैक्सीन लगाई गई। इसके बाद उन्हे 30 मिनट तक निगरानी कक्ष में रखा गया। फिर वैक्सीन लगने का टीकाकरण कार्ड दिया गया। कार्ड में कन्ट्रोल रूम का नंबर, ईमरजेंसी नंबर, 108 व अन्य प्रभारी अधिकारी का नंबर दिया गया है ताकि, वैक्सीन लगने पश्चात किसी भी प्रकार के प्रतिकूल घटना, होने पर संपर्क कर सकते है। इसी प्रकार अन्य हितग्राहियो को भी वैक्सीन लगाया गया। सीएमओ ने बताया कि किसी भी प्रकार के प्रतिकूल घटना होने पर जिला चिकित्सालय के सेसन सत्र में आवश्यक इंतजाम किया गया है।

### इनको लगा पहला दिन वैक्सीन

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन टीकारण की नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर ऋषा ठाकुर ने किया। पहले दिन जिला चिकित्सालय में कोविशील्ड वेक्सीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एन. आर. नवरडे, सिविल सर्जन, डॉ जी. एल टण्डन, सर्जन, डॉ हरिश चैहान, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी. बारा, मेडिकल ऑफिसर निशा नवर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी, जिला लेखा प्रबंधक प्रशांत अवधिया, टी. बी. कार्यक्रम कार्यरत स्टाफ अमृत राव भोंसले, भुपेश साहू, कार्यालयीन स्टाफ लोकेश कुमार वर्मा, सोमेश्वर सिंह ठाकुर, योगेश कुमार साहू, शंकर पटेल, डॉ. योगेन्द्र सिंह रघुवंशी, वेद प्रकाश साहू व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व अन्य मितानिन, आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा टीका लगाया गया।

## कोरिया जिले में कोविड-19 वैक्सीनेशन का हुआ शुभारंभ

**कोरिया।** जिले में कोविड वैक्सीनेशन का शुभारंभ शनिवार को किया गया। कोरोना से बचाव और रोकथाम के लिए शुरू किए गए इस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ स्वास्थ्यकर्मियों के टीकाकरण के साथ हुई। शनिवार को टीकाकरण का शुभारंभ जिले के 3 स्थानों में किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना, मनेन्द्रगढ़ एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमनहील शामिल है। पटना सेक्टर में आरएचओ दिनेश कुमार साहू को कोविशिल्ड का पहला टीका लगाया गया। दिनेश छिंदिया उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ है। इस अवसर पर संसदीय सचिव व बैकुंठपुर विधायक अम्बिका सिंहदेव, कलेक्टर सत्यनारायण राठौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा, डीपीएम रंजना पैकरा के साथ स्वास्थ्य अमला और जनप्रतिनिधि मौके उपस्थित रहे। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमनहिल चिरमिरी में आज कोविड-19 वैक्सीनेशन के प्रथम चरण का टीका वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जयंत यादव को लगाया गया। इस अवसर पर मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ विनय कुमार जयसवाल, नगर निगम चिरमिरी महापौर कंचन जायसवाल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इसी तरह मनेन्द्रगढ़ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सविप्रा उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो, सीएमएचओ डॉ रामेश्वर शर्मा, डीपीएम रंजना पैकरा की उपस्थिति में डॉ विकास पोद्दार ने टीका लगवाया। यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में पदस्थ बीईई सोमेन्द्र मंडल एवं एक्स-रे तकनीशियन जय कृष्ण जायसवाल को कोविशिल्ड का पहला टीका लगाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका मनेंद्रगढ़ अध्यक्ष प्रभा पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस एस सिंह व स्वास्थ्य अमला तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## कोरोना की जंग में भारत ने विश्व मंच पर धाक कायम की: साय

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने शनिवार से देशभर में एक साथ प्रारंभ हुए कोरोना वैक्सीन टीकाकरण अभियान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को बधाई देते हुए कहा है कि कोविड-19 के विरुद्ध जारी वैश्विक जंग में भारत ने अपनी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ 'आत्मनिर्भर भारत' की अपनी अवधारणा को साकार करके विश्व मंच पर अपनी धाक कायम करने में सफलता अर्जित की है। साय ने इस उपलब्धिपूर्ण क्षण से भारत का मस्तक गर्व से ऊँचा उठाने के लिए उन सभी वैज्ञानिकों को भी साधुवाद कहा है, जिनके अथक पुरुषार्थ से निर्मित वैक्सीन के टीके से देश ने कोरोना महामारी को मात देने का पराक्रम कर दिखाया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा कि कोरोना संक्रमण के फैलाव की खबरों पर शुरू से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जिस गंभीरता के साथ रणनीतिक तैयारियाँ की, उसका ही यह सुफल है कि आज न केवल अपने देशवासियों को कोरोना संक्रमण के दंश से मुक्ति का मार्ग मिला है, अपितु विश्व के अनेक देश भारत से यह टीका लेने की उत्सुकता दिखाकर भारत की इस उपलब्धि की प्रामाणिकता पर मुहर लगा रहे हैं। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' से ओतप्रोत सम्पूर्ण मानवता के कल्याण की भावना के भारतीय जीवन दर्शन का प्रतिबिम्ब है। साय ने इस उपलब्धि को विश्व मानवता के कल्याण की भावना और 'सर्वे सन्तु निरामया' के उदात्त मानवीय सिद्धांत पर आधारित बताते हुए सभी लोगों से इस अभियान में सहभागी होने और टीकाकरण का लाभ उठाने की अपील की। साय ने इस बात को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि इस वैश्विक संकट के काल में भी देश के विपक्षी दलों ने राजनीतिक दुराग्रह का परिचय देकर भारत सरकार की छवि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पर खराब करने की नाकाम कोशिश की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा कि तमाम राजनीतिक दुराग्रहों को दरकिनार रख प्रधानमंत्री मोदी ने इस संकट पर मात देने के लिए जिस तरह देश को एकजुट किया, ताली-थाली और शंख बजाकर कोरोना वॉरियर्स के हौसले को बढ़ाया और दीपक जलाकर देश को इस संकट से निकलने के मार्ग पर आगे बढ़ाया, वह कोरोना को मात देने के लिए राष्ट्रीय एकजुटता की भावना का अनुपम प्रकटीकरण था और विपक्ष ने केंद्र सरकार के इन सभी प्रयासों का उपहास किया। साय ने कहा कि कोरोना की आड़ में मंदिर निर्माण पर तंज कसने में लगा विपक्ष आज निरुत्तर है।

साय ने कहा कि मंदिर निर्माण के साथ-साथ देश की अर्थ-व्यवस्था को संजोए रखने और देश को आत्मनिर्भरता की राह पर ले जाकर अपने पुरुषार्थ पर देश का विश्वास दृढतर करने में तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार प्रामाणिक सिद्ध हुई ही, साथ-साथ इतने कम समय में देश में कम कीमत, लेकिन उच्च गुणवत्ता से युक्त दो टीके तैयार करके देश के वैज्ञानिकों ने भी देश का गौरव बढ़ाया है। साय ने छत्तीसगढ़ के सभी लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि प्रदेश इस वैश्विक महामारी को मात देने में अपना आदर्श प्रस्तुत करेगा।

## छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की आज न्यू सर्किट हाउस रायपुर में की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संघ के प्रमुख पदाधिकारीगण एवं सभी जिलों से सदस्य शामिल हुए। बैठक में राज्य सेवा से सेवानिवृत्त हुए बी.एल. गजपाल सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर, प्रमोद कुमार शांडिल्य सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर, ओंकार यदु, के. आर. भगत एवं के.के. बेहार को उनके वरिष्ठ एवं दीर्घसेवावधि हेतु सम्मानित करते हुए विदाई दी गयी। बैठक में संघ की कार्यसमिति का



पुनर्गठन किया गया। इसमें संदीप अग्रवाल संयुक्त कलेक्टर रायपुर को छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक संघ का महासचिव मनोनीत किया गया एवं राज्य सेवा द्वारा आबंटित बैच अनुसार बैच कोआर्डिनेटर बनाया गया। बैठक में राज्य सेवा परीक्षा से नये चयनित हुए 2019-2020 बैच के डिप्टी कलेक्टरों को संघ में स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा गृह निर्माण समिति के आमसभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें समिति के वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन तथा आने वाले वर्षों की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में कोरिया जिले के सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर एडमंड लकड़ा की गिरफ्तारी के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

## पीआईबी और आरओबी में स्वच्छता पखवाड़ा

**रायपुर।** पत्र सूचना कार्यालय एवं रीजनल आउटरीच ब्यूरो, रायपुर द्वारा 16 से 31 जनवरी, 2021 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 15 जनवरी, 2021 को अपर महानिदेशक अभिषेक दयाल ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अभिषेक दयाल ने कहा कि स्वच्छता ही था जिसने कोरोना जैसी महामारी से बचाव में मदद की । उन्होंने सभी लोगों से स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403